लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 114, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 33.0° अधिकतम तापमान 24.0° न्यूनतम तापमान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 05 : 12 सूर्यास्त 07 :13

हल्द्वानी, रविवार, 15 जून 2025

ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित...16

नीट यूजी 2025 रिजल्ट जारी

राजस्थान के महेश टॉपर, मप्र के उत्कर्ष को दूसरी रैंक

लड़कियों में दिल्ली की अविका अव्वल, 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख उत्तीर्ण, यूपी के 1.70 लाख अभ्यर्थी हुए सफल

नई दिल्ली, एजेंसी

राजस्थान के महेश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट-यूजी) में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा स्थान हासिल किया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल कुल 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। हालांकि यह संख्या पिछले वर्ष के 13.15 लाख उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से कम है। पिछले वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या भी 23.33 लाख से अधिक थी। इस वर्ष उत्तीर्ण उम्मीदवारों में 7.2 लाख से अधिक छात्राएं हैं, जबकि 5.14 लाख से अधिक छात्र हैं। इनमें से 529 अभ्यर्थी विदेशी नागरिक, 405 एनआरआई (गैर निवासी भारतीय) और 606 ओसीआई (प्रवासी भारतीय नागरिक) कार्ड धारक हैं। महाराष्ट्र के कृषांग जोशी और दिल्ली के मृणाल किशोर झा क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। लड़कियों में दिल्ली की अविका अग्रवाल शीर्ष पर रहीं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया।

अधिकतम उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश (1.70 लाख से अधिक) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र (1.25 लाख से अधिक) और राजस्थान (1.19 लाख से अधिक) का स्थान है। कुल 73 अभ्यर्थियों ने 720 में से 651 से 686 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 1,259 अभ्यर्थियों ने 601 से 650 के बीच अंक प्राप्त किए हैं। नीट-स्नातक में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के संदर्भ में देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। एनटीए हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करती है। एमबीएसएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीटें उपलब्ध हैं जिनमें सरकारी अस्पतालों में लगभग 56,000 और निजी कॉलेजों में लगभग 52,000 सीटें हैं।

महेश कुमार

उत्कर्ष अवधिया

प्रदेश में पांचवें स्थान पर बरेली के यशस्वी

बरेली। नीट में बरेली के यशस्वी कुमार ने पांचवां स्थान हासिल किया है। यशस्वी ने 650 अंक हासिल किए हैं और उनकी आल इंडिया रैंक 75 है। सीबीगंज निवासी यशस्वी दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र हैं और उनके पिता डॉ. राजेश कुमार राजश्री मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उनकी सफलता पर उनके परिजनों और स्कूल वालों ने बधाई दी।

यशस्वी कुमार

राम की पैड़ी की तर्ज पर मथुरा वृंदावन में बनेगी श्रीकृष्ण पैड़ी

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- 100 करोड़ रुपये की लागत से पैड़ी का होगा निर्माण

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में वृन्दावन में प्रस्तावित बांकेबिहारी कॉरिडोर के सामने अयोध्या की राम की पैड़ी की तर्ज पर एक सौ करोड़ रुपये की लागत से कृष्ण की पैड़ी का निर्माण कराया जाएगा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग को इसके लिए धनराशि तय कर उसी के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या में राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है, जो धार्मिक महत्व के लिए जानी जाती है।

सिंह ने बताया कि परिक्रमा क्षेत्र में डेढ़ किमी लम्बे यमुना घाटों का पुनरुद्वार किया जाएगा, जिससे वृन्दावन में यमुना के घाटों का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा।

आतंकी साजिश : एनआईए ने मप्र-राजस्थान में छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

- हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ एनआईए का एक्शन, छापेमारी में कुछ डिजिटल उपकरण जब्त

एनआईए ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) की आतंकी साजिश की जांच के लिए शनिवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत भोपाल में तीन और राजस्थान के झालावाड़ में दो स्थान पर छापे मारे। यह छापेमारी एनआईए द्वारा दर्ज किए गए एक मामले के तहत की गई है।

बता दें कि एनआईए ने भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी समूह और संगठनों को खत्म करने के अपने प्रयासों के तहत मामला दर्ज किया था, जो संवेदनशील मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने की एचयूटी की साजिश से संबंधित है। एनआईए ने कहा कि युवाओं को भारत की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने और शरिया कानून द्वारा शासित एक इस्लामिक सरकार स्थापित करने के मकसद से हिंसा फैलाने के प्रेरित किया जा रहा था।

मोबाइल लेकर भागा बंदर, पीछा किया तो युवक की गिरकर मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पीछा करने पर बंदर ने दी थी घुड़की बदांयू के गांव धरैहरा का मामला

अमृत विचार : शहर से लेकर गांवों तक बंदरों का आतंक है। बंदरों की वजह से एक और युवक की मौत हो गई। बंदर युवक का मोबाइल छीनकर भागने लगा तो युवक ने पीछा किया। इस बीच बंदर ने घुड़की दी। युवक डर के कारण पीछे हुआ और छत से गिरकर उसकी मौत हो गई।

मामला उघैती थाना क्षेत्र के गांव धरैहरा का है। गांव निवासी छोटे लाल (30) पुत्र विजय सिंह गर्मी ज्यादा होने की वजह से शुक्रवार रात घर की छत पर सोए थे। चारपाई पर पास में उनका मोबाइल फोन रखा था। परिजनों के अनुसार, सुबह तकरीबन साढ़े 5 बजे बंदरों का झुंड आया और उनका मोबाइल फोन उठाकर ले गया। खटपट की आवाज से छोटे लाल की नींद खुल गई। वह अपना मोबाइल फोन लेने के लिए छत पर बंदर के पीछे भागे। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने उन्हें घेर लिया और घुड़की दी। छोटे लाल डरकर खुद को बचाने को पीछे हुए और छत से नीचे जा गिरे। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर पहुंचे। घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह छोटे लाल ने दम तोड़ दिया।

कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर मिलेगा 1 लाख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- यह सुविधा सिर्फ यूपी के लोगों को, योगी सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल ने दी मंजूरी

अमृत विचार: श्री कैलाश मानसरोवर की तीर्थ यात्रा पर जाने वालों को योगी सरकार एक लाख रुपये आर्थिक सहायता देगी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद धर्मार्थ कार्य विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार यात्रा पूर्ण करने के 90 दिन के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यह सुविधा केवल यूपी के मूल निवासियों के लिए है। विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार भारत सरकार की ओर से आयोजित की जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा में शामिल होने वालों के अलावा जो अपने व्यक्तिगत श्रोतों से और प्राइवेट ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से भी यात्रा पूरा करेंगे वे सभी एक लाख रुपये अनुदान के पात्र होंगे। शर्त यह होगी कि यात्रा पूरा करके लौटने के बाद 90 दिन के भीतर वेबसाइट www.updharmarthkarya.in पर हर हाल में आवेदन करना होगा। आवेदन में अपनी फोटो, आधार कार्ड, पैनकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट व वीजा, बैंक खाते का विवरण, यात्रा पूर्ण करने का प्रमाण पत्र समेत अन्य अभिलेख अपलोड करना होगा। कोई भी आवेदन भौतिक रूप से स्वीकार नहीं होंगे। आवेदन पत्र का परीक्षण धर्मार्थ कार्य निदेशालय लखनऊ करेगा। सब सही पाए जाने पर अनुदान राशि सीधे बैंक खाते भेज दी जाएगी। जीवन काल में एकबार ही अनुदान मिलेगा। किसी की मृत्यु होने की दशा में पत्नी-पति या आश्रित के आवेदन की जांच-पड़ताल के बाद अनुदान की प्रतिपूर्ति दी जाएगी।

यात्रा भवन के लिए 73.58 लाख दिए

गाजियाबाद के इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन के संचालन और उपकरणों को क्रियाशील करने के लिए कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम को 73 लाख 58 हजार 205 रुपये का बजट दिया गया है। आधी धनराशि पहले ही दी गई थी, शेष 36 लाख 79 हजार 102 रुपये की धनराशि शासन ने मंजूर की है।



कैंची धाम के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रस्तुति : राकेश सनवाल, अमृत विचार भीमताल


!! जय बाबा नीम करौरी महाराज !!
बाबा बड़े दयालु हैं
स्थापना दिवस
के पावन पर्व पर
कैंची धाम
पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
अखिलेश सेमवाल
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड
Hotel Casa Mount Kainchi Dham

!! जय बाबा नीम करौरी महाराज !!
स्थापना दिवस
के पावन पर्व पर
कैंची धाम
पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं का
हार्दिक स्वागत एवं
अभिनन्दन
राकेश बृजवासी
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता भीमताल

!! जय बाबा नीम करौरी महाराज !!
बाबा बड़े दयालु हैं
स्थापना दिवस
के पावन पर्व पर
कैंची धाम
पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं का
हार्दिक स्वागत एवं
अभिनन्दन
नितेश बिष्ट
सामाजिक कार्यकर्ता, भीमताल



!! जय बाबा नीम करौरी महाराज !!
स्थापना दिवस
के पावन पर्व पर
कैंची धाम
पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं का
हार्दिक स्वागत एवं
अभिनन्दन
कार्तिक कर्नाटक
भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता भीमताल

15 जून नीम करौली धाम स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
MIND POWER UNIVERSITY
Established by the Government of Uttarakhand as per Section 2(f) of UGC act 1958
DEPARTMENTS IN MIND POWER UNIVERSITY
• Department of Agriculture
• Department of Earth Sciences
• Department of Applied Sciences
• Department of Hospitality Management
• Department of Engineering & Technology
• Department of Yogic Science & Naturopathy
• Department of Social Sciences & Humanities
• Department of Computer Science & Applications
• Department of Commerce & Management Studies
• Department of Skill Development and Vocational Studies
• PhD Program Available in Various Disciplines
Exclusive Scholarship Offer Based on 12th %
60 to 70% 25%
70 to 80% 30%
80 to 85% 40%
85 to 90% 45%
90 to 95% 60%
95 to above 70%
Mind Power University Students Secure Internships From Their 2nd Semester Onwards!
Internship With Stipend
MEND SOLUTIONS FLORIDA, USA
UnivDatos
PROGRAMS in Mind Power University-
B.Tech | BCA | BBA | BHM | POLYTECHNIC |
MBA | MCA | M.TECH | D. PHARMA | B. PHARMA
Founder & Chancellor
Dr. Yogesh Kumar
Mind Power University
Contact Us:- 9258119490, 84395 12284, 9212263645 | www.mindpoweruniversity.ac.in | info@mindpoweruniversity.ac.in

!! जय बाबा नीब करौरी !!
स्थापना दिवस के पावन
अवसर पर
कैंची धाम
आने वाले
श्रद्धालुओं का
हार्दिक स्वागत
एवं
अभिनन्दन
सीमा टम्टा
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, भीमताल
शिप्रा जोशी सभासद
विमला आर्या सभासद
रामपाल सिंह गंगोला सभासद
हेमा दुम्का सभासद
प्रकाश चन्द्र चन्दोला सभासद
दीपक आर्या सभासद
उमेश चन्द्र पाठक सभासद
शुभम नैनवाल सभासद
निरंजन सिंह सभासद

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 114, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 33.0° अधिकतम तापमान 24.0° न्यूनतम तापमान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 05 : 12 सूर्यास्त 07 :13

हल्द्वानी, रविवार, 15 जून 2025

ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप...16

आईएमए में शनिवार को भव्य पासिंग आउट परेड में जेंटलमैन कैडेट्स।

देश को मिले 419 जांबाज अफसर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आईएमए देहरादून में भव्य पासिंग आउट परेड संपन्न, नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए

अमृत विचार: भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश की सेना के अंग बन गए। साथ ही नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी।

सुबह 6:38 बजे मार्कर्स कॉल के साथ परेड का शुभारंभ हुआ। इसके बाद कंपनी सार्जेंट मेजरों ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह संभाली। 6:42 बजे एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी ने हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस बार की पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसंबर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 4 नक्सली मारे गए

बालाघाट (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश के बालाघाट में पुलिस के साथ मुठभेड़, ग्रेनेड लॉन्चर समेत अन्य हथियार बरामद

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शनिवार को बालाघाट जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली मारे गएघटनास्थल से ग्रेनेड लांचर, एक एसएलआर, दो .315 बोर राइफल, अन्य हथियार और सामग्री भी बरामद की गयी है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राज्य ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। एक पुरुष एवं तीन महिला सशस्त्र नक्सलियों को पचामादादर एवं कटेझिरिया के जंगल में हॉकफोर्स, जिला बल एवं सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में मार गिराया गया है। उन्होंने नक्सलियों के सफाये के लिए पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि तलाशी अभियान अब भी जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान लगे हुए हैं।

एक नजर

सुहास शेट्टी हत्याकांड की जांच एनआईए के हवाले

मंगलुरु। एनआईए की एक टीम हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने के लिए शनिवार को यहां पहुंची। शेट्टी की एक मई को दक्षिणी कन्नड जिले के मंगलुरु शहर के बाजपे इलाके में हत्या कर दी गई थी। एनआईए के पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया है। मंगलुरु पुलिस ने एनआईए टीम के आगमन की पुष्टि की और कहा कि प्रारंभिक जानकारी नगर अपराध शाखा (सीसीबी) के अधिकारियों के साथ साझा की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाल ही में यह मामला एनआईए को सौंपा था।

प्रधानमंत्री 20 को तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को ओडिशा में भाजपा की पहली सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने से पहले तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे और एक रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की सरकार ने यद्यपि 12 जून को अपना एक वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन प्रशासन एक सप्ताह तक जश्न मना रहा है, जिसका समापन 20 जून को प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ होगा। मोदी पिछले साल ओडिशा में माझी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे।

विमान हादसे की जांच को उच्चस्तरीय समिति गठित, 11 शव के डीएनए मैच

मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच की

- ब्रिटेन ने अहमदाबाद में सहायता केंद्र किया स्थापित

अहमदाबाद/नई दिल्ली, एजेंसी

अहमदाबाद में लंदन जा रही एअर इंडिया की विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 280 हो गई। इसी बीच, केंद्र सरकार ने हादसे के कारणों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बहु-विषयक समिति गठित की है। जांचकर्ता बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर (एआई171) के गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच कर रहे हैं। वहीं अब तक 11 शव के डीएनए का उनके परिजन के डीएनए से मिलान हो गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा के स्वामित्व वाली विमान कंपनी के बोइंग 787 श्रृंखला के विमानों की विस्तारित निगरानी के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की एक बार की सुरक्षा जांच की है और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशानुसार शेष 24 ऐसे विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में अग्रसर है। एअर इंडिया के बेड़े में अब 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। एक बार की सुरक्षा जांच से तात्पर्य किसी विशेष कार्यक्रम या गतिविधि से पहले किसी चीज के सुरक्षित होने और संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किए गए विशिष्ट निरीक्षण या मूल्यांकन से है। नायडू ने कहा कि देश में विमानन सुरक्षा के बहुत सख्त मानक और मजबूत प्रोटोकॉल हैं तथा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली केंद्रीय समिति भविष्य में अहमदाबाद दुर्घटना जैसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी सुझाएगी। इसकी पहली बैठक सोमवार को होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगी। वहीं, एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए अब तक 11 लोगों के शव के डीएनए का मिलान उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए से हो चुका है। मेडिकल कॉलेज के एक वरिष्ठ सरकारी चिकित्सक ने बताया कि कई शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं या क्षतिग्रस्त हो चुके हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है इसलिए डीएनए जांच कर रहे हैं। आठ शवों की पहचान उनके रिश्तेदारों ने कर ली थी और जिनके डीएनए की जांच की जरूरत नहीं है, वे पहले ही उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

अहमदाबाद में विमान के मलवे की जांच करती टीम। ● एजेंसी

एअर इंडिया, एआई एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का नहीं करेंगी इस्तेमाल

नई दिल्ली। घातक दुर्घटना के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का इस्तेमाल नहीं करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे। उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 171 का संचालन कर रहा था। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह एक आम चलन है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग करना बंद कर देती हैं।

तेल अवीव पर मिसाइलों की बौछार, 3 की मौत, 60 घायल

दुबई, एजेंसी

- परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की

ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल पर जवाबी हमले करते हुए मिसाइल और ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके सशस्त्र बलों पर इजराइल के कई हमलों के बाद हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने प्रमुख प्रतिष्ठानों पर हमला करने तथा शीर्ष जनरलों और वैज्ञानिकों को मारने के लिए लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। संयुक्त राष्ट्र के लिए ईरान के राजदूत ने कहा कि हमलों में 80 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी, जिसके विस्फोटों से यरुशलम और तेल अवीव के ऊपर रात के आसमान में रोशनी हो गई। इजराइली सेना ने नागरिकों से सुरक्षित स्थानों में रहने का आग्रह किया है। इजराइल और ईरान दोनों ने कहा कि उनके हमले जारी रहेंगे, जिससे पश्चिम एशिया में लंबे समय तक एक और संघर्ष के जारी रहने की आशंका बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका उद्देश्य इजराइल के लिए किसी भी ईरानी खतरे को खत्म करना है, साथ ही उन्होंने ईरान के नागरिकों से अपने नेताओं के खिलाफ उठ खड़े होने का भी आग्रह किया। इजराइल के हमलों से अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर आगे की बातचीत भी संदेह के घेरे में आ गई है। दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में वार्ता होनी थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ आगामी परमाणु वार्ता निरर्थक है।

इजराइल के तेल अवीव में धमाके से लगी आग।

इजराइल ने कहा- ईरान ने अब मिसाइल दागी तो तेहरान हो जाएगा तबाह

दुबई। इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी कि अगर उसने मिसाइलें दागना जारी रखा तो तेहरान तबाह हो जाएगा। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब शुक्रवार सुबह ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजराइल के हमले के बाद ईरान ने शनिवार रात इजराइल पर जवाबी हमले शुरू किये। ईरान ने रात से अब तक कई बार किए गए हमले में इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

भूस्खलन पर 15 मिनट में पहुंचे जेसीबी

- आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक में सीएम धामी ने दिए सख्त निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून के दौरान भूस्खलन जैसी आपात स्थिति में घटनास्थल पर 15 मिनट में अनिवार्य रूप से जेसीबी पहुंचाने के सख्त निर्देश लोक निर्माण विभाग सहित सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं।

शनिवार को राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र में सभी जिलाधिकारियों के साथ मानसून सीजन एवं आपदा प्रबन्धन की तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य का भूस्खलन नक्शा तत्परता से तैयार कराने, बरसात से पहले राज्य के सभी पुलों का सुरक्षा ऑडिट कराते हुए सम्बन्धित सचिव को विशेष रूप से हल्द्वानी से कैंचीधाम, अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ रूट के पैचवर्क एवं राज्य के सभी पुलों की समीक्षा हेतु तत्काल निरीक्षण दौरा करने के निर्देश दिए। मानसून सीजन एवं मेडिकल आपातकाल के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने पुरानी एम्बुलेंस को तत्परता से बदलने को कहा। पिथौरागढ़ में एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करने के साथ ही हेलीपैड एवं एयरपोर्ट निर्माण सम्बन्धित कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए।

सीएम ने शिक्षा विभाग एवं जिलाधिकारियों को मानसून में जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों को चिन्हित कर इनमें विद्यार्थियों का पठन-पाठन बन्द कराते हुए तत्काल प्रभाव से शेल्टर की व्यवस्था करने के साथ ही अगले तीन दिनों में स्कूल, अस्पतालों, आश्रमों जैसे संवेदनशील स्थलों का सेफ्टी वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए।

हेलीपैड का करें सेफ्टी ऑडिट

मुख्यमंत्री ने आपदा के लिहाज से संवेदनशील सभी स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टुकड़ियां तैनात करने के निर्देश दिए। हेलीकॉप्टर सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने सभी हेलीपैडों पर सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने तथा हेलीपैडों का सेफ्टी ऑडिट करने को कहा।

एक्सिओम मिशन अब 19 को होगा प्रक्षेपित

नई दिल्ली। स्पेसएक्स द्वारा अपने फाल्कन-9 रॉकेट में तरल ऑक्सीजन रिसाव को सफलतापूर्वक ठीक कर लिए जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य के अब 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने की उम्मीद है। इसरो ने यह जानकारी दी। मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन पहले स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन के रिसाव के कारण और फिर आईएसएस के रूसी खंड में रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। एक्सिओम स्पेस ने अब एक्स-04 मिशन के प्रक्षेपण के लिए 19 जून, 2025 का लक्ष्य तय किया है।

दक्षिण अफ्रीका बना डब्ल्यूटीसी का नया चैंपियन

लंदन। दक्षिण अफ्रीका ने लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी का खिताब अपने नाम। साथ ही आईसीसी खिताब जीतने का 27 साल का सूखा समाप्त कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को फाइनल के चौथे दिन जीत के लिए सिर्फ 69 रन की जरूरत थी। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी। टीम ने पांच विकेट पर 282 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। यह लॉर्ड्स के 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है।

देश की रक्षा में वीरभूमि उत्तराखंड के योगदान पर गर्व : धामी

मुख्यमंत्री ने किया आईटीबीपी के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान को फ्लैग ऑफ

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि वीरभूमि उत्तराखंड से बड़ी संख्या में सेना और अर्धसैनिक बलों में सेवा करने वाले वीर जवान देश की रक्षा में योगदान दे रहे हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) वर्ष 1962 से लगातार देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ आपदाओं के समय भी राहत व बचाव कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को सीएम कैम्प कार्यालय से आईटीबीपी के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को फ्लैग ऑफ करते हुए कहा कि, यह अभियान न केवल साहस और संकल्प का प्रतीक है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। आईटीबीपी का 45 सदस्यीय दल इस अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड से हिमाचल प्रदेश होते हुए लद्दाख तक लगभग 1032 किलोमीटर की कठिन यात्रा करेगा। यह अभियान न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी सुनिश्चित करेगा, बल्कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान तथा स्थानीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। विमान दुर्घटना में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

आईटीबीपी के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान को फ्लैग ऑफ करते सीएम धामी।

अभियान एक नजर में

- 1032 किमी की दूरी तय करेगा आईटीबीपी का दल
- 27 घाटियों और 27 दर्रों को पार करेगा
- 84 वाइब्रेंट विलेज आएंगे इस ट्रैकिंग रूट में
- 3.5 लाख फलदार पौधे भी वितरित करेगा दल लोगों को

हमारी प्रतिबद्धता अटल है

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने एक बार फिर साबित किया कि देश की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटल है। राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया गया है, वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों को दी जाने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है और बलिदानियों के आश्रितों को सरकारी नौकरी में समायोजन की अवधि को दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है। वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों को सरकारी बसों में नि:शुल्क यात्रा, संपत्ति की खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट और बेटियों के विवाह हेतु विशेष अनुदान जैसी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं।

धोखाधड़ी में सुपरटेक व प्रवर्तक पर मुकदमा दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने पांच स्थानों पर चलाया तलाशी अभियान 28.5 लाख बरामद

सीबीआई ने आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में नोएडा स्थित निर्माण कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और उसके प्रवर्तक आर के अरोड़ा सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एफआईआर में अरोड़ा के साथ-साथ नोएडा स्थित कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों संगीता अरोड़ा, मोहित अरोड़ा, पारुल अरोड़ा, विकास कंसल, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार शर्मा और अनिल कुमार जैन का भी नाम है। शनिवार को सीबीआई ने मामले के सिलसिले में आरोपियों से जुड़े पांच स्थानों पर समन्वित तलाशी अभियान चलाया, जिसमें नोएडा और गाजियाबाद में आधिकारिक और आवासीय परिसर शामिल हैं। सीबीआई ने कहा कि छापेमारी के दौरान एजेंसी के अधिकारियों ने 28.5 लाख रुपये की नकदी जब्त की। यह मामला आईडीबीआई बैंक की शिकायत के बाद शुरू किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी से स्वीकृत ऋण राशि का दुरुपयोग करने की साजिश रची थी।

श्री कैंची धाम एवं
अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के
स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रवीन कुमार
भाजपा व सामाजिक कार्यकर्ता
विदरामपुर चकलुवा, कालाढूंगी

श्री कैंची धाम
एवं
अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण
के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
प्रस्तुति : गोपाल बिष्ट, अमृत विचार कालाढूंगी

श्री कैंची धाम
एवं
अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के
स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
कुलदीप तड़ियाल
उपाध्यक्ष
राजीव गांधी पंचायती राज संगठन (उत्तराखंड)
पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख (कोटाबाग)

श्री कैंची धाम एवं
अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण
के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पूरन सिंह मेहरा
अभिभावक संघ अध्यक्ष
सरस्वती शिशु मंदिर चकलुवा

श्री कैंची धाम एवं
अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण
के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मयंक गुप्ता
अध्यक्ष, संघर्ष वेलफेयर
सोसायटी, कालाढूंगी

श्री कैंची धाम एवं
अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के
स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कुंदन बसेड़ा
सामाजिक कार्यकर्ता व
उपाध्यक्ष भाजपा कालाढूंगी

श्री कैंची धाम एवं
अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के
स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मुकेश नेगी
प्रोपराइटर
CLOUDSTONE BUILDWELL
Development | Construction | Collaboration | Sale | Purchase
Shop No. 2, 3 Kaladhungi Road, Rampur, Chakalua,
Opp. White Brick Factory, Haldwani
Call : 9634327567, 9643077047

अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण
के
स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
अरविन्द कुमार
(एडवोकेट)
सामाजिक कार्यकर्ता,
गुलजारपुरबंकी कालाढूंगी

श्री कैंची धाम एवं अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रवेश नेगी
नेगी सप्लायर
बिल्डिंग मैटेरियल,
रेता, ईंट, बजरी
पूरनपुर, चकलुवा,
कालाढूंगी
मो. 7500411171,
7505110119


श्री कैंची धाम एवं अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजेश
गोयल
अध्यक्ष
प्रान्तीय उद्योग
व्यापार मण्डल
कालाढूंगी

श्री कैंची धाम एवं अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मयंक
मेहरा
पूर्व अध्यक्ष
व्यापार मण्डल एवं
भाजपा नेता

श्री कैंची धाम एवं अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विरेन्द्र
सिंह
रौतेला
प्रबन्धक
मदर्स होम
स्कूल

श्री कैंची धाम एवं अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुकेश
वर्मा
निवर्तमान
व्यापार मंडल
अध्यक्ष
कोटाबाग

श्री कैंची धाम एवं अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भुवन कुमार
भाजपा अनुसूचित मोर्चा
मण्डल अध्यक्ष, कालाढूंगी
आरती टम्टा
निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य
18-गुलजारपुरबंकी, नैनीताल


श्री कैंची धाम एवं अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भगवान
सिंह
रौतेला
जिला अध्यक्ष,
भारतीय किसान
यूनियन

श्री कैंची धाम एवं अमृत विचार
हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विरेंद्र
कुमार
निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य
रामपुर-विदरामपुर चकलुवा
जिला महामंत्री
अनुसूचित मोर्चा नैनीताल

आज का मौसम

चटख धूप के साथ बारिश की भी संभावना

33.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 19.13

एक नजर

बाबा के दर्शन को उमड़े भक्त नैनीताल तिराहे पर जाम

कालाढूंगी : 15 जून कैंची धाम स्थापना दिवस में बाबा नीम करौली के दर्शन करने आ रहे भक्तों की भीड़ से नैनीताल तिराहे पर जाम लगा रहा। जाम की स्थिति संभालने में दिन भर पुलिसकर्मीयों के पसीने छूट गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कालाढूंगी पुलिस ने बाइक सवारों को रोक व ऑनलाइन बुकिंग कारों को नैनीताल भेजा वहीं कैंची धाम आ रहे भक्तों व पर्यटकों को हल्द्वानी को भेजा गया। वाहनों के जाम से दिन भर राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

ट्रैफिक प्लान सुबह लागू करने से व्यापारी नाराज

नैनीताल : शनिवार को कैंची धाम में अन्य दिनों के मुकाबले काफी कम भीड़ रही। कैंची व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि पुलिस की सख्ती के चलते अन्य दिनों की अपेक्षा भीड़ कम रही। सुबह बच्चे स्कूल जाने को परेशान रहे। भवाली से वाहनों को नहीं आने दिया गया। शाम को ट्रैफिक प्लान लागू करना था, पर सुबह ही लागू कर दिया गया।

कुमाऊं कमिश्नर, आईजी व एसएसपी ने जांची कैंची की व्यवस्थाएं

पार्किंग व्यवस्था व बैरिकेडिंग स्थल का जायजा लिया, श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के दिए निर्देश

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल और एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा ने कैंची धाम में लगने वाले मेले की तैयारियों को लेकर शनिवार को कैंची धाम क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने शटल सेवा, पार्किंग व्यवस्था व बैरिकेडिंग स्थल समेत श्रद्धालुओं के लिए बनाई गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि श्रद्धालुओं के लिए शटल सेवा संचालित की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी कर रहे हैं।

अपील की गई है कि किसी भी तरह का निजी वाहन लेकर कैंची धाम न आएं। निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़ा कर शटल सेवा से ही कैंची धाम पहुंचे। एसएसपी ने कहा कि सीसीटीवी के जरिए पूरे क्षेत्र की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी प्रमुख स्थलों पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से कड़ी निगरानी रखी जा रही है। नैनीताल जिले समेत अन्य जिलों से आए पुलिस अधिकारी व जवान पूरी तत्परता से तैनात हैं।

15 जून को हर वर्ष कैंची धाम में लगता है विशाल मेला, देश-विदेश से पहुंचते हैं श्रद्धालु

45 किलोमीटर की दूरी है हल्द्वानी से विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम मंदिर की, शटल सेवा की व्यवस्था की है प्रशासन ने

कैंची धाम में व्यवस्था जांचने निकले कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, आईजी कुमाऊं रिधिम अग्रवाल व एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा।

कैंची धाम : अपनों से बिछड़ जाएं तो घबराएं नहीं, कॉल करें

हल्द्वानी, अमृत विचार : अबकी बार कैंची में रिकार्ड भीड़ उमड़ने का अनुमान है। हर रोज हजारों की संख्या में कैंची धाम पहुंच रहे हैं। ऐसे में स्थापना दिवस पर गुजरे सारे वर्षों का रिकार्ड ध्वस्त हो सकता है। इसको देखते हुए पुलिस ने भक्तों के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी किए हैं। साथ ही अपील की है कि अगर मेले में कोई अपना बिछड़ जाए या फिर कीमती सामान गुम हो जाए तो परेशान न हो, बल्कि हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करें। बता दें कि भक्तों की सहूलियत के लिए पुलिस ने कैंची धाम में व्यापक इंतजाम किए हैं और अब भक्तों के लिए हेल्प लाइन नंबर 9412087770 व 9411112979 जारी किए हैं। इसके अलावा डायल 112 पर भी मदद के लिए फोन किया जा सकता है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने कैंची धाम स्थापना दिवस मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की है कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतें। मेले में कीमती सामान साथ न लाएं और गहने पहन कर न आएं। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। भीड़ में छोटे बच्चों व बुजुर्गों को अकेला न छोड़ें। उनके पास पहचान संबंधी जानकारी (नाम, मोबाइल नंबर आदि) एक पर्ची अवश्य रखें। बैग, पर्स, मोबाइल जैसे सामान की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं उठाएं। संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

कैंची धाम में लगेगा आज आस्था का मेला

हल्द्वानी : उत्तराखंड के प्रसिद्ध नीम करोली बाबा के कैंची धाम में आज मेले का आयोजन होगा। यह मेला कैंची धाम की स्थापना के अवसर पर मनाया जाता है। नैनीताल जिले के भवाली क्षेत्र में स्थित इस धाम में हर साल 14 जून को भव्य मेले का आयोजन होता है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने पहुंचते हैं। श्रद्धालु बाबा के दरबार में मत्था टेकने के साथ-साथ प्रसाद ग्रहण करते हैं। विशेष रूप से मालपुए का प्रसाद श्रद्धालुओं में आकर्षण का केंद्र होता है, क्योंकि मान्यता है कि नीम करोली बाबा को मालपुए अत्यंत प्रिय थे। इसी कारण हर वर्ष मेले के दिन श्रद्धालुओं को मालपुए का प्रसाद वितरित किया जाता है। धाम में सुबह और शाम को विशेष आरती का आयोजन होता है और बाबा को कंबल चढ़ाया जाता है, जिसे श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। नीम करोली बाबा की महिमा भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों तक फैली हुई है। एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स, फेसबुक के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग, विराट कोहली, और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय हस्तियां भी इस पवित्र धाम में आकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर चुकी हैं। यह विश्वास किया जाता है कि बाबा के दर से कोई भी श्रद्धालु खाली हाथ नहीं लौटता। आज का दिन आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहेगा।

कैंची धाम स्थापना दिवस पर बाबा के मनपसंद मालपुए बनाते भक्त। ● अमृत विचार

भक्तजनों के लिए बनने लगा मालपुए का प्रसाद

कालाढूंगी, अमृत विचार : कैंची धाम स्थापना दिवस को भव्य बनाने को लेकर भक्तजन तैयारी में जुटे हैं। नगर वार्ड नं-1 व हनुमान मंदिर में बाबा नीब करौली के मनपंसद मालपुए बनने शुरू हो गए हैं। शनिवार को दोनों जगहों पर कारीगरों ने मालपुए बनाने का काम शुरू कर दिया। नीम करौली बाबा के भक्त चंद्रशेखर कांडपाल, हरीश मेहरा, ललित कांडपाल, मनमोहन रावत, सोनू सती, मनोज रावत, गिरीश पांडे ने बताया कि हर वर्ष की तरह भक्तों के लिए मालपुए प्रसाद के साथ भंडारे की व्यवस्था की जा रही है।

हल्द्वानी में कैंची और नैनीताल के लिए बसें ज्यादा यात्री पड़े कम। ● अमृत विचार

146 बसों से पांच हजार से अधिक श्रद्धालु कैंचीधाम भेजे गए

हल्द्वानी : जिला प्रशासन ने श्री कैंचीधाम मेले के लिए शनिवार से ही शटल सेवा शुरू कर दी गई है। पहले दिन 146 बसें कैंचीधाम के लिए रवाना की गईं। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि कैंची धाम का स्थापना दिवस आज है। प्रशासन ने कैंचीधाम में ट्रैफिक नियंत्रण के मकसद से इस बार श्रद्धालुओं को शटल सेवा से भेजने का फैसला लिया है। इसके तहत 14-15 जून को शटल सेवा चलाई जाएगी। यह शटल सेवा काठगोदाम रेलवे स्टेशन, हल्द्वानी रोडवेज व केमू बस अड्डे से संचालित होगी। शटल सेवा में 100 से अधिक बसें लगाई गई हैं। शटल सेवा सुबह 4:30 बजे से शुरू हो जाएगी। इधर, शनिवार को पहले दिन केमू अड्डे से 51, रोडवेज से 31 और काठगोदाम से 64 बसें भवाली के लिए रवाना की गईं जिनसे साढ़े पांच हजार से अधिक श्रद्धालु रवाना हुए। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक प्लान के तहत कैंची धाम के लिए दोपहिया और व्यक्तिगत वाहनों की आवाजाही पर रोक है। श्रद्धालु सिर्फ शटल सेवा से ही कैंची धाम जा सकेंगे। शनिवार से शटल सेवा प्रारंभ कर दी गई है। सिटी मजिस्ट्रेट ने श्रद्धालुओं से निजी वाहन के बजाय निर्धारित शटल सेवा से ही कैंचीधाम जाने की अपील की है।

भारी वाहनों पर प्रतिबंध, घर छोड़कर जाएं दोपहिया वाहन

हल्द्वानी: कैंची धाम में आज (रविवार) को दो पहिया वाहनों को काठगोदाम से आगे नहीं जाने दिया जाएगा। भारी वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध होगा।

ये है पुलिस का डायवर्जन प्लान

- बरेली, किच्छा व लालकुआं से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंचीधाम, मुक्तेश्वर एवं अल्मोड़ा की ओर जाने वाले समस्त वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नारीमन तिराहा काठगोदाम से अपने गन्तव्य को जाएंगे।
- रामपुर, रुद्रपुर की ओर से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंचीधाम, मुक्तेश्वर एवं अल्मोड़ा की ओर जाने वाले रुद्रपुर पंतनगर तिराहा (दिनेशपुर मोड) से एनएच-109 (नया हाईवे) होते हुए लालकुंआ से तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नारीमन तिराहा से अपने गन्तव्य को जाएंगे। जो वाहन हल्द्वानी शहर की ओर आएंगे, उनको गन्ना सेंटर से डायवर्ट कर तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नारीमन तिराहा से भेजा जाएगा।
- कैंचीधाम स्थापना दिवस पर 16 जून तक यात्रा रूट में भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।
- आवश्यक सेवा वाले वाहन स्वामियों/वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे 16 जून तक आवश्यक वस्तुओं (सब्जी, फल, गैस, दूध आदि) की पूर्ति छोटे या हल्के वाहनों से करें।
- काठगोदाम में यातायात का दबाव अत्याधिक होने पर 15 की दोपहर 3 बजे से नैनीताल और भवाली के मस्जिद तिराहा से मैदानी क्षेत्रों को जाने वाले समस्त पर्यटक वाहन नंबर-1 बैंड व रूसी बाईपास द्वितीय से डायवर्ट होकर रूसी बाईपास प्रथम होते हुए कालाढूंगी से अपने गन्तव्य को जाएंगे।
- 15 जून को भवाली, भीमताल और नैनीताल में पार्किंग भर जाने पर वाहनों को हल्द्वानी गौलापार में आरटीओ फिटनेस सेंटर, प्रस्तावित आईएसबीटी पार्किंग, स्टेडियम पार्किंग में पार्क करा कर शटल सेवा से कैंची धाम भेजा जाएगा।

काठगोदाम में बाइक सवारों को पहाड़ की ओर जाने से रोकतीं महिला पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

बैरंग लौटे बाइक सवार, हजारों लड़-झगड़ कर घर लौटे

हल्द्वानी : पर्यटन सीजन और कैंची धाम मेले को देखते हुए दो पहिया वाहन सवारों पर पहाड़ की ओर जाने पर प्रतिबंध है। शनिवार को बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन चालकों को तमाम चेक प्वाइंट पर रोका गया। पुलिस के रोके जाने और आगे जाने की अनुमति न देने से बहस भी हुई, लेकिन पुलिस ने सख्ती से लोगों को लौटाया और ऐसे करीब 6 हजार दो पहिया वाहन सवारों को वापस जाना पड़ा। बता दें कि पुलिस पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि सीजन और खासकर कैंची मेले के दौरान दो पहिया वाहन सवारों को पहाड़ की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। बावजूद इसके लोग मानने को तैयार नहीं हैं और पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए काठगोदाम, भीमताल तिराहा, नंबर वन बैंड, भीमताल और भवाली समेत अन्य स्थानों पर चेक प्वाइंट बनाए हैं। इन स्थानों पर शनिवार को पुलिस और महिला सिपाहियों के साथ दरोगाओं की तैनात की गई। यातायात निरीक्षक शिवराज बिष्ट खुद चेक प्वाइंट पर तैनात रहे। पहले तो लोगों को काठगोदाम पर रोका गया, जो आगे निकल गए उन्हें भीमताल तिराहा और अन्य चेक प्वाइंट पर रोक कर वापस कर दिया गया। इससे लोगों ने नाराजगी भी जाहिर की। हालांकि पुलिस ने यह जरूर कहा कि जिन्हें जाना है वह मोटर साइकिलों को पार्किंग में खड़ा कर शटल सेवा से जा सकते हैं। यातायात निरीक्षक शिवराज बिष्ट ने बताया कि 10 हजार से अधिक वाहनों को चेक किया गया और 6 हजार से अधिक दो पहिया वाहनों को लौटाया गया। उन्हें आने-जाने से नहीं रोका गया, जो किसी आवश्यक कार्य से जा रहे थे या फिर जिनका घर पहाड़ की ओर था।

पहले दिन कारगर रहा प्रशासन का ट्रैफिक प्लान

भवाली, अमृत विचार : प्रसिद्ध कैंची धाम के स्थापना दिवस को लेकर पुलिस व प्रशासन द्वारा बनाया गया ट्रैफिक प्लान कैंची मेले के पहले दिन शनिवार को कारगर सिद्ध हुआ है। इस दौरान जहां पूरे शहर में पुलिस तैनात रही वहीं ट्रैफिक डाइवर्जन प्लान से पूरे शहर की सड़कें जाम मुक्त रहीं। केवल शटल व आवश्यकीय सेवाओं के वाहनों को अनुमति दी गई थी। शहर में प्रवेश करने वाले दोपहिया व वाहनों को रोककर निर्धारित स्थानों पर पार्क करवा कर श्रद्धालुओं को शटल सेवा से कैंची धाम भेजा गया। नगर पालिका मैदान में बनाई पार्किंग फुल नजर आई। नगर के मुख्य तिराहों पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया था जो कि ट्रैफिक नियन्त्रण करता रहा। रामगढ़ रोड तिराहे व मुख्य चौराहे पर माईक से ट्रैफिक प्लान की जानकारी दी गई।

कैंची धाम को जोड़ने वाले भवाली की सड़क पर शनिवार को डायवर्जन के चलते पसरा सन्नाटा।

भक्तों को यहां से बाबा के दर तक ले जाएगी शटल सेवा

- नैनीबैंड-2 नैनीताल रोड भवाली व सैनिटोरियम पार्किंग भवाली
- पेट्रोल पम्प भवाली
- ब्लॉक पार्किंग भीमताल
- खैरना
- डांठ चौराहा नैनीताल
- प्रस्तावित आईएसबीटी पार्किंग, गौलापार हल्द्वानी
- रोडवेज और केमू स्टेशन हल्द्वानी
- रेलवे स्टेशन काठगोदाम

इन स्थानों पर पार्क किए जाएंगे चौपहिया वाहन



- पनीराम ढाबा कैंची धाम से 1.5 किमी अल्मोड़ा मार्ग की ओर
- भवाली चौराहे के पास पुराना रोडवेज स्टेशन पार्किंग
- नैनीबैंड-2 नैनीताल रोड
- सैनेटोरियम भवाली, अर्द्धनिर्मित रातीघाट मार्ग
- फरसौली परिवहन निगम पार्किंग
- रामलीला मैदान भवाली
- विकास भवन भीमताल पार्किंग

आप सभी को कैंची धाम के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

वेतन व नियमितीकरण के लिए आंदोलन पर डटे रहे उपनल कर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: वेतन और नियमितिकरण की मांग को लेकर उपनल कर्मियों में आक्रोश बरकरार है। कर्मियों ने कहा कि उनको वेतन देने और नियमितिकरण किए जाने के बजाय उनको दूसरे मेडिकल कॉलेजों में भेजा जा रहा है।

शनिवार को एसटीएच के प्रांगण में उपनल कर्मी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। नीरज हैड़िया ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज और उसके अधीन अस्पतालों डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल, स्वामी राम कैंसर संस्थान और टीबी और चेस्ट क्लीनिक में करीब 659 उपनल कर्मचारी काम कर रहे हैं। कई कर्मचारी तो ऐसे हैं जो पिछले 22 सालों से यहां काम कर रहे हैं। चंदू कफलटिया ने कहा कि रेडियोलॉजी, फार्मेसी, नर्सिंग, तकनिशियन, लिपिक कई वर्गों में कर्मचारी अपनी सेवा देते हैं लेकिन अभी तक कर्मचारियों के लिए पदों का सृजन ही नहीं किया है। पूरन चंद्र भट्ट ने कहा कि पहले जब वेतन दिया जाता था तो एक तरह से जुगाड़ करके ही वेतन दिया जाता था। साथ ही कर्मचारी सर्वोच्च न्यायालय में एक बार अपने नियमितिकरण की लड़ाई भी जीत चुके हैं। अब हमारी सालों की सेवा के बदले हमें दूसरे मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरण करके एक तरह से हमें सेवा से निकालने की साजिश रच रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा कि वह भी न्यायालय की शरण में जाएंगे। भानु कैड़ा, मनमोहन पाटनी, शंभूदत्त बुधानी, सुंदर चौहान, तेजा बिष्ट, मनीष तिवारी, विनोद बिष्ट, खेमराज साहू, दिनेश जोशी, तस्लीम अहमद, कैलाश जोशी आदि मौजूद रहे।













सार-संक्षेप

हल्दूचौड़ में योग प्रशिक्षण लेते आईटीबीपी के जवान। ● अमृत विचार

आईटीबीपी के जवानों को दिया योग प्रशिक्षण

हल्दूचौड़ : 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इसी को लेकर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हल्दूचौड़ के तत्वावधान में यहां आइटीबीपी कैंप में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन छह दर्जन से ज्यादा आईटीबीपी के जवानों ने योग प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. दीपक गिरी एवं डॉ. मीरा जोशी ने योग का महत्व एवं उसकी आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया गया कि योग हमारी वैदिक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। जो कुछ समय विलुप्त होने के बाद फिर से आज जन जागरण का एवं जन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अहम हिस्सा बन चुका है। इस अवसर पर आईटीबीपी के कमांडेंट हेमंत सिंह, सब कमांडेंट फतेह सिंह समेत अनेकों आईटीबीपी के जवान भी मौजूद रहे। शिविर के समापन पर सभी आईटीबीपी के जवानों को योग के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गयी।

ओम प्रकाश को नियुक्ति पत्र सौंपतीं प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित। ● अमृत विचार

ओम प्रकाश सेवादल के जिला महामंत्री बने

रामनगर : गदरपुर में आयोजित सेवादल सृजन निर्माण सहयोगी प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित ने रामनगर निवासी ओम प्रकाश रोत को कांग्रेस सेवादल का जिला महामंत्री के नियुक्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ओम प्रकाश संगठन की मजबूती के लिए प्रयास करते हुए कांग्रेस और सेवादल की रीति को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। अपने मनोनयन पर ओम प्रकाश ने कहा हे कि संगठन ने जो दायित्व उन्हें सौंपा है उसके अनुरूप कार्य करते हुए वह संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। इस दौरान पूर्व सेवादल नगर उपाध्यक्ष मनीष कुमार, विजय पपनै, अमित, दानू, सुमित्र भुल्लर ने उम्मीद जताई कि ओम प्रकाश रोत सेवादल में नए लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

राजनीति विज्ञान की मौखिक परीक्षा सम्पन्न

हल्दूचौड़ : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के आदेशानुसार प्राचार्य डॉ. सीमा श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में राजनीति विज्ञान विभाग के छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लघु शोध प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा हुई। प्रोफेसर डॉ. ललित मोहन पाण्डे ने लघु शोध प्रोजेक्ट मूल्यांकन के उपरान्त विद्यार्थियों को उनके द्वारा किए गए लघु शोध कार्य में से रिसर्च पेपर लेखन, पब्लिकेशन और भविष्य में स्नातकोत्तर करने के उपरान्त इसी टॉपिक पर और विस्तृत गहन शोध अनुसंधान कार्य को पूर्ण करने की विस्तृत जानकारी दी। राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. गीता तिवारी पाण्डे ने अपने शोध निर्देशन में 32 विद्यार्थियों को गुणात्मक फील्ड रिसर्च डाटा पर आधारित लघु शोध का कार्य पूर्ण कराया गया।

कार्बेट का ढिकाला पर्यटकों के लिए बंद

रामनगर : जिम कार्बेट नेशनल पार्क का ढिकाला एवं दुर्गा देवी पर्यटन जोन अब पर्यटकों के लिए बंद हो चुका है। ढिकाला में स्वच्छंद रूप से विचरण करते वन्य जीवों के अलावा प्रकृति के मनोहारी दृश्य अब पर्यटकों को छह माह बाद ही देखने को ही मिल पाएंगे। बताते चलें कि मानसून सत्र में भारी बारिश के चलते ढिकाला को 14 जून से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया जाता हे। क्योंकि बरसात के दिनों में नदी नाले उफान पर आने से ढिकाला के अंदर बनीं सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए एतिहातन सीटीआर प्रशासन ढिकाला जोन को छह माह के लिए बंद कर देता है। अब कार्बेट का ढिकाला 15 नवंबर को ही पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। सीटीआर प्रशासन 30 जून को बिजरानी ओर गर्जिया पर्यटन जोन को भी बंद कर देगा।

सशस्त्र पुलिस बल में सहायक कमांडेंट बने हर्ष

रामनगर : लखनपुर शांतिकुंज निवासी हर्ष पांडे ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में सहायक कमांडेंट पद की परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर का मान बढ़ाया है। हर्ष ने ऑल इंडिया 339वीं रैंक प्राप्त की है। हर्ष की प्रारंभिक शिक्षा भरतपुरी सनराइज स्कूल से हुई। उसके बाद वर्ष 2018-19 में उन्होंने लिटिल स्कॉलर्स प्रतापपुर से इंटरमीडिएट की परीक्षा 94.6% अंकों से प्राप्त की। कुशाग्र बुद्धि के हर्ष ने बाद में पंतनगर यूनिवर्सिटी से एग्रीकल्चर से बीटेक किया। वह इससे पूर्व भी कई प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। अब उन्होंने यूपीएससी एसी (डीएसपी रैंक) परीक्षा को उत्तीर्ण करते हुए क्षेत्र व नगर का नाम रोशन किया है। हर्ष पांडे वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पांडे के पुत्र है जबकि माता प्रेमा पांडे कुशल ग्रहणी है। हर्ष पांडे की सफलता पर नगर के पत्रकारों समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों ने खुशी जाहिर की है।

उत्कर्ष बने असिस्टेंट कमांडेंट

रामनगर : पीरुमदारा निवासी मनोज तिवारी के बड़े पुत्र उत्कर्ष का चयन असिस्टेंट कमांडेंट पद के लिए हुआ है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा जारी परिणाम की सूची में जनरल कैटेगरी में उत्कर्ष ने देशभर में 207 रैंक प्राप्त की है। उत्कर्ष ने इंटरमीडिएट तक की शिक्षा काशीपुर से प्राप्त करने के बाद गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय पंतनगर से इंजीनियरिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उत्कर्ष के पिता मनोज तिवारी शिक्षक संगठन के पदाधिकारी हैं। उत्कर्ष ने अपने प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त की है। उत्कर्ष की सफलता पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा है।

राज्य आंदोलनकारियों की बैठक आज

रामनगर : उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार 15 जून को लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब लखनपुर चुंगी में शाम 4 बजे से होगी। राज्य निर्माण सेनानी मंच के सदस्य प्रभात ध्यानी ने बताया कि बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व दर्जा राज्य मंत्री धीरेंद्र प्रताप उपस्थित रहेंगे। मंच संयोजक चंद्रशेखर जोशी ने आंदोलनकारियों से निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचने की अपील की है।

विकसित भारत संकल्प सभा में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी

चोरगलिया : भाजपा ने 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का किया आयोजन। भाजपा गौलापार मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर डब्बू वह मुख्य वक्ता अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य ने प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल पूर्ण होने पर सरकार की विकास सेवा सुशासन की रूपरेखा को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत चुनाव में उनकी पार्टी की पंचायत चुनाव में सफलता के लिए संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी ने की। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रकाश गजरौला, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल, त्रिलोक नौला, ललित आर्य, नरेंद्र मेहरा, बालम बिष्ट, नवीन जोशी, समीर बोरा, रश्मि नौला, भावना आर्य, आनंद मेहता, राजेंद्र बिष्ट ,आनंद मेहता, बसंत आर्य, रीना भट्ट, माला आर्य, दीवान संभल, प्रताप राम व चंदन राणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

युवक का शव इमरजेंसी में छोड़ व्यक्ति फरार, अस्पताल प्रशासन में हड़कंप

युवक के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, प्रेम प्रसंग में हत्या होने की आशंका

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : शुक्रवार देर रात अज्ञात व्यक्ति एक युवक शव अस्पताल के इंमरजेंसी बेड पर छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद जहां एक ओर अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया तो वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। घटना के वक्त अस्पताल स्टाफ दूसरे मरीज के उपचार में जुटे थे। वहीं मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।

सारिम (फाइल फोटो)

अलबत्ता यह पूरा मामला पूरी तरह से खुला तो नहीं है लेकिन चर्चा है कि प्रेम प्रसंग को लेकर दो गुटों खूनी संघर्ष हुआ था। जिसमें हुए हमले में युवक की जान चली गई। बताया जा रहा है कि ग्राम बेड़ाझाल निवासी सारिम पुत्र अशरफ उम्र 23 वर्ष को शुक्रवार की देर रात कुछ अज्ञात युवक लहुलुहान हालत में मृत अवस्था में सरकारी अस्पताल में छोड़कर फरार हो हो गया। जिस समय वह मृतक को अस्पताल में छोड़कर फरार हुआ उस दौरान अस्पताल के रात्रि ड्यूटी में तैनात चिकित्सक एवं स्टाफ सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक व्यक्ति के उपचार में लगे हुए थे।

जब कुछ देर बाद अस्पताल स्टाफ सड़क दुर्घटना में घायल के उपचार के बाद आपातकालीन कक्ष में पहुंचे तो वहां बेड पर सारिम नाम का युवक मृत अवस्था में पड़ा था। उसके सिर एवं सीने पर धारदार हथियार के निशान थे। अस्पताल प्रशासन ने मौजूद लोगों से पूछा कि मृतक व्यक्ति को कौन लाया है तो कोई भी इस विषय में जानकारी नहीं दे पाया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और उन्होंने मामले की जांच शुरू की लेकिन पता नहीं चल पाया कि मृतक को कौन अस्पताल में छोड़कर गया है। घटना के कुछ देर बाद मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे।

वहां लोगों का कहना है कि मृतक को कुछ लोग शाम के समय अपने साथ बुलाकर ले गए थे बताया जाता है कि मृतक गांव में ही कुछ दूरी पर एक ईंट के थोक व्यापारी के यहां मुंशी का काम करता था। मृतक के परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर सौंपने के साथ ही न्याय की गुहार लगाई गई है।

वहीं पुलिस भी अस्पताल एवं आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल घटना को लेकर इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। उधर एसएसआई मो. युनूस ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी हुई है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द मामले की तह में जाकर इसका खुलासा कर दिया जाएगा।

युवक पर धारदार हथियारों से हमला

रामनगर : शनिवार को मोहल्ला गुलरघट्टी निवासी पूर्व सभासद मोहम्मद उस्मान ने पुलिस को तहरीर दी है कि कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से उसके पुत्र पर हमला किया है। तहरीर में पुलिस को बताया कि उसका पुत्र सिकंदर भवानीगंज स्थित ट्रांसपोर्ट पर बैठा था। इसी दौरान चंदन और छोटू अपने साथ 15 से 20 लड़के लाठी डंडे और धारदार हथियारों के साथ बाईकों और टेंपू में भरकर आए। ट्रासंपोर्ट के अंदर घुसकर गाली गलौज करते हुए धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे उसका पुत्र सिकंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कुछ युवकों को पूछताछ के लिए उठाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता अशरफ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। वहीं यह मामला भी अस्पताल में युवक का शव छोड़कर जाने वाली खबर से जुड़ा होने का संदेह जताया जा रहा है।

सूरज की सतह पर उभरे 6 से ज्यादा सौर कलंक

- आने वाले दिनों में सूर्य पर हो सकते हैं सौर तूफानी विस्फोट

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सूरज की सतह पर आधा दर्जन से अधिक सौर कलंक (सन स्पॉट) ग्रुप उभरे हुए हैं। ये सौर कलंक आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट कर सकते हैं, जिनसे सौर तूफान पृथ्वी के ध्रुवों तक पहुंच सकते हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार सूर्य की सतह सौर कलंकों से पटी है जिनमें सौर कलंकों के कुछ समूहों में बड़े विस्फोट होने की संभावना है जिनसे निकलने वाली ज्वालाओं से सौर तूफान उठ सकते हैं और पृथ्वी के सतह तक पहुंच सकते हैं। दुनियाभर के वैज्ञानिक इन पर नजर रखे हुए हैं।

डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि सूरज से उठने वाले सौर तूफानों से हमारे सैटेलाइट को अधिक खतरा होता है, जो उन्हें नष्ट कर सकते हैं। पृथ्वी के इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिक उपकरणों को भी नुकसान पहुंचाने के साथ हवाई सेवाओं में भी व्यवधान पैदा कर सकते हैं, जिस कारण सूर्य पर नजर रखी जाती है। डॉ. वहाबउद्दीन का यह भी कहना कि यह 25वां सौर चक्र चल रहा है, जो इन दिनों अत्यधिक सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। उम्मीद की जा रही है कि अक्टूबर से सौर सक्रियता में में कमी आ जाएगी और सूर्य पर विस्फोट बंद हो जाएंगे।


सूर्य की सतह पर उभरे सौर कलंक।

ऑल सेंट्स कॉलेज के प्री-प्राइमरी ब्लॉक का उद्घाटन

नैनीताल : ऑल सेंट्स कॉलेज की अंजिना रिचड्र्स नई प्रधानाचार्य बनी है। जिन्होंने आज विद्यालय के नवनिर्मित प्री-प्राइमरी ब्लॉक का भी विधिवत उद्घाटन किया। इस विशेष अवसर पर चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया, आगरा डायोसिस के प्रमुख एवं विद्यालय के अध्यक्ष द मोस्ट रेव. बिजय कुमार नायक द्वारा मुख्य अनुष्ठान संपन्न कराया गया। डायोसेसन सचिव व आगरा डायोसिस सीएन आईडीईबी के सचिव, डॉ. अविनाश चंद, आगरा कोषाध्यक्ष आशीष हाबिल, रेवरेंड हेरॉल्ड, रेवरेंड नायक और रेवरेंड मुनव्वर शामिल रहे।

सार-संक्षेप

राजा हरिश्चंद्र का नाटक का सफल मंचन किया

भीमताल : ग्रामसभा डालकन्या में सत्यवादी लीला हरिश्चंद्र नाटक का सफल मंचन किया गया। समापन चक्रवर्ती सत्यवादी राजा हरीशचंद्र के राजतिलक के साथ सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण रात्रि में मंचन के साथ लोकगायक राकेश पनेरु के लोकगीतों ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, पूर्व दर्जामंत्री हरीश पनेरू उपस्थित रहे। दोंनो नेताओं ने लोकगायक राकेश पनेरू के गानों में मंच में एक साथ ढुमके लगाए और आदर्श नैतिकता का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष केशव भट्ट, दिनेश पनेरु, संचालक सुरेश जोशी, डारेक्टर गिरीश बुंगियाल, उमेश भट्ट, कमल पनेरु, ग्राम प्रधान सुनिता देवी, शंकर पुरी, बीडीसी ललीत भट्ट, कोषाध्यक्ष रमेश पनेरू, चन्दन पनेरू, तारा भट्ट, नरेश भट्ट, प्रकाश जोशी, भुवन पनेरू, योगेश परगांई ने सहयोग दिया।

डालकन्या में राजा हरिश्चंद्र का मंचन करते कलाकार।

जहर खाने से अधेड़ की मौत

हल्द्वानी : लालकुआं फैक्ट्री कालोनी निवासी राजेंद्र यादव (50 वर्ष) पुत्र अमरीका यादव ने शुक्रवार को जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें एसटीएच लेकर पहुंचे। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। जहर खाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। मेडिकल चौकी इंचार्ज भूपेंद्र मेहता ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

फिसल कर घायल हुए व्यक्ति की मौत

हल्द्वानी : एचएमटी निलियम कालोनी निवासी 63 वर्षीय विनोद चंद्र गुप्ता पुत्र जगदीश चंद्र गुप्ता 14 मई को घर में फिसलकर घायल हो गए थे। तब से उनका एसटीएच में उपचार चल रहा था। शुक्रवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया। मेडिकल चौकी इंचार्ज भूपेंद्र मेहता ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

कार का शीशे तोड़कर माल उड़ाने वाला गिरफ्तार

हल्द्वानी : मुखानी थाना क्षेत्र में कार के शीशे तोड़कर चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि 12 जून को आनंद राज जोशी निवासी शिवालिक विहार ने तहरीर सौंपी थी। सीसीटीवी फुटेज से एक संदिग्ध की पहचान की गई। आरोपी को दीपू कश्यप निवासी शिव शक्ति विहार, लालडांठ रोड मुखानी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक काला लेदर बैग, पर्स, एक पीएनबी बैंक की चेकबुक, 11 सौ रुपये नकद व आधार कार्ड बरामदहुआहै। पूछताछ में पता लगा था कि तीन अन्य वाहनों के भी आरोपी ने शीशे तोड़े हैं।

भाजपा ने पर्यवेक्षकों की सूची तैयार की

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कमर कस ली है। जिला पंचायत के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिए पर्यवेक्षकों की सूची को अंतिम रूप दिया गया है। वहीं इस बार क्षेत्र व ग्राम पंचायत स्तर भी दावेदार उतारने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में पंचायत चुनावों को दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। पहली बैठक प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में प्रदेश टोली की हुई। इसके बाद दूसरी बैठक में प्रदेशाध्यक्ष भट्ट, सीएम पुष्कर सिंह धामी, राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय शामिल हुए। इसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए समर्थित प्रत्याशी चयन के लिए पर्यवेक्षकों के नामों की सूची को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि यह भी निश्चित किया है कि जैसे ही चुनाव तिथि और आरक्षण की अंतिम घोषणा होगी, पर्यवेक्षकों को क्षेत्रों में भेज दिया जाएगा। जहां वे जिला पंचायत सदस्य पद के लिए समर्थित उम्मीदवारों के नामों का पैनल तैयार किया जाएगा। स्पष्ट किया कि अधिकांश प्रधान, बीडीसी एवं ब्लॉक प्रमुख व सभी जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा के बनाने हैं। आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, राजपुर विधायक खजान दास, दायित्वधारी ज्योति गैरोला एवं रुचि भट्ट रहीं।

कांग्रेस पंचायत चुनाव के लिए दो दिनों में भेजेगी पर्यवेक्षक

देहरादून : कांग्रेस ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अगले दो दिनों में सभी 12 जिलों के लिए वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक बनाने का फैसला किया है। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि पर्यवेक्षक जिलों में जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, पंचायत के पूर्व प्रतिनिधि, सांसद व विधायक उम्मीदवारों व प्रमुख पदाधिकारियों से चर्चा कर जिपं सदस्य सीटों पर संभावित उम्मीदवारों का पैनल बनाएगा। क्षेत्र व ग्राम पंचायत के लिए दावेदार नहीं उतारेगी। जहां एक से अधिक उम्मीदवार होंगे, वहां स्थानीय स्तर पर पदाधिकारी समन्वय बनाएंगे। जिला पर्यवेक्षकों को त्रिस्तरीय चुनाव की जिम्मेदारी दी जा रही है जिसमें क्षेत्र पंचायत प्रमुखों व जिला पंचायत प्रमुखों के चुनाव भी शामिल होगा।

पत्नी पर लगाया आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

- मृतक इकरार की मां ने पुलिस को तहरीर सौंप लगाया आरोप
- इकरार ने कर ली थी आत्महत्या

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : दो दिन पूर्व हुई आत्महत्या के मामले में मृतक की मां ने पत्नी एवं मायके वालों पर पुत्र को प्रताड़ित करते हुए आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने लालकुआं कोतवाली में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-1 निवासी नरगिस पत्नी स्वर्गीय इसरार ने स्थानीय कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा है कि गत दिवस उनके पुत्र इकरार ने जहरीले पदार्थ का शेवन करके आत्महत्या कर ली। पीड़िता के अनुसार इकरार ने अपनी पत्नी एवं उसके मायके वालों की प्रताड़ना से तंग आकर यह कदम उठाया है। नरगिस का कहना है कि उसके बेटे का विवाह 15 नवंबर 2021 को रुखसार पुत्री मुन्ने खां निवासी ग्राम अकोली थाना बिल्सी जिला बदायूं के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही रुखसार का व्यवहार पति एवं अन्य ससुरालियों के प्रति अत्यंत खराब था, वह कुछ ही माह लालकुआं अपने पति के पास रही, इस दौरान उसने अपने पति के साथ मारपीट की और मायके चली गई। पत्नी के मायके जाने के बाद उसे समझाने जब इकरार उसके घर गया तो ससुरालियों एवं उसकी पत्नी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। पत्नी की प्रताड़ना एवं झूठा केस दर्ज कर देने से डिप्रेशन में आए इकरार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इधर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल का कहना है कि महिला द्वारा लालकुआं कोतवाली में मामले की तहरीर दी गई है। जिस पर जांच की जा रही है, जल्द ही जांच के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मनसा देवी रोपवे के टेंडर मामले की जांच कराए सरकार: यशपाल

- नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने उठाए सवाल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हरिद्वार नगर निगम ने मनसा देवी रोपवे के संचालन और रखरखाव के लिए एक टेंडर जारी किया था, जिसमें रोपवे के अनुभव वाली कंपनियों को ही शामिल किया गया था। लेकिन बाद में टेंडर में बदलाव कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि रोपवे संचालित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत होती है। हरिद्वार नगर निगम ने मार्च में पात्रता मानदंड को चुपचाप बढ़ा दिया और रोपवे के अनुभव वाली कंपनियों के साथ-साथ रोपवे ऑपरेशन के लिए अस्पताल चलाने वाली, पुल और हाईवे बनाने वाली, यहां तक कि टेलीकॉम सेक्टर की कंपनियों से भी बोली मंगा ली। ये बदलाव नगर आयुक्त नंदन कुमार ने नगर निगम बोर्ड की मंजूरी के बिना किए थे। जिससे प्रक्रियागत खामियों और पारदर्शिता पर सवाल उठे। इसमें जरा सी चूक जा जाए तो लोगों की जान का खतरा हो जाता है। इस टेंडर के बदलाव के खिलाफ उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया। अब उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हरिद्वार नगर निगम द्वारा संशोधित ईओआई पर राज्य सरकार को फटकार लगाई है, जिसमें राजमार्गों, पुलों, मेट्रो, सुरंगों, दूरसंचार और अस्पतालों से जुड़ी कंपनियों को रोपवे परियोजना के लिए बोली लगाने की अनुमति दी गई है। टेंडर फिलहाल रोक दिया है। कोर्ट ने इसे गंभीर विषय मानते हुए इसे मानव जिंदगी से खिलवाड़ करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि आखिर 44 साल से रोपवे का संचालन कर रही कंपनी को बाहर करने के लिए सड़क बनाने वाली कंपनियों को टेंडर में क्यों सम्मिलित किया गया। बिना किसी प्रासंगिक अनुभव वाली कंपनियों को बोली प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति पर जवाबदेही किसकी है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस गंभीर भ्रष्टाचार के विषय की विस्तृत और निष्पक्ष जांच करानी चाहिए।

रानीखेत रोड पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

अमृत विचार की खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़े

शनिवार को भी जाम से हलकान रहे लोग

रामनगर, अमृत विचार : शनिवार को भी लोग जाम का समाना करते नजर आए। शनिवार को भी रामनगर की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरती दिखाई दी। लोग यातायात ब्यवस्था के चरमराने से बेहाल दिखे। हालत यह रहे कि दोपहर में गर्मी का पारा चरम पर था ऐसे में लोगों का जाम में फंसे लोगों के हलक भी सुखाता रहा। प्रशासन के लाख दावों के बावजूद इस गंभीर समस्या का निदान अभी तक नहीं निकला है। इस लोग रामनगर को अब को अब जाम नगर के नाम से पुकारने लगे है। जाम के कारण लोगों का बाजार जाना मुश्किल हो गया है। रानीखेत रोड ओर भवानी गंज चौराहा तो जाम का अड्डा बन चुका हैं। तपती दोपहरी में बेशक ट्रैफिक पुलिस और होम गार्ड के जवान लगे हैं। मगर जाम से निजात दिल पाना एक टेडी खीर साबित हो रहा है। लोगों को उम्मीद हे कि तीस जून तक कार्बेट समेत सारे पर्यटन जोन बंद हो जाने के बाद कुछ हद तक इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

बैठक | एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट को लेकर बैठक, सीआईआई के प्रतिनिधि से हुई विस्तृत चर्चा

कॉलेज व औद्योगिक इकाइयों की सेतु बनेगी ईटूई

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिनिधि वैभव दाधीच से ईटूई (एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट) योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

यह योजना भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की जा रही है, जिसका उद्देश्य शिक्षण संस्थानों और औद्योगिक इकाइयों के बीच सेतु का निर्माण करते हुए छात्रों के लिए संभावित रोजगार के अवसर बढ़ाना है।

प्राचार्य के साथ सीआईआई के प्रतिनिधि।

इस योजना के तहत देशभर के 100 शैक्षणिक संस्थानों में 100 इंडस्ट्री लाउंज स्थापित किए जाने की योजना है, जिसकी शुरुआत सितंबर 2025 से की जाएगी। कुमाऊं विश्वविद्यालय इस योजना में अग्रणी भूमिका निभाते हुए भाग लेने वाले प्रारंभिक संस्थानों में से एक होगा। बैठक के दौरान यह सहमति बनी कि विश्वविद्यालय सीआईआई को परिसर में कार्य संचालन के लिए स्थान प्रदान करेगा, जहां से सीआईआई अपनी गतिविधियां संचालित करेगी। सीआईआई के साथ पंजीकृत 9000 से अधिक उद्योगों से इस पहल के माध्यम से संपर्क स्थापित किया जाएगा। ये उद्योग विश्वविद्यालय के छात्रों से संपर्क कर उन्हें इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे। कुलपति प्रो. रावत ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल न केवल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, बल्कि यह शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को पाटने का भी कार्य करेगी। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय की 'शिक्षा से कौशल और फिर रोजगार' की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। प्रो. दीवान एस. रावत ने कहा कि यह पहल कुमाऊं विश्वविद्यालय के सतत नवाचार, उद्योग-शैक्षणिक सहभागिता और छात्रों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। निकट भविष्य में विश्वविद्यालय परिसर में इंडस्ट्री लाउंज की स्थापना के साथ विद्यार्थियों को रोजगार-उन्मुख मार्गदर्शन एवं अवसर सुलभ कराए जाएंगे।

गीता की मदद को आगे आए लोग

भीमताल : ग्राम पंचायत जंगलिया गांव तोक बूढ़ा धूरा निवासी आंगनबाड़ी में कार्यरत गीता भट्ट की इलाज के लिए कई संगठन आगे आए हैं। निवर्तमान ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने बताया कि गीता का स्वास्थ्य पिछले कई दिनों से खराब चल रहा था जिसका इलाज हल्द्वानी स्थित कई हॉस्पिटल में किया गया चिकित्सकों की गहन जांच पड़ताल के बाद प्लासटो अनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होना बताया। इसकी जानकारी प्रधान ने निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट तथा क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट को दी। जिस पर सांसद द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली के निदेशक डॉ. श्री निवास को भर्ती कर आवश्यक इलाज के लिए अपने अधीनस्थों को निर्देश देने की अपील की। उधर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम सिंह कुल्याल ने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनो से गीता के इलाज को आर्थिक मदद की अपील की है।

साहित्यः ज्ञानमार्गी दुख की औषधि



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं।

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं। कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है।

डॉ. बी.आर.आंबेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इण्डिया' में नियमित लिखते थे। डॉ. आंबेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता', 'इकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत् विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का 'मन' है

लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के महान दार्थनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था।

डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, "आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ।" आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, "शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।" प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है।

वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल 'तत्वज्ञान' से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहां विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहां बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है।

जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूं। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूं जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत् अध्ययन का विकल्प नहीं है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्सकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्सकी की मानसिक बौद्धिक उथल पुथल का सहज अनुमान संभव है।

कुछ आधारभूत प्रश्न हैं। सबके चित्त में उगते हैं। जैसे विराट अस्तित्व किसकी रचना है? क्या स्वयंभू है? सदा से है? क्या इसका कोई सर्जक है? ऋग्वेद के एक ऋषि की जिज्ञासा है कि हम ऐसे किस देव की उपासना करें-कस्मे देवाय हविषा विधेम? ईश्वर इसी जिज्ञासा का विषय है। भौतिकवादी मित्र कहेंगे कि यह प्रत्यक्ष जगत से परे मेटाफिजिकल अधिभौतिक चर्चा है। आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? कःपंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, "वेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनो येन गता स पंथः।" शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, "ब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।" उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग के दुख से छुटकारे का रसायन है।"

जीवन के लिए अमृत है शिक्षा

डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

मानव जीवन की आधारभूता, परम प्रकाश पुञ्जात्मिका, सकल लोक कल्याण कारिका, जीवन के सर्वांगीण विकास में प्रमुख सहायिका, अज्ञान-सन्देह-धर्माडम्बर-कुरीति निवारिका, रचनात्मक-क्रियात्मक-कौशलात्मक अभिवृत्तियों की उत्पादिका, सत्-असत् की परिचायिका, ज्ञान-अज्ञान की विभेदिका, यश-सम्मान-सत्य-स्वाभिमान की वर्धिका, छल-कपट-दंभ-द्वेष-असूया-ईर्ष्या-निद्रा-तन्द्रा-भय-क्रोध-आलस्य-दीर्घसूत्रता आदि दुर्गुणों की नाशिका, मानवीय गुण-आचारों की संरक्षिका, ज्ञान-विज्ञान की पोषिका शिक्षा (विद्या) मानव के समग्र कल्याण एवं सर्वविध प्रसन्नता की मूल स्त्रोत है।

संस्कृत वाङ्मय उपनिषद् आदि में विद्ययाऽमृतमश्नुते, विद्यया विन्दतेऽमृतम्, सा विद्या या विमुक्तये, विद्याधनं सर्वधनं प्रधानम् आदि परम प्रमाणिक ध्येय वाक्यों से शिक्षा का महत्व परिलक्षित होता है। गांधीवादी विचारक, भारत रत्न से पुरस्कृत लब्ध प्रतिष्ठित दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला के अनुसार शिक्षा वह महान शक्तिशाली हथियार है जिसके माध्यम से पूरे विश्व को परिवर्तित किया जा सकता है। मानवीय जीवन में नैतिकता, तार्किकता, कारूण्यता, संवेदनशीलता को विकसित करने में शिक्षा ही परम सहायिका होती है।

शिक्षा के समग्र गुणों को आत्मसात करने वाला मानव महामानव के रूप में परिवर्तित होकर सतत जनहित, राष्ट्रहित एवं प्राणीहित में लीन रहता है वह कभी स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचारण नहीं करता है क्योंकि वह शिक्षा के प्रभाव से ही मानवीय मूल्यों को आत्मसात करते हुए उन विशिष्ट गुणों को अपने जीवन में आचरित करने का प्रयास करते रहता है उसके अन्तः करण में विद्यमान दुर्गुणों का धीरे-धीरे नाश होने लगता है। यहां शिक्षा के व्यापक अर्थ की अवधारणा पर स्नातक, परास्नातक तथा उच्च भौतिक उपाधियों के विषय में चर्चा करना वर्तमान कालीन शिक्षा पद्धति एक चर्चा का विषय है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षा के व्यापक अर्थ के स्थान पर शिक्षा को आजीविका प्राप्ति निमित्त अधिक स्वीकार किया गया और शिक्षा की पूर्व गुरुकुलकालीन पद्धति आधुनिक शिक्षा पद्धति के सामने निस्तेज होते चली गई जिस कारण उच्च उपाधियां अर्जित करने के पश्चात भी तमाम दुर्गुणों, दुर्व्यसनों, दुराग्रहों की प्रवृत्ति मानव पर वर्तमान में देखी एवं अनुभव की जा सकती है चाहे सामाजिक रूप से हो, राजनैतिक रूप से हो, आर्थिक रूप से हो या जातीय रूप से हो। महान वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में विलिखित नई शिक्षा नीति 2020 के द्वारा शिक्षा के वास्तविक उद्देश्यों/ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं यह भविष्य में देखना होगा कि कहां एवं कब तक उद्देश्यों/लक्ष्य प्राप्ति संभव होती है। शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य केवल गणित, विज्ञान, पाणिनि व्याकरण के सूत्रों को रटकर आजीविका प्राप्ति करना नहीं है अपितु शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य तो माननीय मूल्यों का निर्माण करना है, मानव के अन्दर व्याप्त सभी दुर्गुणों को समूल खत्म करना है, साजिशों/ षड्यंत्रों से मुक्त करना है, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार, असत्य से दूर करना है, सुख एवं दुःख में समत्व की स्थिति में लाना है, दया, करुणा, सहानुभूति आदि गुणों से विभूषित करना है, सात्विक भोजन ग्रहण करके चित्तशुद्धि करना है, सत्य एवं स्वाभिमान के साथ जीवन जीने के लिए तैयार करना है। शिक्षा के मूल-व्यापक-विशिष्ट गुणों को आज विद्यालयीय, महाविद्यालयीय, विश्वविद्यालयीय शिक्षा पद्धति में प्रमुख रूप से स्थान मिलना चाहिए ताकि इसी सर्वव्यापी शिक्षा पद्धति के माध्यम से एक गुणवान भावी पीढ़ी का निर्माण करके राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया जा सकता है समृद्ध एवं समर्थ भारत की कल्पना को सार्थक किया जा सकता है।

क्या बिहार में नीतीश को हरा पाएगी कांग्रेस

यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी।

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में एनडीए की सरकार छीनने को कांग्रेस की जी तोड़ कोशिशों के बीच कुछ सवाल है जो काबिले गौर है। हालांकि नवंबर के अंत तक संभावित इस चुनाव के ठीक पहले कामरेड से कांग्रेसी हुए कन्हैया कुमार ने "रोजगार दो या सत्ता छोड़ो" के नारे के साथ बिहार के कोने-कोने तक पदयात्रा कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की है। खुद राहुल गांधी बिहार में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों के बीच उनकी मौजूदगी की चर्चा खूब है। हाल ही 12 जून को बिहार के 25 जिलों में उसी बैनर "नौकरी दो या सत्ता छोड़ो" तले जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें देश भर के कांग्रेस के नामचीन नेताओं को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का निर्देश था। इस दिन कांग्रेस के कार्यक्रम की मानीटरिंग के लिए बिहार के नए और युवा प्रभारी कृष्णा अलावरू पूरे दिन पटना में मौजूद थे। इस रोज दिन भर चले भाषणबाजी के बाद रोजगार कार्यालयों पर ताला बंदी का भी कार्यक्रम था। कांग्रेस का यह कार्यक्रम बिना किसी रोक-टोक के नीतीश सरकार ने संपन्न होने दिया। नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच उनका यह निर्णय उनके मानसिक संतुलन के दुरुस्त होने का सबूत भी है।

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी। कन्हैया कुमार की मेहनत का भी असर देखने को मिला है। बिहार की मीडिया कांग्रेस और आरजेडी में दुराव लाने की कोशिश में भी लगी है। खबरें और उसकी हेडिंगो के जरिए वह लगातार यह बताना चाह रही है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार का मीडिया लिखता है कि कांग्रेस की सक्रियता से आरजेडी के कोर वोटरों में बिखराव तो कभी यह कि आरजेडी के मुकाबले दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर। आदि आदि! लेकिन आम जनमानस में मीडिया की ऐसी खबरों का असर नहीं, उपहास होता हुआ जरूर दिखा। बिहार के पिछले विधानसभा में कांग्रेस के करीब 40 विधायक थे। अभी 19 हैं। जबकि 70 सीटों पर उसके उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। कांग्रेस अपनी सीटें कम होने के कई कारण गिनाती है। अभी जो कुछ माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, कांग्रेस उसमें अपना स्ट्राइक रेट जरूर बेहतर करना चाहेगी। यहां यह बता देना जरूरी है कि बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एक जुट है। कांग्रेस के कार्यक्रम में बेशक आरजेडी साथ नहीं है लेकिन दोनों का साथ एकदम मजबूती से है। इस बार टिकटों के बंटवारे में कांग्रेस की ओर से खास यह होगा कि वह गिनती के लिए सीटें नहीं चाहेगी। उसका दावा सिर्फ उसी सीट पर होगा जिस पर वह जीती है और जिस पर वह जीत सकती है। जैसे कांग्रेस का कहना है कि पिछले चुनाव में उसे जो 70 सीटें मिली थी उसमें 40 सीटें ऐसी थी जिस पर कई सालों से विपक्ष जीता ही नहीं। पिछले चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने भी कांग्रेस का नुक़सान किया था। इस बार ओवैसी की पार्टी के भी बिहार में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा है। सीपीआई पहले से ही गठबंधन का हिस्सा है। कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में तस्वीर कुछ यूं बन रही है कि आरजेडी ही लीडिंग रोल में होगी। कांग्रेस पहले की तरह नंबर दो पर ही रहकर नीतीश सरकार को बेदखल करने की कोशिश करेगी। संभावना है कि कुल 243 सीटों में से आरजेडी करीब150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 55-60 सीटों पर लड़ेगी और बाकी पर गठबंधन की शेष पार्टियां जोर आजमाएंगी। बताने की जरूरत नहीं कि बिहार की राजनीति सौ प्रतिशत जातीय अंकगणित पर आधारित है। यहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों की संख्या इतनी है कि वह जिसके पक्ष में चाहे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। इन जातियों का वोटर भले ही भाजपा के साथ न हो लेकिन नीतीश कुमार के साथ हैं। यह बड़ी वजह है कि बिहार की ऊंची जातियां कांग्रेस अथवा उसके गठबंधन के साथ आती जाती रहती हैं। माना जा रहा है कि इसी समीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने यहां मोहन प्रकाश को प्रभारी तो अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा था। मौजूदा समय में ये दोनों अपने पदों पर नहीं हैं। निश्चित ही अपने अपने पदों से हटे इन दोनों नेताओं से भितरघात की संभावना तनिक भी नहीं है कांग्रेस के तमाम नेताओं, कुछ विधायकों से बात चीत से ऐसा लगा कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रहे अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाए जाने का दुख है। अखिलेश प्रसाद सिंह भूमिहार हैं और उनका भूमिहार वोटरों पर खासा प्रभाव है। कांग्रेस ने उन्हें हटाकर राजेश कुमार नामक एक दलित विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है ताकि दलित वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो। बिहार कांग्रेस नेताओं और विधायकों की चिंता यह है कि नए दलित प्रदेश अध्यक्ष दलितों का वोट कांग्रेस को शायद न दिला पाएं, भूमिहार वोटरों का कांग्रेस से खिसक जाने का खतरा जरूर है।

कांग्रेस की एक महिला विधायक जिसका की नाम देना यहां जरूरी नहीं है "उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा कि इस बार सबकुछ ठीकठाक चल रहा था, राहुल गांधी का लगातार दौरा हो रहा था, कन्हैया कुमार पदयात्रा कर लोगों में कांग्रेस का अलख जगा रहे थे, निश्चित ही इस मेहनत का फायदा कांग्रेस को मिलता लेकिन बिना किसी कारण के प्रदेश अध्यक्ष के बदल देने का संदेश ठीक नहीं गया। कांग्रेस कह तो रही है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम इससे अच्छी सुविधाएं देंगे लेकिन जनता है कि वह सुनती ही नहीं। सीधे कहती है कि अभी तो ये सब मिल ही रहा है, कांग्रेस जब आएगी तब देखा जाएगा। एक कांग्रेस विधायक ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को शामिल करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

कैसे हो परमात्मा से जुड़ाव

गौरव वाजपेयी 'स्वप्निल'
कर अधिकारी, बलरामपुर

मानव जीवन क्षणभंगुर है। कब क्या हो जाये, पता नहीं? इसलिये अपना दैनिक जीवन जीते हुए भी हम सबको उस ईश्वरीय शक्ति से सदैव जुड़े रहना चाहिये। चलते-फिरते भी हम उस परमसत्ता का स्मरण करते रहें और अपने हर कार्य के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर उसके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें। प्रयास करें कि यह हमारी दैनिक आदत में शामिल हो क्योंकि परमात्मा से जुड़ाव के लिए भी अभ्यास आवश्यक है। हमें कभी नहीं सोचना चाहिए कि ईश्वर की भक्ति जीवन के अन्तिम समय की चीज है। मानव जीवन बड़ा अनिश्चित है, अतः कौन सा समय अन्तिम समय हो जाए, कहा नहीं जा सकता। ईश्वर के प्रति समर्पण हमारे आत्मविश्वास को प्रबल करता है। उसकी निरन्तर स्मृति हमारी लौकिक क्षमताओं में वृद्धि करती है और हम पाते हैं कि हमारे सभी लौकिक कार्य अच्छे से सम्पादित हो रहे हैं। यह इसलिए होता है क्योंकि ईश्वर से जुड़े रहने से हमारा मन शांत रहता है और शांत रहने से हमारी एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ती जाती है, जिससे हम अपना हर काम ध्यानपूर्वक और बिना विचलित हुए कर पाते हैं। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण ही उसकी प्राप्ति का सहज मार्ग है। श्रीमद्भगवद्गीता के नवें अध्याय के चौंतीसवें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश करते हुए कहते हैं- "मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।/मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः।।" अर्थात मुझमें मनवाला हो, मेरा भक्त बन, मुझमें पूजन करने वाला हो, मुझको प्रणाम कर। इस प्रकार आत्मा को मुझमें नियुक्त करके मेरे परायण होकर तू मुझको ही प्राप्त होगा।

अब प्रश्न उठता है कि भगवान में मन कैसे लगाया जाए? बाबा तुलसीदास जी ने कहा है- "जन्म जन्म मुनि जतनु कराहीं। अंत राम कहि आवत नाहीं।।" संसार में उन्मुख जीव की भगवान में रुचि होना सहज नहीं है। इसके लिए भी अभ्यासपूर्वक उपाय करना होगा। संतों की संगति, भगवान की कथा, लीला एवं गुणों को सुनना, वेद, उपनिषद, पुराण, गीता, रामायण आदि ग्रंथों का अध्ययन-अनुशीलन, प्रभु का नामस्मरण, भजन-कीर्तन, प्रभु के रूप का चिन्तन तथा उनमें अखण्ड विश्वास, भगवद्भक्तों की सेवा, सभी में ईश्वर का दर्शन, संतोष, निश्चलता एवं सरलता आदि उपायों के द्वारा अपने मन को निरन्तर प्रभु से जोड़े रखने का अभ्यास किया जा सकता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण के वचनों के अनुसार इस तरह के उपायों द्वारा अपनी आत्मा को प्रभु से जोड़कर हम परमात्मा का ही स्वरूप (आत्मस्वरूप) हो जायेंगे अर्थात परमात्मा में सब प्रकार समर्पण द्वारा ही अपने सत्य स्वरूप (परमात्म स्वरूप के साथ एकात्मता) को प्राप्त कर सकेंगे।

सींखचों में चूजे

डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

महानगरों में रहने वाले हर सुधी जन ने कभी न कभी यह दृश्य किसी न किसी रूप में अवश्य देखा होगा जब बेजुबान चूजों का एक विशाल दल बेबसी अवस्था में लोहे के जालीदार सीखचों के पीछे पिजरे में बंद अपने नियति से अनजान किसी अघोषित स्थान पर अंतिम बलिदान के लिए ले जाया जा रहा होगा। इन नितांत असहाय प्राणियों की दशा पर किसी को भी तरस आना स्वाभाविक होगा पर शहर की निर्मम व्यस्तता में सब कुछ खो जाता है। सहज मानवता इस भागमभाग जिंदगी की सबसे पहले बलि चढ़ती है। दिल्ली और अन्य शहरों में यह वीभत्स क्षण अक्सर देखने को मिल जाते है। प्रातःकाल चिकित्सालय जाते समय सड़क पर मिनीबस नुमा गाड़ी में सात मंजिले कठघरे में सैकड़ों चूजे अपने अपने प्रकोष्ठों में अपने स्वजातियों के मूत्र, विष्ठा और लार में नहाने को विवश भयभीत सिकुड़ कर बैठे हुए निर्द्वन्द भागती गाड़ी के अंदर बैठे हुए थे। गाड़ी के ऊपर बने इस दरबेनुमा कठघरे में छोटी-छोटी कई कोठरियां थी जिनके अंदर छह से सात चूजे ठूंस ठूंस कर भर दिए गए थे।

सब अज्ञात अनंत पथ की पर बढ़ रहे थे। सबके अंदर भयानक खलबली थी। कठघरे से निकालते समय भी ये बुरी तरह से डरे हुए होंगें। आखिर बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी? थोड़ी देर में ये सब कसाइयों को सौप दिये जाने वाले हैं और फिर कसाई की छूरी एक एक के गर्दन पर उन्हें हलाल या निर्दयता पूर्वक कलम करके ही दम लेगी। क्रूर कसाई के हाथों में फड़फड़ाते वक्त भी उनके प्राण एक क्षण के लिए पुतलियों में जाकर अटक जायेंगे। पुतलियां विस्फरित होकर कसाई के अगले घातक वार के समय यमराज के यहां प्रस्थान की तैयारी करेंगी। उसके बाद दुकान पर चूजों के गोश्त के लोथड़े छितरे-बितरे पड़े होंगे। इन मांस-खून से लिपटे टुकड़ों में एडरलीन-नारएडरलीन जैसे विषैले रसायन भरपूर मात्रा में उपस्थित होंगे क्योंकि काटे जाने के पूर्व ये चूजे थर-थर कांप रहें होंगे। भयातुर होंगे। आखिर उन्हें कसाई के छूरे-गड़ासे का सामना करना था। उस दशा में उनकी अंतःस्रावी ग्रंथियों से एडरलीन-नारएडरलीन नामक रसायनों का निकलना स्वाभाविक सुरक्षात्मक प्रक्रिया का क्रम था। इन रसायनों के अतिरिक्त वातावरण की प्रदूषित वस्तुएं भी अदृश्य रूप से इन मांस पिंडों में प्रभूत रूप से मौजूद होंगी। मैं सोच रहा था इन चूजों का मांस-मज्जा खाने वाले लोग मुर्ग-मुसल्लम या चिकेन व्यंजन का उपभोग करने वाले लोग कैसे खुश रहते होंगे? उनकी जिह्वा को तात्कालिक स्वाद भले मिलता हो पर इन मांसाहारियों को कम उम्र में ही बढ़े कोलेस्ट्रॉल, शुगर और उच्चरक्तचाप (अधिक बीपी) की समस्या से दो दो हाथ तो करना ही पड़ेगा। पशु-पक्षियों के प्रति निर्दयता और क्रूरता की पराकाष्ठा के विरुद्ध गला फाड़ फाड़ कर शोर मचाने वाले उन गैर सरकारी संघटनों को क्या कहा जाए जो गांधी जी के तीन बंदरों की भांति ऐसे दृश्यों को देख कर सुना-अनसुना कर देते हैं? सींखचों के पीछे जकड़े ये मूक-निस्सहाय चूजे अपने प्राणों की भीख तो मांग ही रहे हैं साथ साथ मानवता की दुहाई भी दे रहे हैं कि हे मानव तुम हमें बचा कर अपना भी अतिशय कल्याण करोगे। हमें अपना आहार मत बनाओ। हमारा खून क्यों बहाते हो? क्या उनकी पुकार कोई सुन रहा है?

समय की जरूरत है राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना की समझ

डॉ. आनंद के. सिंह
प्रोफेसर, हिन्दू कालेज, मुरादाबाद

> राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

भारत की सीमाओं पर बढ़ती अस्थिरता, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, और आंतरिक सुरक्षा के बहुआयामी संकट हमें इस मूलभूत प्रश्न की ओर ले जाते हैं कि ...क्या भारत के नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संस्कृति के प्रति पर्याप्त रूप से सजग हैं? उत्तर स्पष्ट है-अभी नहीं। जबकि सैन्य, कूटनीति और तकनीक के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है, आम नागरिकों की सामूहिक चेतना में अभी तक सुरक्षा और रणनीतिक सोच गहराई से नहीं उतर पाई है। दरअसल यह मात्र एक शैक्षणिक अथवा नीतिगत मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और गौरव का प्रश्न बन चुका है।

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

रणनीतिक संस्कृति का अर्थ है राष्ट्र की सुरक्षा, विदेश नीति और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली सोच और दृष्टिकोण की परिपक्वता। चीन और अमेरिका जैसे देश दशकों से इसे अपने नागरिकों में शिक्षित कर रहे हैं। भारत में यह संस्कृति या तो विशिष्ट संस्थानों में सीमित है या फिर राजनीतिक विमर्श के कोलाहल में दब जाती है। यह एक चिंताजनक स्थिति है क्योंकि कोई भी नीति या सैन्य रणनीति तभी कारगर हो सकती है जब उसे जनसमर्थन और जनचेतना का आधार प्राप्त हो।

हमारे विश्वविद्यालयों में अधिकांश छात्र यह नहीं जानते कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति क्या है? उसके लक्ष्य क्या हैं? और भारत की सीमाएं किन चुनौतियों से जूझ रही हैं? रक्षा अध्ययन जैसे विषय कुछ चुनिंदा संस्थानों तक सीमित हैं और सामाजिक विज्ञान की मुख्यधारा से अभी भी दूर हैं। यह विडंबना ही है कि जिस देश ने कारगिल, पठानकोट, पुलवामा जैसे हमलों का सामना किया हो, वहां के नागरिकों को सुरक्षा संस्कृति के विषय में जानकारी नहीं है।

मीडिया में भी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की कवरेज अक्सर सतही या सनसनीखेज होती है। गहराई में जाकर विषयों की पड़ताल और नागरिकों को शिक्षित करने का जो उत्तरदायित्व मीडिया निभा सकता था, वह अभी बहुत सीमित है। इसी तरह, हमारी पाठ्यपुस्तकों में राष्ट्रीय सुरक्षा और स्त्रातजीय मामलों को या तो अनुपस्थित रखा गया है अथवा इसे अप्रासंगिक दृष्टिकोण से देखा गया है।

मैं मानता हूं कि-भारत को शीघ्र ही एक औपचारिक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नागरिको के लिए सार्वजनिक करनी चाहिए, जिसमें सैन्य, आंतरिक, साइबर, जैविक और आर्थिक सुरक्षा जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयवस्तु शामिल हों। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा, रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से संबंधित पाठ्यक्रमों को अनिवार्य बनाया जाए। जिस प्रकार देश में स्वच्छता और मतदान के लिए अभियान चलाए गए, वैसे ही राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना के लिए भी सघन अभियान चलाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में "रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज)" विषय को और अधिक संस्थानों में शुरू किया जाए और इसे मुख्यधारा में लाया जाए। 'मीडिया हाउसों को भी चाहिए कि वे सुरक्षा संबंधी विषयों पर विशेषज्ञ आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करें और नागरिकों को भावनात्मक नहीं बल्कि संवेदनशील तथा तर्कपूर्ण ढंग से शिक्षित करें।

राष्ट्र मात्र सीमाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सामूहिक चेतना से सुरक्षित रहता है। जब प्रत्येक नागरिक अपने देश के कर्तव्यों, चुनौतियों और रणनीतिक विकल्पों के प्रति सजग होता है, तभी वह राष्ट्र वास्तविक रूप से शक्तिशाली बन सकता है। भारत जैसे उभरते शक्ति केंद्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने नागरिकों में न केवल राष्ट्रप्रेम, बल्कि सुरक्षा और रणनीतिक चेतना को भी विकसित करे। यही समय की मांग है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

विधायक सुमित हृदयेश ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से की फोन पर वार्ता, मुहिम पर जताई आपत्ति

प्रशासन 140 घरों को उजाड़ने का कर रहा काम : सुमित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : आवास विकास क्षेत्र में स्थित देवखड़ी नाले के किनारे बसे लोगों को प्रशासन का नोटिस मिलने के बाद वहां हड़कंप मचा हुआ है। लोगों की परेशानी जानने के लिए विधायक सुमित हृदयेश मौके पर पहुंचे और लोगों का आश्वासन दिया कि वह उनकी समस्या के समाधान के लिए पूरी कोशिश करेंगे।

आवास विकास क्षेत्र में स्थित देवखड़ी नाले के किनारे बसे 140 से अधिक मकानों को जिला प्रशासन ने अतिक्रमण करार देते हुए 15 दिन के भीतर हटाने का नोटिस जारी किया है। प्रशासन का तर्क है कि नाले में अवैध निर्माणों के कारण बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे जनहानि और संपत्ति का नुकसान होता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। इससे क्षेत्र के निवासियों में गंभीर चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है। विधायक सुमित हृदयेश भी मौके पर पहुंचे और पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने जिला प्रशासन के रवैये को तानाशाही पूर्ण बताते हुए कहा कि पहले सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लोगों के मकान तोड़े गए, और अब देवखड़ी नाले के नाम पर आम जनता को बेघर करने की तैयारी की जा रही है। विधायक हृदयेश ने कुमाऊं कमिश्नर व मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत से फोन पर बात कर पूरे मामले की जानकारी दी और पीड़ितों की समस्याओं का समाधान निकालने का आग्रह किया। इस पर कमिश्नर दीपक रावत ने सभी प्रभावित नागरिकों को बुधवार को कैंप कार्यालय में मिलने का समय दिया है। विधायक ने कहा कि यह सिर्फ दीवारों और छतों की नहीं, बल्कि इंसानियत, सम्मान और जीवन की लड़ाई है। इस दौरान गोपाल भट्ट, गुरुप्रीत प्रिंस, हर्षित भट्ट, सुरेश किरौला, धीरज जोशी, तरुण सुयाल, जगमोहन सिंह, प्रकाश कन्याल, कमल कालाकोटि, अर्जुन सिंह, प्रिंस आहूजा, हरबंस सिंह, मधुकर बनौला, देवकी देवी, हेमा जोशी, तारा जोशी, नीमा, प्रेमा रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आवास विकास में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुमित। ● अमृत विचार

आशंका : कर्जदार साले ने साथियों के साथ मिलकर की जीजा की हत्या

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- चार दिन पहले टांडा जंगल में हुए हत्याकांड में पुलिस खुलासे के काफी करीब
- मुंहबोले साले को मृतक ने उधार दिए थे एक लाख रुपए साला फरार

अमृत विचार : टांडा जंगल में जिस व्यक्ति की हत्या की गई, पुलिस ने न सिर्फ उसकी शिनाख्त कर ली है, बल्कि अब खुलासे के भी बेहद नजदीक है। ऐसा सामने आ रहा है कि भूपेंद्र ने अपने जिस मुंह बोले साले को रुपए उधार दिए थे, उसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर जीजा को मार डाला और उसने इस वारदात को सिर्फ इसलिए अंजाम दिया ताकि उसे रुपए वापस न करना पड़े ।

फुलसुंगी कृष्णा ग्रीन कालोनी रुद्रपुर निवासी भूपेंद्र चौहान का शव 12 जून को टांडा जंगल में रुद्रपुर और ऊधमसिंह नगर जिले की सीमा पर रामपुर रोड पर स्थित रेलवे फाटक से एक किलो मीटर अंदर मिला था। पुलिस मौके पर तो पहुंची, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। 13 जून को करन चौहान अपने ताऊ रविंद्र के साथ हल्द्वानी मोर्चरी पहुंचा और मृतक की शिनाख्त अपने पिता भूपेंद्र चौहान के रूप में की। करन की मानें तो 11 जून की शाम छह बजे उसके पिता एक फोन आने पर घर से निकले थे और तभी से वह लापता थे। उसने ट्रांजिट कैंप थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। पोस्टमार्टम में पता चला कि सिर पर वार कर भूपेंद्र को मौत के घाट उतारा गया। सूत्रों की मानें तो भूपेंद्र ने अपने एक मुंह बोले साले को एक लाख रुपये उधार दिए थे और साला रुपये वापस नहीं कर रहा था। इस बीच उसने एक बाइक भी खरीदी और यह भूपेंद्र को बुरा लगा। बुरा इसलिए कि उधारी वापस करने के बजाय वह बाइक खरीद ले आया। हालांकि बाद उसने बाइक भी गिरवी रख दी। इसके बाद से भूपेंद्र ने अपने रुपयों की मांग तेज कर दी। बताया जाता है कि इसी वजह से मुंह बोले साले ने भूपेंद्र को मार डाला। सूत्रों के अनुसार जांच में यह भी सामने आया है कि जिस शाम भूपेंद्र के पास फोन आया था, वो फोन मुंह बोले साले ने ही किया था। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि जिस तरीके से घटना को अंजाम दिया गया है, ऐसा लगता है कि यह किसी एक का काम नहीं है। पुलिस खुलासे के बेहद नजदीक है।

एक नजर

लैब तकनिशियनों का संकट

हल्द्वानी, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों के तबादले होने की वजह से अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ा है। सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल से तीन लैब तकनिशियनों का तबादला किए जाने की वजह से वहां काम पर असर पड़ा है। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों के साथ ही अन्य कर्मचारियों के बड़े पैमाने पर तबादले किए गए थे। बेस अस्पताल में पहले से ही कर्मचारियों का संकट है ऊपर यहां से तीन लैब तकनिशियनों का तबादला अन्य अस्पतालों में कर दिया गया है। दिक्कत यह है कि इनकी जगह कर्मचारियों को नहीं भेजा गया है। पीएमएस डॉ. केके पांडे के अनुसार अनुमान है कि शीघ्र ही कर्मचारियों को भेज दिया जाएगा।

मीरा बनीं प्रतियोगिता की स्टार खिलाड़ी

हल्द्वानी/कालाढूंगी : आप्टिमम टेनिस एकेडेमी में प्रथम स्व वेदप्रकाश गुप्ता स्मृति आइटा अंडर-12 एवं अंडर-14 गर्ल्स-ब्वायज सुपर सीरीज टेनिस प्रतियोगिता 2025 का समापन शनिवार को हुआ। अंडर-12 बालिका वर्ग के सिंगल्स फाइनल में देहरादून की उभरती खिलाड़ी मीरा सिंह चौधरी ने उत्तर प्रदेश की अदित्रि सिंह को शानदार खेल के दम पर 6-3, 6-3 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। वहीं, अंडर-14 डबल्स फाइनल में मीरा सिंह चौधरी और कर्नाटक की एनीसा मारियान की जोड़ी ने देहरादून की माहिरा भाटिया और अदित्रि सिंह की जोड़ी को बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबले में 7-6, 6-7, 10-8 से मात दी। इसके साथ ही मीरा सिंह चौधरी ने प्रतियोगिता में कुल तीन ट्राफियां कीं जिसमें अंडर-12 सिंगल्स विजेता, अंडर-14 डबल्स विजेता, और अंडर-14 सिंगल्स उपविजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। मीरा के इस शानदार प्रदर्शन से उत्तराखंड टेनिस को नया सितारा मिला है।

आफत के लिए तैयार रहें रकसिया व देवखड़ी नालों के अतिक्रमणकारी

प्रशासन ने चिह्नित किए 592 अवैध निर्माण, इनसे नालों का रास्ता हो गया आधा

- 386 अतिक्रमण रकसिया नाले में
- 206 अवैध निर्माण देवखड़ी में चिह्नित
- 15 दिनों में अतिक्रमण हटाने का थमाया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्राकृतिक नालों पर अतिक्रमण करने वाले इस बार भी आफत के लिए तैयार रहें। मानसून में रकसिया और देवखड़ी का तांडव हो सकता है। इस तबाही के लिए जिम्मेदार भी ये अतिक्रमणकारी ही हैं, जिन्होंने रकसिया के आठ मीटर चौड़े रास्ते पर अवैध कब्जा कर चार और देवखड़ी के रास्ते को छह से घटाकर तीन मीटर कर दिया। हालांकि प्रशासन ने नालों पर अतिक्रमण करने वालों को 15 दिनों अवैध कब्जा हटाने के लिए नोटिस थमाए हैं।

नैनीताल डीएम वंदना ने रकसिया, देवखड़ी और कलसिया नालों पर अतिक्रमण के लिए राजस्व, नगर निगम, लोनिवि, वन, सिंचाई, भू वैज्ञानिक विशेषज्ञ व जीआईएस विश्लेषकों की संयुक्त टीम बनाई थी। इस टीम ने ड्रोन मैपिंग, जीआईएस सर्वे और राजस्व अभिलेखों से मिलान करते हुए नालों में अवैध निर्माण चिह्नित कर लिए हैं। सर्वे में बहुत ही हैरान करने वाला खुलासा हुआ। रकसिया नाले का राजस्व के रिकॉर्ड में चौड़ाई आठ से 10 मीटर थी जिस पर अवैध कब्जा कर चार मीटर तक कर दिया गया।

यह भी एक दो नहीं बल्कि 386 अतिक्रमण किए गए। नाले में घर-दुकान बना लिए गए। उधर, दमुवाढूंगा के जंगलों से आने वाले प्राकृतिक देवखड़ी नाला जो कि राजस्व रिकॉर्ड में 5 से 6 मीटर दर्ज था, जिस पर अवैध कब्जा कर तीन से चार मीटर कर दिया गया।

शर्मनाक तो यह है कि अवैध निर्माण के बाद नालों में कूड़ा फेंका गया जिस वजह से मलबा, कूड़े की वजह से पानी की निकासी के लिए रास्ता नहीं मिलता है। फिर पानी रकसिया व देवखड़ी किनारे बसे मोहल्लों में तबाही मचाता है। फिलहाल प्रशासन ने कुल 592 अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाए हैं। इन अतिक्रमणकारियों को 15 दिनों में नाले से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए हैं। यदि इस अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो प्रशासन का बुलडोजर इन पर गरजेगा।

ड्रोन मैपिंग से लिए फोटो में दिख रहा कि अतिक्रमण से नाला संकरा हो गया।

सरकारी महकमे भी अतिक्रमण में पीछे नहीं

हल्द्वानी : प्राकृतिक नालों में अतिक्रमण में सरकारी महकमे भी पीछे नहीं हैं। नगर निगम ने तो रकसिया नाले में सार्वजनिक पार्क बना दिया। कहीं स्कूल तो कहीं इमारत बना दी गई। इसी तरह देवखड़ी नाले में सरकारी विभाग ने अतिक्रमण किया है।

कलसिया में होगा संयुक्त सर्वे

हल्द्वानी : काठगोदाम का कलसिया नाला सरकारी दस्तावेजों में नैनीताल तहसील में दर्ज है इसलिए इस नाले पर अवैध कब्जों के सर्वे के लिए नैनीताल व हल्द्वानी प्रशासन की संयुक्त टीम बनाई जाएगी। यह टीम जल्द ही सर्वे करेगी ताकि अतिक्रमण चिह्नित कर रिमूवल के नोटिस थमाए जाए।

> देवखड़ी व रकसिया नालों के अतिक्रमणकारियों को 15 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। यदि निर्धारित अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो बलपूर्वक ध्वस्तीकरण होगा। इसके लिए एक विशेष प्रवर्तन दल गठित किया गया है।
> **-राहुल साह**, एसडीएम हल्द्वानी

सफाई कर्मचारियों का धरना भी जारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ का बेमियादी धरना शनिवार को 10वें दिन भी जारी रहा। प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार के नेतृत्व में इस आंदोलन में कर्मचारियों का जोश कायम है। धरने के दौरान नगर निगम कार्यालय बंद होने के बावजूद कर्मचारी डटे रहे। अमित कुमार ने स्पष्ट किया कि जब तक कर्मचारियों की सभी मांगों का समाधान नहीं हो जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संघ की प्रमुख मांगों में अस्थाई सफाई कर्मचारियों के एक साल के रुके एरियर का भुगतान, पर्यावरण पर्यवेक्षकों की नियुक्ति वरिष्ठता व योग्यता के आधार पर, मोहल्ला स्वच्छता समिति में स्थायी व जरूरतमंदों को शामिल करना, और वर्ष 2011 से ईपीएफ का लाभ देना शामिल हैं। इस आंदोलन को विजय पाल, लक्की सहित अन्य सफाई कर्मचारियों का भी पूरा समर्थन प्राप्त है।

हृदय रोग केंद्र के विस्तार की कोशिश शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिला उद्योग केंद्र के पास बने हृदय रोग केंद्र के विस्तार के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने कसरत शुरू की है। एसटीएच में अब कैथलैब बनाई जा रही है। कैथलैब बनाने में अभी एक साल का समय और लग सकता है। संभावना है कि कैथलैब में कम से कम तीन कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाएगी। इससे पहले हल्द्वानी के हृदय रोग केंद्र में कुमाऊं भर के मरीज आते थे। यहां कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विमल पंत के निधन के बाद यह केंद्र बंद हो गया। अब इस केंद्र में स्वास्थ्य विभाग का सामान रखा रहता है। सीएमओ नैनीताल डॉ. हरीश चंद्र पंत ने हृदय रोग केंद्र के विस्तार के लिए शासन में पत्र भेजा है।

एसटीएच के मेडिकल स्टोर लंबे समय से लटका है ताला

संवाददाता, हल्द्वानी

- एसटीएच में मेडिकल स्टोर वाली जगह बंद, फार्मेसी बनाए जाने के किए थे दावे

अमृत विचार : डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल ने एक निजी फर्म से कड़ी मशक्कत के बाद तीन साल में मेडिकल स्टोर खाली कराया। अब छह माह बाद स्टोर पर ताला लटका है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने वर्ष 2019 में बरेली की एक कंपनी को मेडिकल स्टोर के लिए एसटीएच के मुख्य गेट के समीप दुकान आवंटित की थी। इस मेडिकल स्टोर के स्वामी और कॉलेज प्रशासन के बीच एक नवंबर 2018 से 31 अक्टूबर 2021 यानि तीन वर्ष का अनुबंध हुआ था। प्रतिवर्ष किराया पांच करोड़ 66 लाख 40 हजार रुपये तय हुआ था। कोरोना काल के बाद दुकान स्वामी ने किराया देना बंद कर दिया। उसने किराया माफ के लिए प्रशासन से लेकर शासन तक अधिकारियों गुहार लगाई, लेकिन बात नहीं बनी। दुकान स्वामी ने कोर्ट की शरण ली, वहां से भी दुकान स्वामी को राहत नहीं मिली। 13 मई 2024 को प्रशासन ने मेडिकल स्टोर का ड्रग लाइसेंस नवीनीकरण न होने पर दुकान को पूर्णतया बंद करवा दिया था। बाद में कॉलेज प्रशासन को यह भी पता चला था कि बिना ड्रग लाइसेंस के मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा है। 23 दिसबंर 2024 को प्रशासन के साथ मिलकर अस्पताल प्रबंधन ने बलपूर्वक मेडिकल स्टोर को खाली करवा दिया। अस्पताल प्रबंधन ने दावा किया कि इस जगह का इस्तेमाल अब मरीजों के हित में किया जाएगा। जिस जगह का ठेका प्रतिवर्ष 5.66 करोड़ में उठा था उस जगह पर फिलहाल ताला लगा हुआ है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि इस जगह के इस्तेमाल के लिए वार्ता चल रही है। शीघ्र ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda
काशीपुर मुख्य शाखा, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, काशीपुर मुख्य शाखा श्रीमती प्रीति अग्रवाल पत्नी श्री अजय कुमार अग्रवाल, श्री प्रियांशु कुमार अग्रवाल पुत्र श्री अजय कुमार अग्रवाल तथा श्री दीपांशु कुमार अग्रवाल पुत्र श्री अजय कुमार अग्रवाल (स्वर्गीय श्री अजय कुमार अग्रवाल के सभी वारिस) के नाम पर स्थित नीचे उल्लिखित संपत्ति को अपने एक ग्राहक द्वारा अनुरोधित ऋण/क्रेडिट सुविधा के लिए सुरक्षा के रूप में स्वीकार करना चाहती है।
यदि किसी को नीचे उल्लिखित संपत्ति पर कोई अधिकार/स्वामित्व/हित/दावा है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने दावे को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक सबूत के साथ 10 दिनों के भीतर बैंक से संपर्क करें।
यदि 10 दिनों के भीतर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि संपत्ति किसी भी प्रभार/दावे/भार से मुक्त है और बैंक बंधक के साथ आगे बढ़ेगा।

संपत्ति का विवरण

बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 185, ग्राम- पैगा, तहसील- काशीपुर, ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 0.862 हेक्टेयर या 8620 वर्ग मीटर। सम्पत्ति सेल डीड सं. 4698, दिनांक 16.04.2012 एवं लीज डीड सं. 2868, दिनांक 25.06.2020 के अनुसार विधिवत पंजीकृत है। सीमायें - पूरब में प्रीति अग्रवाल का खेत, पश्चिम में करतार सिंह का खेत, उत्तर में सड़क, दक्षिण में बलवीर सिंह व अन्य का खेत।

बैंक ऑफ बड़ौदा, काशीपुर मुख्य शाखा — संपर्क नं. 8477009660 — नरेंद्र कुमार एडवोकेट 9412153081

समता आश्रम गली के बाहर शरबत वितरण करतीं समता महिला मंडल की सदस्याएं।

समता महिला मंडल ने गर्मी में बांटा शरबत

हल्द्वानी, अमृत विचार : गर्मी के प्रचंड प्रकोप को देखते हुए समता महिला मंडल की ओर से शनिवार को रामपुर रोड पर राहगीरों को शरबत वितरित किया गया। तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच ठंडा शरबत पाकर राहगीरों के चेहरे खिल उठे। इस सेवा कार्य में मंडल की कई महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल रहीं। उन्होंने राह चलते लोगों, रिक्शा चालकों और दुकानदारों को शरबत पिलाया और जल संकट व गर्मी से सावधानी बरतने की अपील भी की। समता महिला मंडल की महिलाओं का कहना है कि आयोजन का उद्देश्य लोगों को गर्मी से राहत देना और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ी सामाजिक एकता और सद्भाव का प्रतीक होते हैं। इस दौरान सरिता नरुला, एकता रावत, स्नेहा अग्रवाल, सपना गुप्ता, कल्पना बंसल, सविता अग्रवाल, अंजलि गुप्ता, रिंकी सचदेवा रहीं।

सीएम करेंगे एस्ट्रोटर्फ का उद्घाटन

- राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता भी होगी आरंभ

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। अगामी 23 जून, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर एक सौगात मिलने जा रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 18 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हाकी एस्ट्रोटर्फ का उद्घाटन करेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की जानकारी देते हुए उपनिदेशक खेल, रसिका सिद्दीकी ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम के दिन से ही राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का भी शुरुआत की जाएगी। यह युवाओं में खेल के प्रति रुचि जागृत करेगा और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में सहायक होगा। हॉकी एस्ट्रोटर्फ की विशेषताओं में अत्याधुनिक ट्रैक, प्रशिक्षण केंद्र, फिटनेस ज़ोन, इनडोर गेम्स सुविधाएं, खिलाड़ियों के लिए विश्राम गृह और दर्शकों के लिए बैठने की उच्च स्तरीय व्यवस्था शामिल हैं। हॉकी एस्ट्रोटर्फ की स्थापना से उत्तराखंड हॉकी को एक नई उड़ान मिलेगी, साथ ही यहां राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिताओं का मार्ग भी प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री धामी के प्रस्तावित उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर खेल विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स न केवल उत्तराखंड के खिलाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। सरकार की यह पहल 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसे राष्ट्रीय अभियानों को भी बल प्रदान करेगी।

गौलापार में बना हॉकी एस्ट्रोटर्फ।

गर्मी का पारा चढ़ा, पानी की बढ़ी मांग

- शहर में 20 टैंकरों से की जा रही है पानी की आपूर्ति
- दमुवाढूंगा में पानी की सबसे ज्यादा किल्लत

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर में पड़ रही भीषण गर्मी से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित किया है। तापमान लगातार 40 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जिससे लोगों की जल जरूरतें बढ़ गई हैं।

ऐसे में शहर में पानी के टैंकरों की मांग रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई है। शहर में 20 टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। शहर के कई इलाकों में जल संकट गहराने लगा है। कुसुमखेड़ा, हीरानगर, नवाबी रोड, दमुवाढूंगा और शीशमहल में लोगों को नलों से नियमित जल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। पानी की बढ़ती डिमांड को देखते हुए जल संस्थान ने ने भी टैंकर सेवा की संख्या बढ़ाई है। जल संस्थान के ईई आरस लोशाली ने बताया, हमारी टीम हर वार्ड में पानी की आपूर्ति पर नजर रख रही है। जिन इलाकों में नियमित सप्लाई नहीं हो पा रही, वहां टैंकर भेजे जा रहे हैं। हालांकि, आम जनता का कहना है कि टैंकरों के इंतजार में कई घंटे लग जाते हैं और कई बार निजी टैंकर चालक मनमाना शुल्क वसूलते हैं। स्थानीय निवासी हीरानगर निवासी संजय जोशी ने बताया, पानी के लिए हमें रोजाना जद्दोजहद करनी पड़ रही है। टैंकर वाले 500 से 800 रुपये तक मांगते हैं। वहीं, मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले हफ्ते में गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं है। इससे पानी की मांग और अधिक बढ़ सकती है। शहरवासी उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही मानसून पहुंचे और पानी की इस समस्या से राहत मिले।

पानी भरनें के लिए टैंकरों की लगी लाइन।

बिठौरिया और हिम्मतपुर तल्ला का नलकूप खराब

शहर में पड़ रही तेज गर्मी के बीच बिठौरिया और हिम्मतपुर तल्ला के निवासियों की परेशानी और बढ़ गई है। इन दोनों क्षेत्रों में स्थित नलकूप तकनीकी खराबी के चलते बंद पड़े हैं, जिससे सैकड़ों परिवारों को पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार बीते तीन दिनों से इन इलाकों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है। न तो नलों से पानी आ रहा है और न ही समय पर टैंकर पहुंच रहे हैं। इससे लोगों को पीने के पानी से लेकर रोजमर्रा के कामों के लिए भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी, अमृत विचार : एकता जनसेवा फाउंडेशन करप्शन सेल की ओर से अहमदाबाद में विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश अध्यक्ष शिवम ठाकुर ने कहा कि हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी समेत 266 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

संगठन ने कालाढूंगी चौराहे स्थित शहीद स्मारक पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से दिवंगत को आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान पान चिलवाल, गणेश नेगी, पुष्कर बोरा, मोहम्मद नबी, लक्ष्मी नारायण, शशि गुप्ता, प्रकाश, अमित आर्य मौजूद थे

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

एक नजर

चार वारंटी किए गिरफ्तार

काशीपुर : कोतवाली पुलिस द्वारा विभिन्न न्यायालयों से जारी गैर जमानतीय आदेशिकाओं के अनुपालन में विभिन्न मामलों के फरार चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया है ।बीते दिन पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे मोहम्मद असद निवासी थाना साबिक, मोहम्मद फैजान निवासी मोहल्ला अल्ली खां, अमन वर्मा निवासी शुगर मिल रोड व नितिन निवासी होली चौक टांडा उज्जैन को दबिश देकर गिरफ्तार किया है । पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज धौनी व सुनील सुतेड़ी, हेड कांस्टेबल संजय कुमार व प्रमोद कुमार, कांस्टेबल तारा चन्द्र व दिनेश त्यागी आदि शामिल रहे ।

काशीपुर में अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

काशीपुर : अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी होने के मामले में एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर सौंपकर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है । कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में रेलवे कॉलोनी व हाल खड़कपुर देवीपुरा निवासी संजय पुत्र स्व . कृपाल सिंह ने बताया कि बीती 11 मई 2025 की रात करीब 12 .30 बजे के आसपास उसकी बाइक संख्या यूके 18एन 7921 को जेडी अस्पताल के बाहर से अज्ञात चोर चोरी कर ले गए ।

कच्ची शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर : कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने कच्ची शराब बेचते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की है । आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया गया है । शनिवार सुबह पुलिस ने गश्त के दौरान मालवा फार्म रोड पर एक वीरान मकान के अंदर से ग्राम रम्पुरा निवासी मोंटी सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे के अंदर कुल 21 बड़े-छोटे पाउच करीब 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की । पुलिस टीम में चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट, एसआई संतोष देवरानी, कांस्टेबल वीरेंद्र बिष्ट, सुनील कुमार शामिल रहे ।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में चोरों ने किया हाथ साफ

खटीमा : विकासखंड के ग्राम चंदेली में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर से चोरों ने लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया । आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी किरन गुप्ता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि शनिवार की प्रात : ग्राम चंदेली की आशा हेमलता देवी द्वारा उनका फोन से बताया कि आरोग्य मंदिर के ताले टूटे हुए हैं तथा चैनल खुला है । उन्होंने मौके पर पहुंचकर देखा तो इनवर्टर, वाई-फाई, राउटर, बैट्रा, इंडक्शन, दो सीसी टीवी कैमरे तथा डीवीआर आदि कमरे में नहीं थे और बिजली के तार टूटे हुए थे । वहीं उन्होंने खटीमा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है ।

नौकरी छीनने की खुन्नस में रिकवरी ऑफिसर पर हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

- हाउसिंग फाइनेंस कंपनी में है घायल तैनात, पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार: थाना पंतनगर इलाके में एक फाइनेंस कंपनी के रिकवरी ऑफिसर पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमलावर कोई और नहीं, बल्कि कंपनी से निकाले गए कर्मचारी बताए गए हैं जिनके द्वारा नौकरी छीनने का आरोप लगाते हुए घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सामिया लेक सिटी कॉलोनी निवासी अजय गुप्ता ने बताया कि वह हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस कंपनी में रिकवरी ऑफिसर के पद पर तैनात है। 10 जून की शाम साढ़े 7 बजे वह अपनी कार संख्या यूपी 24 एएफ 0640 से घर लौट रहा था और अटरिया रोड मेडिकल कॉलेज के समीप शौच के लिए गाड़ी से उतरा ही था कि अचानक हर्ष भाटिया, राजेश सिंह, राहुल डागर और रेनू आर्या ने सिर पर कांच की बोतल और लाठी डंडों से हमला कर दिया। खून से लथपथ नीचे गिरने के बाद भी बेरहमी से हमला होता रहा और हमलावर बार-बार नौकरी छीनने की बात कहते रहे और जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। आरोप था कि हमलावरों ने कार का शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। चीख पुकार सुनकर जब राहगीर एकत्रित होने लगे तो हमलावर फरार हो गए। आनन फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

डिवाइडर से टकराई बस, 14 घायलों को तीन एंबुलेंस लगाकर बाजपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया

श्रमिकों से भरी प्राइवेट बस दुर्घटनाग्रस्त, 32 घायल

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: नेशनल हाईवे-74 पर श्रमिकों से भरी तेज रफ्तार प्राइवेट बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा बस में सवार 32 श्रमिक घायल हो गए, इनमें से 14 घायलों को तीन एंबुलेंस लगाकर बाजपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रैन ट्रैवल्स कंपनी की प्राइवेट बस संख्या (यूपी31/टी8246) लखीमपुर खीरी पीलीभीत उत्तर-प्रदेश से 32 श्रमिकों को लेकर देहरादून जा रही थी। इसी बीच शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब साढ़े 12 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर दोराहा पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत नया गांव मोड़ के निकट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार 32 श्रमिक घायल हो गए जिनमें से कफारा धनौरी केसरी लखीमपुर खीरी (उप्र) निवासी रेनू (29) पत्नी दिनेश कुमार, रमेश (37) पुत्र राम प्रकाश, पवन (19) पुत्र भारत, राजू (35) पत्र विश्वारन, मदनलाल (38) पुत्र राम भरोसे, मोहम्मद शरीफ (58) पुत्र बाली मोहम्मद, रोहिणी (17) पुत्र दया प्रकाश, मुन्नालाल (38) पुत्र रामस्वरूप, कलामुद्दीन (30) पुत्र लियाकत अली, विनोद (35) पुत्र परमेश्वर, राहुल (18) पुत्र शरवन, दानिश (25) पुत्र शाहिद अली, नीलम (19) पत्नी सतीश, सीतापुर (उप्र) निवासी हरेंद्र कुमार (37) पुत्र धर्मदत्त समेत 14 श्रमिकों को उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इनमें से एक श्रमिक की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। आनन फानन में ही पुलिस चौकी दोराहा, बाजपुर, सुल्तानपुर पट्टी, केलाखेड़ा, बरहैनी, बन्नाखेड़ा आदि जगहों की पुलिस घटना स्तर पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया।

प्रथम दृष्टया बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। वहीं स्टेयरिंग फेल होने की बात भी कही जा रही है। बस को क्रेन की मदद से हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु किया गया। दोराहा चौकी की पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है।

बाजपुर में दोराहा पुलिस चौकी के सामने खड़ी दुर्घटनाग्रस्त बस। ● अमृत विचार

सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

काशीपुर : सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए । ठाकुरद्वारा निवासी नितिन और कुंडा निवासी रवि मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए । घायलों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया । यहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी है ।

मौसी के घर में नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी मौसेरा मामा हुआ गिरफ्तार

8 जून को दिया था घिनौनी हरकत को अंजाम, पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में किया पेश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप में रिश्तों को तार-तार करते हुए 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी मौसेरे मामा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को वारदात का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि शक्तिफार्म इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 8 जून को वह अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर जिला अस्पताल आया था। अपनी 13 वर्षीय बड़ी बेटी और छोटी बेटी को अपनी मौसी के घर छोड़ दिया था और पत्नी का उपचार कराने में व्यस्त हो गया था।

बताया कि जब 9 जून को मौसी के घर लौटा तो उसकी बड़ी बेटी ने बताया कि मामा जबरन कमरे में आया और मुंह पर कपड़ा बांधकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। साथ ही धमकाया कि किसी को बताने पर जान से मार देगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए 13 जून की शाम को थाना ट्रांजिट कैंप इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी। ● अमृत विचार

रिश्ते-विश्वास की टूटी डोर

रुद्रपुर : पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता का कहना था कि वह जिला अस्पताल में अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर अकेला आया था और अपनी दोनों बेटियों को इस विश्वास के साथ मौसी के घर छोड़ा था कि उसकी बेटियां वहां सुरक्षित रहेंगी, लेकिन बेटी के साथ दुष्कर्म के बाद रिश्ते व विश्वास की डोर टूट गयी और जब बेटी ने घिनौनी वारदात को बयां किया तो विश्वास ही नहीं हुआ कि उसका रिश्ते का मामा ही आरोपी होगा।

हैवान बन चुका था आरोपी

रुद्रपुर : पुलिस के अनुसार, 8 जून की रात्रि जिस वक्त आरोपी मामा-भांजी के पवित्र रिश्तों को भूलकर हैवान बन गया था, उस वक्त पीड़िता के बगल में उसकी छोटी बहन भी सो रही थी। यही कारण था कि आरोपी ने पहले हाथ से नाबालिग का मुंह दबा दिया और फिर कपड़े से कसकर मुंह बांध दिया था। ताकि किसी को आवाज नहीं आए। यही नहीं आरोपी ने नाबालिग को इतना भयभीत कर दिया था कि उसने 9 जून की शाम तक अपने पिता को घिनौनी हृदय विदारक घटना को बयां नहीं किया, लेकिन मानसिक अवसाद से गुजर रही पीड़िता ने आखिरकार घटना के बारे में बता दिया।

कलमबंद हुए बयान

रुद्रपुर : रिश्तों को तार-तार करने वाले आरोपी मामा को कठोर सजा मिले, इसके लिए पुलिस ने मुकदमा दर्ज होते ही पीड़िता नाबालिग के कलमबंद बंद दर्ज किए। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि ऐसे आरोपी को कड़ी सजा मिले, इसके लिए अधीनस्थों को आदेशित कर दिया है ताकि कानूनी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुख्ता चार्जशीट तैयार की जा सके।

कंपनी में हुआ विवाद युवक पर चलायी गोली

रुद्रपुर: सिडकुल कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों का आपसी विवाद गोलीकांड तक पहुंच जाएगा ऐसा कर्मी ने सोचा भी नहीं था। मामला सिडकुल चौकी इलाके का है। जहां कंपनी में ही मामूली विवाद हुआ। जब युवक बाहर निकला तो सहकर्मी ने तमंचे से फायर कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बचा और राहगीरों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव विजयपुर बाजपुर निवासी कमल बाबू ने बताया कि 13 जून की शाम को वह ऑटो कंपनी में काम कर रहा था। इस बीच उसका विवाद मन्नू निवासी वार्ड-एक जगतपुरा से हो गया। विवाद के दौरान आरोपी युवक अभद्रता करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने लगा और सहकर्मियों द्वारा बीच बचाव कर मामला शांत करवा दिया। आरोप था कि जब ड्यूटी कर बाहर निकला ही था कि मन्नू ने अपने दोस्त सुमित के साथ मिलकर तमंचे से फायर करना शुरू कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बचा और वहां से गुजर रहे राहगीर दया शंकर, आदित्य, मनप्रीत सिंह ने दोनों आरोपी को दबोच लिया और तमंचा छीन लिया। सूचना मिलने पर सिडकुल पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों ने तमंचा व कारतूस सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया।

1.50 लाख की स्मैक के साथ दंपती सहित तीन गिरफ्तार

स्मैक तस्करी के आरोपियों के साथ नानकमत्ता पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता

अमृत विचार: थाना नानकमत्ता पुलिस ने दंपती सहित तीन स्मैक सौदागर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पिछले लंबे से थाना नानकमत्ता इलाके में पति-पत्नी की जोड़ी स्मैक तस्करी का धंधा संचालित कर रहे थे। 13 जून को नानकमत्ता पुलिस पैदल ही गांव बिसौटा इलाके में चेकिंग कर रही थी। इस बीच घर के सामने दो महिलाएं व एक पुरुष की गतिविधियां संदिग्ध दिखाई दीं। जब पुलिस ने बुलाया तो आरोपी भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर बलविंदर सिंह उर्फ बंटी सिंह निवासी गांव बिसोटा और उसकी पत्नी रंजीत कौर के अलावा अमनदीप कौर को दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक भी बरामद हुई। जिसकी कीमत 1.50 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने कई स्मैक तस्करों के नाम उजागर किए। बताया कि वह गांव गिद्धौर में रहते थे, लेकिन नशे के धंधे को बढ़ाने के उद्देश्य से गांव बिसौटा आए। जहां स्मैक बेचकर काफी धन भी अर्जित किया। पुलिस ने आरोपियों की संपत्ति को चिह्नित करना शुरू कर दिया है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is Rural Wellbeing there is Universal Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेस

एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेंटल साइंसेस

डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान

एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी

डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

पैरामेडिकल साइंसेस

डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

फोरेंसिक साइंसेस

बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स

बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म

बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

विधायक जी मुझे बचा लीजिए राजस्वकर्मी तंग करता है

खटीमा : विधायक जी मेरा घर उजड़ने से बचा दीजिए । मुझे एक राजस्वकर्मी तंग कर रहा है । कहता है तेरा आवास वर्ग-4 की भूमि में बना है या तो पट्टा दिखा अन्यथा घर हटा ले । नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा से यह फरियाद ग्राम नौगवांठग्गू की पिंकी देवी ने की । पिंकी देवी ने विधायक राणा को बताया कि वह जिस स्थान पर काबिज हैं उसका पट्टा उसके नाम बना है । राजस्वकर्मी घर पर आकर तंग करता है कि पट्टा दिखा या फिर आवास हटा लें । वह गरीब अपने बच्चों को लेकर कहां जाएंगी । वह पति के साथ मेहनत मजदूरी कर अपना गुजारा करती है । विधायक राणा ने पिंकी देवी को आश्वासन दिया कि तुम्हे वहां से कोई नहीं हटाएगा । यदि दिखाने के लिए पट्टा नहीं मिल रहा है तो वह राजस्व अभिलेखों में दर्ज होगा ।

यूएस नगर में 32 वीडीओ हुए इधर से उधर

संवाददाता, रुद्रपुर

- सोमवार तक सभी अधिकारियों को नये तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने के निर्देश
- जिला विकास अधिकारी ने की अधिकारियों की सूची जारी

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर जनपद में पिछले तीन वर्ष से एक ही स्थान पर नियुक्त करीब 32 ग्राम विकास अधिकारियों का स्थानांतरण इधर से उधर किया गया है। सभी ग्राम विकास अधिकारियों को सोमवार तक अपने नये कार्यस्थल पर योगदान देने के निर्देश दिए गये हैं।

जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने स्थानांतरण आदेश जारी करते हुए बताया कि पारदर्शिता एवं कार्यशैली में सुचिता के दृष्टिगत ग्राम विकास अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी रउफल हसन का स्थानांतरण बाजपुर से रुद्रपुर विकासखंड में किया गया है। इसी तरह ग्राम विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार का रुद्रपुर से जसपुर, विनोद कुमार का जसपुर से बाजपुर, अजय पाल सिंह राणा का बाजपुर से सितारगंज स्थानांतरण किया गया है।

इसी तरह विनय कुमार का जसपुर से बाजपुर, सुधेन्दु विकास सरकार का गदरपुर से खटीमा, गौरव त्रिपाठी का गदरपुर से जसपुर, प्रदीप कुमार आर्या खटीमा से रुद्रपुर, प्यारे लाल वर्मा रुद्रपुर से जसपुर, मुदस्सिर अहमद गदरपुर से काशीपुर, उमेश चंद्र जोशी रुद्रपुर से खटीमा, प्रकाश चंद्र जोशी गदरपुर से काशीपुर, ददूर सिंह राणा खटीमा से बाजपुर, काशीनाथ बाजपुर से रुद्रपुर, मोहम्मद तारिक बाजपुर से रुद्रपुर, गोकुलानंद रुद्रपुर से बाजपुर, सुमित कुमार को बाजपुर से खटीमा, राकेश कुमार उपाध्याय को काशीपुर से खटीमा स्थानांतरित किया गया है।

जिला विकास अधिकारी ने बताया कि राकेश कुमार को सितारगंज से गदरपुर, अजय कुमार सितारगंज से गदरपुर, नवीन चंद्र सती खटीमा से रुद्रपुर, विवेक कुमार वर्मा काशीपुर से गदरपुर, त्रिभुवन वर्मा सितारगंज से जसपुर, मो. अनीस काशीपुर से गदरपुर, गिरीश चंद्र गणकोटी जसपुर से खटीमा, राजनंद सिंह गब्र्याल काशीपुर से खटीमा, बसंत बल्लभ कापड़ी काशीपुर से गदरपुर, संजय कुमार खटीमा से काशीपुर, रामकरन मौर्य खटीमा से रुद्रपुर, महेंद्र सिंह रावत काशीपुर से सितारगंज, वासुदेव सिंह खटीमा से काशीपुर और राजाराम का खटीमा से बाजपुर स्थानांतरण किया गया है।

उन्होंने बताया कि सभी को सोमवार को नये कार्य स्थल में अपना योगदान देने के निर्देश दिए गये हैं।

सरगर्मी | कहीं दिल के अरमां आसुंओं में बह गए...! तो किसी को मिली बिन मांगी मुराद

त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव की सीटों का आरक्षण घोषित

ओम प्रकाश मौर्य, खटीमा

अमृत विचार : त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव की सीटों का आरक्षण बीती देर रात्रि जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जारी कर दिया। आरक्षित सीटों की घोषणा के साथ ही तमाम अरमान संजोए कुछ लोगों के चुनाव लड़ने के सपने चकनाचूर हो गए हैं तो कुछ लोगों को मानो बिन मांगे मुराद पूरी हो गई है। अलबत्ता सीटों के आरक्षण पर 15 तक आपत्तियां मांगी गई हैं लेकिन लोग इसे ही अंतिम मानकर चल रहे हैं।

पंचायत चुनाव के सीटों का आरक्षण घोषित होने के साथ ही दावेदारों में हड़कंप सा मच गया है। जहां ग्राम प्रधान की सीटों के बदले आरक्षण से कुछ लोगों को चुनावी तैयारी धरी की धरी रह गई है तो कुछ लोगों की मनमाफिक सीटें आ गई हैं। जिन्होंने अपनी गोटियां बैठानी शुरू कर दी हैं। विकासखंड में कहीं से चुनाव लड़ सकने वाली क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के दावेदारों को जब उनकी सीटें नहीं मिल सकीं तो वह अन्य क्षेत्रों की सीटों पर गुणा भाग कर दावेदारी की जुगत में लग गए हैं। वहीं की संभावित प्रत्याशी जिन्होंने चुनाव लड़ने का पहले ही पक्का इरादा बना रखा है वह ग्राम प्रधान, बीडीसी अथवा जिला पंचायत सदस्य की किसी भी सीट से दावेदारी के लिए अपने गणित बैठाने शुरू कर दिए हैं। सुबह से ही गली मोहल्लों, चाय और सैलून की दुकानों पर एक ही चर्चा है कि किसकी सीट गई और किसकी लगी चांदी।

महिलाओं को मिलीं 50 प्रतिशत सीटें

खटीमा : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए ग्राम प्रधान की 59 सीटों में महिलाओं के लिए 30 सीटें आरक्षित की गई हैं जिनमें अनुसूचित जनजाति की 11, अनुसूचित जाति की चार और सामान्य की 15 सीटें शामिल हैं । वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए कुल 40 सीटों में 20 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं जिनमें अनुसूचित जनजाति के लिए सात, अनुसूचित जाति के लिए तीन और सामान्य महिला के लिए 10 सीटें शामिल हैं । जिला पंचायत सदस्य की कुल छह सीटों में दो सीटें महिलाओं को मिली हैं जिनमें पहेनियां की सीट अनुसूचित जनजाति और बिगराबाग सामान्य महिला के लिए आरक्षित की गई है ।

अन्य पिछड़ा वर्ग को मिलीं दो सीटें

खटीमा : विकासखंड के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में क्षेत्र पंचायत सदस्य की सरपुड़ा की सीट और जिला पंचायत सदस्य की मझोला-1 सीट को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है ।

अनारक्षित सीटों में आरक्षण यूं है

खटीमा : ग्राम प्रधान के लिए अनुसूचित जनजाति के लिए 10, अनुसूचित जाति के लिए तीन और सामान्य के लिए 15 सीटें हैं । वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य के अनुसूचित जनजाति के लिए छह, अनुसूचित जाति के लिए तीन और सामान्य के लिए 10 सीटें हैं । जबकि जिला पंचायत की गांगी सीट अनुसूचित जनजाति, नगला तराई अनुसूचित जाति और प्रतापपुर सामान्य के लिए है ।

एक नजर

घर में घुसकर मां-बेटी पर हमला किया

बाजपुर : घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए मां-बेटी पर हमला कर उन्हें घायल करने का आरोप लगा पीड़िता ने 5 महिला-पुरुषों को नामजद करते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम संतोषपुर निवासी हसीना पत्नी शमशाद ने पुलिस को बताया कि पिछले करीब 15 दिन से उसकी बुजुर्ग मां मेमुजल पत्नी मौसम अली घर पर ही रह रही है। आरोप है कि शनिवार की सुबह करीब 9 बजे पति के काम पर चले जाने के बाद गांव के ही दो भाई व उनके परिवार की तीन महिलाएं एकराय होकर जबरन घर में घुस गईं और बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू कर दी। मना किया तो लाठी-डंडों आदि से मां पर हमलावर हो गए। इतना ही नहीं जब हसीना बीचबचाव करने लगी तो उसके साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई है। शोर सुनकर पहुंचे भतीजे एवं अन्य ग्रामीणों ने बमुश्किल हमलावरों से बचाया। इस पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी पंजीकृत नहीं हुई थी।

शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रहा केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, समारोह का आयोजन अमृत विचार के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा

केआईटीएम ग्रुप करेगा वार्षिकोत्सव पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट अपने वार्षिकोत्सव पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह-2025 का आयोजन आगामी 19 जुलाई को केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट खटीमा, बाईपास रोड बिगराबाग में कर रहा है। समारोह का आयोजन अमृत विचार समाचार पत्र के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

केआईटीएम के इस सम्मान समारोह में पूरे उत्तराखंड से सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के कक्षा 10वीं में 80 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने तथा 12वीं कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मंच पर पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम व उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करना व उन्हें आगे की शिक्षा व कॅरियर निर्माण में उचित मार्गदर्शन करना है।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सोबन सिंह जीना विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन भी करेंगे। केआईटीएम ग्रुप हमेशा ही छात्र-छात्राओं के चहुंमुखी विकास के लिए प्रेरणा स्रोत बनने में प्रयासरत रहेगा। सम्मान समारोह मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर समाज में उनके संकल्प, सशक्त भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

नोट : रजिस्ट्रेशन करने के लिए दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

प्रतिभा को प्रोत्साहन देना हमारा दायित्व

संवाददाता, खटीमा

- केआईटीएम ग्रुप के एमडी कमल बिष्ट ने जतायी प्रतिबद्धता

अमृत विचार: केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, खटीमा के एमडी कमल बिष्ट का कहना है कि यह हमारा परम कर्तव्य है कि हम अपने प्रत्येक छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें सम्मानित करें ताकि वे अपने भविष्य के साथ ही अपने परिवार व समाज के प्रति मजबूत आधार स्तम्भ बन सकें।

एमडी बिष्ट का कहना है कि केआईटीएम ग्रुप अनेक रोजगार परख पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है, जो विद्यार्थियों को उनकी शैक्षिक योग्यतानुसार व्यावसायिक कौशल का भी प्रशिक्षण देता है जिससे वे सरकारी, अर्द्ध सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। मौजूदा प्रतिस्पर्धा के युग में कई ऐसे भी छात्र-छात्राएं हैं जो अच्छे अंक हासिल करने के बाद भी अनुकूल आर्थिक स्थिति के अभाव में उचित मार्गदर्शन न मिलने पर अपने कॅरियर के प्रति उचित निर्माण नहीं ले पाते हैं। इन परिस्थितियों में केआईटीएम का दायित्व बनता है कि वह प्रतिभा के अनुसार प्रोत्साहित कर बच्चों को अपने उद्देश्य पर सफल करें। केआईटीएम पिछले 4 वर्षों से इस दिशा में सम्मान समारोह आयोजित कर प्रत्येक आगे बढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अपनी उपस्थिति का अहसास कर रहा है ताकि 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण करने अथवा 11वीं कक्षा में नवीन विषयों के साथ प्रवेश पाकर अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो सके। समारोह में अतिथियों के विचारों का आत्मसात करें ताकि जीवन में सकारात्मक सोच आत्मविश्वास वह आगे बढ़ाने की ऊर्जा का संचार हो सके। हमें विश्वास है कि कार्यक्रम में प्रतिभाग कर लाभ लेने का कष्ट करेंगे।

तेरा धरती पर आना गजब हो गया...जय हो

श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, गायक कलाकारों ने भजन गाकर किया झूमने पर मजबूर

महोत्सव में भजनों की प्रस्तुति देतीं भजन गायिका कानपुर की शर्मा सिस्टर।

बाजपुर में आयोजित श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। बाहर से आए कलाकारों अपनी सुमधुर वाणी से एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। महोत्सव में भजनों की ऐसी बयार बही कि भक्तिभाव से सराबोर होकर श्रद्धालु झूमने के लिए मजबूर हो गए।

नगरीय क्षेत्रांतर्गत वार्ड-12 भोना-बिराहा रोड पर विशाल मैदान में शुक्रवार की रात श्री श्याम प्रभु खाटू वालों का भव्य व मनोरम दरबार सजाया गया। श्री श्याम प्रभु के दरबार की अलौकिक छटा देख हर कोई मंत्रमुग्ध हो भक्तिरस में डूब गया। बाहर से आए धार्मिक कलाकारों बेटू आलिया शर्मा सिस्टर कानपुर, हिमांशु राणा रुद्रपुर, दीपक जलवा बाजपुर, गोपाल कृष्ण पाली बाजपुर ने बाबा के भजनों- जय हो जय हो तुम्हारी ओ बजरंगबली, तेरा धरती पर आना गजब हो गया..., कीर्तन की है रात बाबा आज थाणै आनो है, सेवा में थारी मन आज बिछ जानो है, तनै कोल निभानों है..., ओ मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंगा बाजे..., जीवन की बाजी का बाजीगर मेरा सांवरिया, हारने न देगा मुझको मन में है विश्वास बड़ा..., ख्वाहिश बस इतनी बाबा कुछ ऐसा मेरा नसीब हो, वक्त अच्छा हो या बुरा हो बस तू मेरे करीब हो..., बाबा ये नैया कैसे ढगमग डोली जाए, बिन माझी पतबार तू इसको बेड़ा पार लगाए... आदि की सुंदर प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। शनिवार की तड़के महाआरती एवं प्रसाद वितरण कर महोत्सव का समापन किया गया। इस मौके पर पं.समन्वय भाद्वाज, अरुण शर्मा, गुरमंत सिंह, सभासद राजदीप तिवारी, प्रदीप राठौर, वीरेंद्र राठौर, रूपकिशोर राठौर, विनय, पंकज शर्मा, सीताराम तिवारी, रोहित यादव, कुलदीप, राहुल नेगी, अनूप, हर्ष, जयदीप तिवारी, सुमित पासी आदि मौजूद थे।

सगी बहनें घर से लापता युवक से की अभद्रता

बाजपुर। बिना बताए दो सगी बहनें घर से लापता हो गईं। वहीं एक युवक पर बेटियों को भगाने में सहयोग करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने उसके घर में घुसकर गाली-गलौज व अभद्रता कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

फौजी कलोनी निवासी युवक ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि दूसरे गांव में निवासरत एक युवती से उसका प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों परिवारों के लोगों ने उन्हें समझाकर एक-दूसरे से बात करने को मना कर दिया था। बावजूद इसके लड़की आए दिन फोन कॉल करती रहती थी। 30 मई को बार-बार फोन किया तो उसने कॉल रिसीव कर ली। फोन उठाते ही लड़की रोने लगी और अपने पिता व भाई पर मारपीट करने की बात कही। उसने यहां से कहीं जाने की बात कहकर फोन कॉल कट कर दी। युवक ने इस बात की जानकारी लड़की के पिता को दे दी थी। आरोप है कि लड़की पक्ष के लोग सुबह करीब 8 बजे उसके घर में आ धमके और लड़कियों के लापता होने की बात कहते हुए जबरन घर में घुसकर माता व बहनों के साथ अभद्रता करने लगे।

शहर के विकास के लिए सीएम के समक्ष रखे प्रस्ताव

देहरादून में सीएम धामी से मुलाकात करते मेयर दीपक बाली। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: नगर निगम के मेयर दीपक बाली ने शुक्रवार रात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मेयर ने मुख्यमंत्री को काशीपुर नगर क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और भविष्य की योजनाओं के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

मेयर बाली ने नगर की जरूरतों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री के समक्ष अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रस्ताव रखे। इनमें काशीपुर के समुचित कचरा प्रबंधन के लिए 40 कूड़ा निस्तारण गाड़ियों की उपलब्धता, 5000 स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता, नाले-नालियों के निर्माण व सफाई व्यवस्था को मजबूत करने, गौशाला निर्माण, शहर के 8 प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण, 46 करोड़ की लागत से इंटीग्रेटेड एडमिनिस्ट्रेटिव भवन के निर्माण, गिरिताल झील क्षेत्र का 25 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण, और 5 सार्वजनिक पार्कों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार जैसे प्रमुख विषय शामिल रहे। मेयर ने इन सभी प्रस्तावों के लिए राज्य सरकार से आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का निवेदन किया।

कैंची धाम के स्थापना दिवस पर निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: बाबा नीब करौरी सेवा समिति के सदस्यों ने कैंची धाम के स्थापना दिवस पर शोभायात्रा का आयोजन किया। इस दौरान फूल मालाओं से सजा बाबा का चित्र एवं विभिन्न देवी-देवताओं की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

सुभाष चौक से बृहस्पतिवार को यात्रा का शुभारंभ किया गया। मुख्य मार्ग से होते हुए काली माता मंदिर पर यात्रा का विधिवत समापन हुआ। इस दौरान बाबा के चित्र को वाहन पर रखकर फूल मालाओं से सजाया गया था। यात्रा में भगवान गणेश, शिव परिवार एवं राम दरबार की झांकी भी थी। हवन वाहन भी साथ में चल रहा था। लोगों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत कर

जसपुर में कैंची धाम के स्थापना दिवस पर शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

शरबत की व्यवस्था की। समिति की ओर से यात्रा के दौरान ही प्रसाद की व्यवस्था की गई। समापन पर खिचड़ी का भंडारा किया गया। समिति सदस्य ने विमल सिंह ने बताया कि 15 जून को प्रातः 8 बजे से सुभाष चौक पर ही सुंदर कांड किया जाएगा। इसी दिन सुबह 10 बजे से शाम तक प्रसाद वितरण एवं भंडारे का कार्यक्रम की योजना है। इस दौरान विधायक आदेश सिंह चैहान, खड़क सिंह चैहान, एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, काशीपुर मेयर दीपक बाली, नीलकमल, हरप्रीत सिंह, अशोक खन्ना, राजुल, अंकित, नितेश, शिवम, गगन, विशाल, अवनीश, माधव, केशव, विनोद मौजूद रहे।

सड़क हादसे में घायल हुए युवक की हालत गंभीर

बाजपुर : सप्ताहभर पहले सड़क हादसे में घायल हुए युवक की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। पीड़ित परिवार के व्यक्ति ने थार कार के अज्ञात चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड-एक मोहल्ला मझरा-प्रभु निवासी रेशम यादव ने पुलिस को बताया कि मौसेरा भाई वार्ड-13 राजीवनगर निवासी अनिल यादव 8 जून को रिश्तेदार विशाल के साथ अपने मित्र के घर बरहैनी जा रहा था। सुबह करीब 10 बले नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर लेवड़ा नदी के पुल श्मशान घाट के पास सड़क किनारे खड़े होकर किसी का इंतजार करने लगे। आरोप है कि इसी बीच तेज रफ्तार थार कार चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए कच्चे में खड़े अनिल व विशाल को जोरदार टक्कर मार दी। कार की नंबर प्लेट भी वहीं गिर गई और चालक कार लेकर भाग गया।

डॉ. महेंद्र पाल ने ऑस्ट्रेलिया में पेश किए दो शोध पत्र

- शोध पत्रों की वैश्विक वैज्ञानिकों ने की सराहना
- ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में हुआ अंतरराष्ट्रीय रेंजलैंड कांग्रेस

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : 12वीं अंतरराष्ट्रीय रेंजलैंड कांग्रेस का आयोजन 2 से 6 जून 2025 के बीच ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में आयोजित हुआ। इसमें जीबी पंत कृषि महाविद्यालय के सस्य विभाग में कार्यरत प्राध्यापक डॉ. महेंद्र सिंह पाल ने इस महत्वपूर्ण कांग्रेस में प्रतिभाग किया और दो शोध पत्र प्रस्तुत किए।

शनिवार को पंतनगर कृषि महाविद्यालय के सस्य विभाग में कार्यरत प्राध्यापक डॉ. पाल ने बताया कि यह चरवाहों के लिए

शोध पत्र की जानकारी देते प्राध्यापक डॉ .महेंद्र सिंह पाल। ● अमृत विचार

एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम था। कारण इस कांग्रेस का विषय हमारे वैश्विक रेंजलैंड भविष्य के लिए मिलकर काम करना रहा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उन्होंने दो शोध पत्र प्रस्तुत किए। इसमें एक शोध पत्र भारत के हिमालय की तलहटी में टिकाऊ पशुधन उत्पादन के लिए जिंक, आयरन जैव-प्रबलीकरण, चारा मक्का और ज्वार पर इसका प्रभाव रहा। उन्होंने बताया कि दूसरा शोध पत्र उत्तरी हिमालय में चारा उत्पादकता और ज्वार (सोरघम बाइकलर एल.) के इथेनॉल उत्पादन के लिए सबसॉइल जुताई और नाइट्रोजन दरों को अनुकूलित करना रहा। इन शोध पत्रों की वैश्विक वैज्ञानिकों ने काफी सराहना की और इन पर गहन अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में करीब 42 देशों के 725 वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। कांग्रेस के मध्य में आयोजित रेंजलैंड भ्रमण में वैज्ञानिकों के साथ चर्चा से रेंजलैंड इकोलॉजी समझने में मदद मिली। यहां बता दें कि डॉ. पाल इससे पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों जैसे पाकिस्तान, थाईलैंड, चीन, फ्रांस, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, अमेरिका, श्रीलंका आदि में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं।

आयोजन खटीमा में एलायंस क्लब के तत्वावधान में रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

विश्व रक्तदाता दिवस पर 25 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: विश्व रक्तदाता दिवस पर एलायंस क्लब के तत्वावधान में रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिविर में 25 लोगों ने रक्तदान किया।

कंजाबाग रोड स्थित न्यू लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर एलायंस क्लब ने 44 रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में 25 लोगों ने रक्तदान किया। क्लब अध्यक्ष जितेंद्र पारुथी ने बताया कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है जो दिल की सेहत के लिए अच्छी होती है। ब्लड बैंक डायरेक्टर नीलम ज़्याला, पंकज टम्टा, क्लब सचिव बादल सक्सेना, कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी, पंकज टम्टा, विश्वजीत पाल, राकेश कुमार रॉक्सी, गुरपवन सिंह, जगदीश पाल, अंशदीप गंभीर, नवनीत अरोरा, मनोज कन्याल, गुरप्रीत सिंह मौजूद रहे।

खटीमा में रक्तदान करतीं सीआईएसएफ की ज्योति बिष्ट। ● अमृत विचार

जसपुर में शिविर का शुभारंभ करते रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष हरिओम सिंह।

काशीपुर में 42 यूनिट रक्त किया एकत्र

काशीपुर : एसपीएनजी ग्रुप व रोटरी ग्रुप के सहयोग से विश्व रक्तदाता दिवस पर रामनगर रोड स्थित काशी विश्वनाथ टेक्सटाइल मिल प्रा. लि. में रक्तदान शिविर का आयोजन गया। इस दौरान 42 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। शनिवार को सुबह 9.30 बजे रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम अभय प्रताप सिंह, काशी विश्वनाथ टेक्सटाइल मिल के निदेशक शैलेंद्र मोहन सिंघल, रोटरी क्लब से योगेश जिंदल, पवन अग्रवाल, मनोज चौधरी, अनुराग सिंह, पुनीत बंसल आदि मौजूद रहे। यहां पर एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल से डाक्टरों की टीम भी मौजूद रही। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यहां 42 लोगों ने ब्लड डोनेट किया।

रेडक्रॉस व पॉलीओल्स ने लगाया शिविर

जसपुर : रेडक्रॉस सोसायटी एवं पीएसएम पॉलीओल्स के कर्मचारियों ने विश्व रक्तदान दिवस पर शिविर का आयोजन किया। इस दौरान 35 लोगों ने रक्तदान कर इमरजेंसी के समय रक्त देने का भरोसा जताया। शनिवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य खड़क सिंह चौहान एवं रेडक्रास सोसाइटी के अध्यक्ष हरिओम सिंह ने किया। चिकित्सकों की टीम ने पहले तो रक्त की जांच की। उसके बाद करीब 35 लोगों का रक्तदान कराया। ब्लड बैंक की ओर से रक्तदाताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खड़क सिंह ने बताया कि एकत्रित रक्त को ब्लड बैंक में जमा किया गया है। इस मौके पर मो .उस्मान, डॉ .बीएस गौतम, आदित्य गहलोत, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में रक्तदान करने पहुंचे युवक की हौसलाअफजाई करते उद्दयन कपूर एवं अन्य।

बाजपुर में 24 यूनिट रक्त का संचय किया

बाजपुर : विश्व रक्तदाता दिवस पर शनिवार को सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक बाजपुर में मानव अधिकार मिशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 24 यूनिट रक्त का संचय हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति उद्दयन कपूर उर्फ मिक्की कपूर के साथ ही विशिष्ट अतिथि किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख जोराबर सिंह भुल्लर, तेजबीर पूनिया, सतीश गोयल आदि ने फीता काटने के साथ ही दीप प्रज्ज्वलन करके किया। उन्होंने कहा कि मानवता के इस पुण्य कार्य में हर धर्म-जाति वर्ग के लोगों को आगे आना चाहिए। वहीं शिविर में समाजसेवा को समर्पित रक्तदाताओं की उत्साहजनक भागीदारी रही जिसमें सेवा चैरिटेबल की अनुभवी चिकित्सीय टीम ने कुल 24 यूनिट रक्त का संचय किया। इस दौरान सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक के निदेशक डॉ. एस .दीक्षित ने अतिथियों एवं रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न व प्रशंसापत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सौरभ परमार, विजय शर्मा, राजवीर सिंह, लखविंदर सिंह, अर्जुन जौहरी, शिखा जौहरी, ईशा सक्सेना आदि मौजूद रहे।

अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

काशीपुर के नवचेतना भवन परिसर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया शोक सभा का आयोजन, मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर शांति की प्रार्थना की।

शनिवार को नवचेतना भवन परिसर में आयोजित शोक सभा में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद विमान हादसे पर दुख प्रकट करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस के प्रदेश सचिव जितेंद्र सरस्वती ने कहा कि इस हादसे की जांच के लिए सरकार को कमेटी का गठन करना चाहिए, जिससे विमान कंपनी की लापरवाही सामने आ सके।

उन्होंने कहा कि निरंतर हो रही हवाई दुर्घटनाओं से विमान में यात्रा करने वाले लोग आज अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। परिवहन मंत्री और सरकार का दायित्व है कि वह इसके लिए समुचित कार्रवाई करें, अन्यथा अपने पदों से इस्तीफा दे दें।

इस मौके पर मनोज जोशी एडवोकेट, उमेश जोशी एडवोकेट, संदीप सहगल एडवोकेट, अरुण चौहान, मंसूर मंसूरी, मुशर्रफ हुसैन, अनीस अंसारी, अर्पित मेहरोत्रा, विनोद होंडा, अब्दुल कादिर, मंसूर अली मंसूरी आदि मौजूद रहे।

वहीं जनजीवन उत्थान समिति द्वारा एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें गुजरात के अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश तथा मेडिकल कॉलेज के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, भास्कर त्यागी एडवोकेट, सैयद आसिफ अली, अमृतपाल सिंह, नवजोत सिंह, विवेक मिश्रा, कर्तव्य मिश्रा, राम शर्मा आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

जसपुर के सुभाष चौक पर कैंडल जलाते लोग।

दिनेशपुर में मृतकों को श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता व सामाजिक संगठन के लोग।

अहमदाबाद विमान हादसा देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण : सुखीजा

दिनेशपुर : अहमदाबाद विमान हादसे में यात्रियों की मौत पर उनकी आत्मा की शांति के लिए शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे से देश के साथ विश्व के लिए भी बड़ी क्षति करार दिया। नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क ने मृतक यात्रियों एवं उनके परिवारजनों के लिए इस दुखद घड़ी में सांत्वना प्रकट की। शोक सभा में नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, नपं पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, शिक्षक संघ ब्लाक महासचिव मनोज राय उर्फ मुन्ना, समाजसेवी तरुण कुमार सिंह, सभासद संजय सरकार, नारायण मंडल, विष्णु शील, राखल मंडल, विशंभर लाल मिगलानी, अशोक कालड़ा, दीपक मक्कड़, राकेश बाठला, मंगाराम शर्मा, विकास अरोरा, अनिल रौतेला, पंकज गोयल उर्फ सोनू, पवन अग्रवाल, सुनील बंसल, रामविलास गुप्ता, विजय ढाली, पंकज चक्रवर्ती, सागर सिंह आदि उपस्थित रहे।

विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

बाजपुर : भाजपा नेता नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी रहे गौरव शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर मृतात्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। गौरव शर्मा ने कहा कि अहमदाबाद गुजरात विमान भीषण हादसे से पूरा देश स्तब्ध और शोकमग्न है। करोड़ों भारतीयों की आंखें दिवंगतों की स्मृति में नम हैं। इस मौके पर मंडल महामंत्री संजीव चौहान, राजन वाही, हरीश वर्मा, रेशम यादव, रामकिशन, डा .विनय, डज्ञ .जगदीश, अनिल परमार, पं .मूलशंकर शास्त्री, स्तुति गुप्ता, लता गोयल, सूरज सागर, अमित चौधरी, कमलदास, अरुण कालिया, दीपू सैनी, पिंटू, अजय आदि मौजूद रहे।

जसपुर में भी किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

जसपुर : सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर अहमदाबाद विमान हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कैंडल मार्च निकाल कर मृतकों की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना कर मौन धारण किया। शुक्रवार की रात को सुभाष चौक पर एकत्र लोगों ने कहा कि एक साथ इतने लोगों की मृत्यु बेहद दुखद है। वह सभी मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। इस दौरान अशोक कुमार प्रजापति, विमल सिंह चौहान, यशपाल सिंह, पीयूष जोशी, केशव आदि मौजूद रहे।

5000 के इनामी आरोपी को बरेली से किया गिरफ्तार

किच्छा : पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने करीब डेढ़ महीने से फरार चल रहे ऑनलाइन ट्रेडिंग के बहाने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 5 हजार रुपये के इनामी लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार विगत 6 मई को बरेली निवासी फैसल रियाज ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बरेली निवासीगण तस्लीम, शाहिद अली, बच्चन सैफी एवं शाहबाज बेग ने पीड़ित को ऑनलाइन ट्रेडिंग के बहाने बरेली से किच्छा के नीलकंठ होटल में बुलाया था और होटल के कमरे में तमंचे की नोक पर बंधक बनाकर आरोपियों ने पीड़ित के 8000 रुपये नगद, आधार कार्ड, अन्य कागजात तथा मोबाइल वॉलेट से डिजिटल कॉइन क्रिप्टो करेंसी भी जबरन ट्रांसफर करवा ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने फरार चल रहे इनामी अभियुक्त ग्राम गोविंदापुरा, बरेली निवासी तस्लीम को चौपला चौराहा, बरेली (उत्तर प्रदेश) से दबोच लिया।

ध्यान बचपन से हमारी जीवन शैली का हिस्सा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः ध्यान व योग पर हार्टफुलनेस संस्थान एवं आयुष विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा, विशिष्ट अतिथि डीएसओ जानकी कार्की, डीएओ डॉ. आलोक कुमार शुक्ला, सीएफओ ईशान कटारिया और रुद्रपुर हार्टफुलनेस केंद्र समन्वयक डॉ. सीमा अरोरा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

शनिवार को सिटी क्लब में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने ध्यान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ध्यान बचपन से हमारी जीवन शैली का हिस्सा रहा है। उन्होंने हृदय पर ध्यान करने की विशेष आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे व्यक्ति में शांति, करुणा, साहस और स्पष्ट निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। हार्टफुलनेस ध्यान को नियमित रूप से अपनाने का आग्रह किया। जीएस पाल ने तीन शरीरों व अष्टांग योग के विषय में जानकारी दी गई। विपिन त्रिपाठी ने हार्टफुलनेस के मुख्य चार अवयव रिलैक्सेशन, ध्यान, सफाई व प्रार्थना के विषय में अवगत कराते हुए हार्टफुलनेस ध्यान में यौगिक प्राणाहुति की महत्ता पर प्रकाश डाला। तरुण ने योग का महत्व बताते हुए कुछ सूक्ष्म क्रियाएं कराई गई। डॉ. सीमा अरोरा ने रिलैक्सेशन एवं अरविंद द्वारा ध्यान का सत्र कराया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शुक्ला ने कहा कि आज की जीवन शैली में व्यक्ति को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने मनुष्य जीवन के मूल उद्देश्य पर चर्चा करते हुए उसकी प्राप्ति के लिए नियमित हार्टफुलनेस ध्यान के अभ्यास के लिए अनुरोध किया। इस मौके पर जिला आयुष विभाग, जिला क्रीड़ा विभाग, फायर विभाग एवं विभिन्न योगा केंद्रों के 270 प्रतिभागियों को योगा एवं यौगिक प्राणाहुति से युक्त रिलैक्सेशन व ध्यान का अभ्यास कराया गया।

सिटी क्लब में ध्यान व योग करते मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा व अन्य।

घर के ताले तोड़कर जेवरात उड़ाए

बाजपुरः ताले तोड़कर अंदर घुसे चोर हजारों रुपये की नकदी के साथ ही सोना-चांदी के आभूषण चोरी करके ले गए। आनन-फानन में ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी हासिल की। ग्राम मुड़िया पिस्तौर देहात निवासी राजू कश्यप ने पुलिस को बताया कि 13 जून की रात वह परिवार सहित अपने पैतृक गांव रामनगर थाना केलाखेड़ा बाजपुर गया था। आरोप है कि घर के पीछे की दीवार से कुछ अनजान लोग अंदर घुस गए और दो कमरों एवं उनमें रखीं दो अलमारियों के ताले तोड़कर डेढ़ तोला सोने एवं करीब आधा किलो चांदी के आभूषण तथा 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।

महापौर ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः नगर निगम के फाजलपुर महरौला में बने ठोस अपशिष्ट संयंत्र से आने वाली दुर्गंध से मॉडल कॉलोनी के लोग परेशान हैं। इसको लेकर कई बार कॉलोनी ने लोगों ने शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं महापौर विकास शर्मा कॉलोनी पहुंचे और लोगों के साथ संवाद कर समस्या जानी।

महापौर ने संयंत्र को चलाने वाले ठेकेदार को भी मौके पर बुलाया और समस्या के निस्तारण के उपायों पर चर्चा की। इस दौरान कॉलोनी के लोगों ने बताया कि संयंत्र से उठने वाली दुर्गंध से उनको दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में पूर्व में कई बार नगर निगम के अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस दौरान महापौर शर्मा ने कहा कि जल्द ही संयंत्र से बदबू आने वाले कारण का पता लगाकर इसका निस्तारण किया जाएगा। अगर आवश्यकता पड़ी तो इस संयंत्र को शहर से दूर कहीं शिफ्ट करने की कार्रवाई भी की जाएगी। क्षेत्र के लोगों को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि नगर को सुंदर और स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक तक सुविधाओं को पहुंचना हमारा कर्तव्य है।

इस अवसर पर भाजपा भगत सिंह मंडल के मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, हिमांशु शुक्ला, अशोक छाबड़ा, राजेश घीक, सतीश घीक, हरीश बांगा, श्याम भनोट, नवीन पांडेय, विष्णु बंसल, सुशील घीक आदि मौजूद रहे।

मॉडल कॉलोनी में लोगों की समस्याएं सुनते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

दिल्ली घूमने पिथौरागढ़ से भागे छह बच्चे

संवाददाता, रुद्रपुर

- रोडवेज बस से हुई बरामदगी, दो माह पहले बनाई थी योजना
- जेब खर्च का पैसा किया एकत्रित फिर पिथौरागढ़ से हुए फरार

अमृत विचारः दिल्ली देखने की तमन्ना संजोए छह नाबालिग बच्चों को यह नहीं पता था कि बिना अभिभावकों को बताए घर से फरार होना पुलिस व अभिभावकों में हड़कंप मचा देगा। ऐसा ही एक मामला पिथौरागढ़ इलाके में देखने को मिला। जहां दिल्ली देखने के लिए छह नाबालिग बच्चे घर से लापता हो गए और कड़ी मशक्कत के बाद पिथौरागढ़ और खटीमा पुलिस ने दिल्ली रोडवेज बस से नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद किया। जिसके बाद अभिभावकों की आंखें नम हो गईं और पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

शनिवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पिथौरागढ़ निवासी छह नाबालिग बच्चे बिना बताए लापता हो गए। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा तो पिथौरागढ़ पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता होने की फोटो सहित खबर चंपावत, टनकपुर और ऊधमसिंह नगर पुलिस को भी दी। सूचना मिलते ही खटीमा पुलिस अलर्ट हो गई और पिथौरागढ़ और खटीमा पुलिस ने दिल्ली की ओर जाने वाली सभी रोडवेज बसों में सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार छह नाबालिग बच्चों को दिल्ली जा रही रोडवेज की बस से सकुशल बरामद कर लिया।

पूछताछ में नाबालिग बच्चों ने बताया कि उन्हें दिल्ली देखने की बहुत तमन्ना थी तो सभी ने दो माह पहले ही दिल्ली जाने की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने दो माह पहले से ही जेब खर्च का पैसा एकत्रित किया और बिना बताए ही घर से फरार हो गए। बताया कि वह राहगीरों से दिल्ली जाने और दिल्ली की बस कौन सी है इसका पता करते रहे, लेकिन पुलिस ने दिल्ली देखने से पहले ही पकड़ लिया। पुलिस ने बच्चों को अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से जहां बेहतर पुलिसिंग दिखी। वहीं अभिभावकों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्होंने जनपद पुलिस की काफी प्रशंसा भी की।

विवाद — मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष गफ्फार खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दरऊ में किया प्रदर्शन

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया विधायक बेहड़ का पुतला दहन

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचारः भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष गफ्फार खान के नेतृत्व में तमाम लोगों ने कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ का पुतला दहन करते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं भाजपा नेता गफ्फार खान के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने ग्राम दरऊ में कांग्रेस विधायक बेहड़ का पुतला दहन कर मुस्लिम समाज को धोखा देने का आरोप लगाया। भाजपा नेता गफ्फार खान ने कहा कि विधायक बेहड़ मुस्लिम समाज का हितैषी होने का दावा कर मुसलमानों की राजनीति करते हैं लेकिन मुस्लिम समाज के हितैषी नहीं हैं और भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगाकर राजनीतिक रोटियां सेकने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक बेहड़ ने रुद्रपुर में हुए दंगे की सच्चाई की जानकारी होने की बात स्वीकार कर मुस्लिम समाज में अपना विश्वास समाप्त कर दिया है। पुतला दहन करने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष गफ्फार खान के साथ शाहिद कुरेशी, इसराइल कुरैशी, खुर्शीद खान, तस्लीम कुरैशी, मोहम्मद अहमद आदि मौजूद रहे।

किच्छा में विधायक बेहड़ का पुतला दहन करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

किच्छा विधायक बेहड़ एवं रुद्रपुर विधायक अरोरा के बयान पर जताई कड़ी नाराजगी

किच्छा : रुद्रपुर में हुए दंगों को लेकर विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा दिए गए बयान की निंदा करते हुए उत्तरांचल मुस्लिम यूथ मोर्चा के अध्यक्ष दानिश इकबाल अहमद ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। मीडिया से वार्ता करते हुए दानिश इकबाल ने कहा कि रुद्रपुर के विधायक शिव अरोरा द्वारा मुस्लिम समाज के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिए जाने से भारी रोष व्याप्त है तथा किच्छा के कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा भाजपा विधायक शिव अरोरा के बयान पर कोई आपत्ति नहीं जताई गई। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मर्यादा में रहकर बयान बाजी करने की नसीहत दी। साथ ही कहा कि अपने बयान के लिए रुद्रपुर के भाजपा विधायक अरोरा को माफी मांगनी चाहिए। दानिश इकबाल ने कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के उस बयान को लेकर भी नाराजगी जताई है जिसमें उन्होंने कहा था कि 14 वर्ष पूर्व रुद्रपुर में हुए दंगों का मास्टरमाइंड वर्तमान में किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाडी हैं और उनके द्वारा ही रुद्रपुर में दंगों की साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि जब विधायक तिलक राज बेहड़ को सच्चाई का पहले से ही पता था तो वह 14 वर्षों तक चुप क्यों बैठे रहे और अगर उनके द्वारा समय पर पुलिस प्रशासन के सामने इस सच्चाई को बताया गया होता तो रुद्रपुर में दंगा प्रभावित लोगों को न्याय मिल जाता। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर में हुए दंगों में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

किच्छा में मीडिया को जानकारी देते दानिश इकबाल अहमद। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

नेत्रदान कर अमर हो गईं माया देवी

किच्छा : युवा समाजसेवी शिव कुमार मित्तल की माता माया देवी के निधन के बाद उनके नेत्रदान किए जाने से उनकी मृत्यु के उपरांत भी उनकी आंखें दुनिया देख सकेंगी। मित्तल परिवार द्वारा लिए गए नेत्रदान के फैसले की तमाम लोगों ने सराहना की है। शनिवार को नगर स्थित सत्यपथ धाम पर विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के तमाम राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों द्वारा उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए परिवार जनों को ढांढस बंधाया। परिजनों की सूचना पर नेत्र चिकित्सालय की टीम उनके निवास पर पहुंची और ऑपरेशन कर नेत्रों को सुरक्षित कब्जे में ले लिया। परिजनों के अनुसार माया देवी का स्वास्थ्य विगत कई दिनों से खराब चल रहा था। नगर स्थित निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। चिकित्सकों द्वारा उन्हें घर ले जाने तथा घर पर ही सेवा करने की परिजनों को सलाह दी गई थी। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस के माध्यम से शुक्रवार की शाम घर ले जाते समय उनका निधन हो गया।

माया देवी (फाइल फोटो)।

किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को नशे के प्रति किया जागरूक

किच्छा : नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति प्रकोष्ठ एवं जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ ऊधम सिंह नगर के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को तंबाकू, गुटका - पान मसाला और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे की लत के कारण युवा लगातार अपना जीवन तथा भविष्य खराब कर रहे हैं और भयंकर बीमारियों से ग्रसित होने के साथ ही अपराधिक वारदातों में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव रत्न एवं संचालन प्राध्यापक डॉ. नरेश कुमार ने किया। मौके पर नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. उमराव सिंह, डॉ. सिराज मोहम्मद, डॉ. प्रकाश चंद भट्ट, विजय आनंद, मनीषा पांडे आदि मौजूद रहे।

निहाल ईएमआरएस दक्षता चयन परीक्षा में चयनित

खटीमा : ईएमआरएस दक्षता चयन परीक्षा में प्रदेश के दो छात्र और एक छात्रा के चयन में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल खटीमा का 11वीं का छात्र निहाल सिंह राणा भी शामिल है। विद्यालय की प्राचार्य भारती यादव ने निहाल की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा पास कर निहाल निशुल्क इंजीनियरिंग कोचिंग की अहर्ता हासिल कर ली है।

निहाल सिंह राणा।

विकसित भारत संकल्प सभा में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

खटीमा : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया। मंडी समिति में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष जीवन धामी और संचालन मंत्री भुवन भट्ट व विवेक रस्तोगी ने संयुक्त रूप से किया। नानकमत्ता के पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों और अंत्योदय तक पहुंचने वाली सरकार की योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया तथा प्रधानमंत्री की कुशल कार्य क्षमता हेतु उनका आभार किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, डॉ नवीन भट्ट, गम्भीर सिंह धामी, मोहनी पोखरिया, सतीश गोयल, नंदन सिंह खड़ायत, नवीन भट्ट, मनोज शाही, रमेश जोशी, तरुण ठाकुर, गोपाल सिंह राणा चांदा, ठाकुर सिंह खाती, राजेंद्र सिंह सामंत, रमेश चंद्र, विश्वनाथ यादव, राहुल सक्सेना, राशिद मिर्जा, जाहिद कुरैशी, राम बचन, ओमप्रकाश ठाकुर, राहुल चौहान, पवन सक्सेना, नवल वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

किच्छा में विकास कार्य का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़।

विधायक बेहड़ ने किया पांच सड़कों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

किच्छा : किच्छा विधानसभा अंतर्गत तमाम क्षेत्रों में क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने करीब 2 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से राज्य योजना के तहत निर्मित कराई गई पांच बड़ी सड़कों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों द्वारा विकास कार्य कराए जाने पर विधायक बेहड़ का आभार जताते हुए फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक बेहड़ ने कहा कि उनके लगातार प्रयास के चलते किच्छा विधानसभा में चौतरफा विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, अरुण शुक्ला, राजेश प्रताप सिंह, यामीन अंसारी, दलजीत सिंह, अजीत सचदेवा, राजेंद्र सिंह, तीर्थ मुंजाल, लक्ष्मण बांगा, डॉ. गुरजीत सिंह लाडी, गुलशन सिंधी, धर्मेंद्र सिंधी आदि मौजूद रहे।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

काशीपुर : ग्राम भोगपुर निवासी एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में कोई जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। यहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जसपुर के बैलजुड़ी में संबोधित करते मुफ्ती शमून कासमी। ● अमृत विचार

प्रदेश में अपंजीकृत मदरसों पर ही की गई कार्रवाई

जसपुर : उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने मान्यता पाने के लिए मदरसा संचालकों को मानक पूरा करने के निर्देश दिए। वह बैलजुड़ी गांव में मौलाना हाशमी नूरी की ओर से आयोजित मदरसा संचालकों की आभार सभा में शनिवार को पहुंचे थे। अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में अपंजीकृत मदरसों पर ही कार्रवाई की गई। राज्य के 88 मदरसा संचालकों ने मान्यता के लिए आवेदन किया। इनमें 49 मदरसों को मान्यता दी गई। शेष को मान्यता पाने के लिए मानक पूरे करने के निर्देश दिए गए। जबकि 48 मदरसों की मान्यता का नवीनीकरण भी किया गया। वर्तमान में प्रदेश के 450 मदरसों को बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर भी जानकारी दी। मदरसा संचालकों ने नई मान्यता पर अध्यक्ष का आभार जताया और यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रशासन की ओर से सील मदरसों को लेकर भी चर्चा की गई। मदरसा संचालकों ने मदरसों से जुड़ी समस्याएं भी बताईं। अध्यक्ष ने सभी के निस्तारण का आश्वासन दिया। इससे पहले अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान मुफ्ती शमीम अख्तर सअदी, मौलाना जाहिद रजा, निजाम अख्तर, मौलाना इरफान उल हक, डॉ .यूनुस चौधरी आदि मौजूद रहे।

रक्तदान मानवता की सेवा का महान कार्य

सीएमओ डा. देवेश चौहान व रेडक्रास समिति के वाईस चेयरमैन डा. आरके जोशी ने किया शुभारंभ

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : विश्व रक्तदान दिवस पर जिला चिकित्सालय में भारतीय रेडक्रास समिति एवं जिला रक्तकोष के अधिकारी एवं कर्मचारियों के सहयोग से वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सीएमओ एवं रेडक्रास समिति चम्पावत के उपाध्यक्ष डॉ. देवेश चौहान व समिति के वाईस चेयरमैन डॉ. आरके जोशी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 32 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 20 लोगों ने रक्तदान किया।

सीएमओ ने रक्तदान करने वालों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। रक्तदान की यह भावना मानवता की महान सेवा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आगे भी नियमित रूप से रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दें। डॉ. आरके जोशी ने बताया कि जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने जिला रक्त कोष के अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा भारतीय रेडक्रास समिति की टीम को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर रेडक्रास समिति ने स्वैच्छिक रक्तदाताओं के लिए जरूरी चीजों की व्यवस्था की गई। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं कप वितरण किए गए। कार्यक्रम में डॉ. राशि भटनागर, डॉ. उर्मिला, डॉ. स्निग्धा वर्मा, इन्दु पांडे, हरीश भट्ट, रवि भट्ट, लैब तकनीशियन उमेद सिंह बसेड़ा, मनोज मेहता, स्टाफ नर्स सपना, बबीता, पारस वर्मा आदि मौजूद रहे।

चम्पावत में रक्तदान करने वाले को सम्मानित करते सीएमओ।

पिथौरागढ़ में रक्तदान करते डीएम विनोद गोस्वामी।

अल्मोड़ा में रेडक्रॉस ने रक्तदान शिविर लगाया।

रक्तदान महादान है: डीएम गोस्वामी

पिथौरागढ़, अमृत विचार : पिथौरागढ़ में रेडक्रॉस सोसाइटी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। सभी लोगों को स्वच्छ रक्त मिल सके और लोगों की जिंदगी बच सके, इसी महत्व को उजागर करते हुए जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी के साथ ही अन्य अधिकारियों द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्तदान करने के लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करना और रक्तदान से जुड़ी जानकारियों के प्रति लोगों को जागरुक करना भी है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। यहां सीएमओ डॉ. एसएस नबियाल, सीएमएस भागीरथी गर्ब्याल, रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य मौजूद रहे।

'रक्तदान करें और लोगों को भी प्रेरित करें'

अल्मोड़ा, अमृत विचार : अल्मोड़ा में शनिवार को विश्व रक्तदान दिवस पर रेडक्रॉस की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रेडक्रॉस से अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में वक्ताओं ने प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जो व्यक्ति रक्तदान नहीं कर सकता उन्हें अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। यहां शिविर में रेडक्रास सोसायटी चेयरमैन आशीष वर्मा, पार्षद अमित साह मोनू, दर्शन रावत, रवि रौतेला, विनीत बिष्ट, किशन गुरुरानी, डॉ. जेसी दुर्गापाल, शंकर दत्त भट्ट, दीप चंद्र जोशी, अर्जुन बिष्ट, जगदीश नगरकोटी, पार्षद अभिषेक जोशी, मनोज भंडारी, कृष्णा सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प

रानीखेत, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत में आज नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एन.सी.बी), देहरादून के तत्वावधान में 'जीवन को हाँ, नशे को ना' अभियान के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. वीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ अधिकारी, एन.सी.बी रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि नशा रूपी दानव आज समाज में अपनी जड़े गहरी कर चुका है, जिसके फलस्वरूप देश का युवा वर्ग भ्रमित होकर, नशे की गिरफ्त में आ रहा है। मुख्य वक्ता श्री वीरेंद्र सिंह द्वारा 'नशा मुक्त उत्तराखंड' हेतु उपस्थित सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्राची जोशी द्वारा की गई।

कार्यक्रम में डॉ. निर्मला जोशी, डॉ. शंकर कुमार (एनसीसी आफिसर), डॉ. बीबी भट्ट, डॉ. बीके जोशी, डॉ. सत्य मित्र, डॉ. बरखा रौतेला, डॉ. जवान सिंह रावत, डॉ. रुचि साह आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

आईएमए से पास आउट होने के बाद लेफ्टिनेंट कार्तिक परिजनों के साथ।

अल्मोड़ा के कार्तिक बोरा बने सेना में लेफ्टिनेंट

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा के होनहार लाल ने भारतीय सेना में अफसर बन क्षेत्र का मान बढ़ाया है। भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून से पासिंग आउट परेड में अंतिम पग भरते ही धारानौला निवासी होनहार कार्तिक बोरा सेना में लेफ्टिनेंट बन गये। परेड में भाग लेने पहुंचे कार्तिक के माता-पिता ने शान से बेटे के कंधों पर फितियां लगाईं। मूल रूप से ग्राम खेरदा पोस्ट बजवाड़, अल्मोड़ा निवासी चंदन सिंह बोरा और अल्का बोरा के पुत्र कार्तिक बोरा पासिंग आउट परेड के बाद सेना में अफसर बन गये हैं। कार्तिक का बचपन से ही सेना में जाने का सपना था। आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा से 12वीं में स्कूल टॉप करने के बाद उनका नेशनल डिफेंस अकादमी में चयन हुआ था। उनके सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर संपूर्ण क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

लोहाघाट व सिन्याड़ी में चलाया स्वच्छता अभियान

टनकपुर : जिला पंचायत के जटायु वाहन से लोहाघाट और सिन्याड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। डीएम नवनीत पांडेय के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिला पंचायत ने शनिवार को लोहाघाट नगर क्षेत्र और समीपवर्ती इलाकों एवं टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिन्याड़ी में साफ-सफाई कर कूड़ा करकट का निस्तारण किया। इस दौरान जिला पंचायत के कर्मचारियों ने नियमित कूड़ा संग्रहण और निस्तारण की महत्ता के बारे में स्थानीय नागरिकों को जागरूक भी किया। इधर लोहाघाट के रायनगर चौड़ी में युवक मंगल दल ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों आदि की सफाई की गई। युवाओं ने अपने श्रमदान से स्वच्छता का संदेश भी दिया।

मां पूर्णागिरि मेले का आज होगा समापन

टनकपुर : मां पूर्णागिरि धाम के सरकारी मेले का आज 15 जून को समापन होगा। मेला आयोजक संस्था जिला पंचायत के सहायक मेलाधिकारी विजय उप्रेती ने बताया कि मेले का समापन ढुलीगाड़ में रविवार शाम 5 बजे मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती करेंगे। जिला आपदा परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक 15 मार्च से शुरू हो 14 जून तक पूर्णागिरि के सरकारी मेले में 2012100 श्रद्धालुओं ने देवी दर्शन किए। इसमें1.93 लाख बुजुर्ग, 3.69 लाख बच्चे, 6.68 लाख महिलाएं और 7.81 लाख पुरुष शामिल हैं। सरकारी मेला अवधि नहीं बढ़ाई गई है, लेकिन डीएम नवनीत पांडेय ने श्रद्धालुओं के लिए सफाई, पथ प्रकाश, सुरक्षा सहित कई जरूरी सुविधाएं अगले पांच दिन तक और रहेंगी।

सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी समिति की बैठक में मौजूद सदस्य।

सड़क किनारे खड़े वाहनों पर हो कार्रवाई

अल्मोड़ा : सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर समेत तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान सदस्यों ने शासन-प्रशासन ने जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में कटखने बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदर लोगों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। मामले को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक बंदरों के आतंक से निजात दिलाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाए गए। वहीं, नगर के तमाम इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, सड़क किनारे आड़े तिरछे वाहन खड़े करने वालों पर कार्रवाई करने, पार्किंग के शुल्क को कम करने आदि की मांग उठाई। यहां पीएस नेगी, राजेंद्र प्रसाद जोशी, एएस कार्की, भुवन चंद्र पंत, शेष राम, नारायण दत्त पांडे, हरीश, चंद्रशेखर सिंह सिराड़ी, पान सिंह मेहरा, दीवान सिंह, बिशन सिंह, गणेश सिंह आदि मौजूद रहे।

सूखीढांग-श्यामलाताल में दो दिन से पेयजल का संकट

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : सूखीढांग बृजनगर पंपिंग योजना की पेयजल आपूर्ति 2 दिनों से बाधित है। इससे क्षेत्र में पेयजल किल्लत गहरा गई है। वैकल्पिक उपाय करते हुए जल संस्थान के पीटीसी शंकर जोशी ने शनिवार को टैंकर से पानी बांट परेशानी कम करने का प्रयास किया। वहीं, ग्रामीणों ने पेयजल समस्या के स्थायी समाधान करने की मांग की है।

टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का क्षेत्र और महत्वपूर्ण यात्री पड़ाव है बृजनगर सूखीढांग। पिछले दो दिन से पेयजल किल्लत से स्थानीय लोगों से लेकर सैलानी तक परेशान है। पर्यटन सीजन होने के कारण आदि कैलाश जाने वाले पर्यटक और गुरुद्वारा रीठासाहिब जाने वाले सिख तीर्थयात्री बृजनगर में रुककर जाते हैं। ऐसे में सूखीढांग से गुजरने वाले और श्यामलाताल जाने वाले पर्यटकों को पेयजल की समस्या झेलनी पड़ रही है। तल्लापाल विलौन संघर्ष समिति के संयोजक शंकर जोशी ने बताया कि दो दिन से पंप खराब होने से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। बिजली कटौती और लो-वोल्टेज ने भी परेशानी बढ़ाई है।

पंडित शंकर दत्त जोशी, कमल किशोर, महेश, शंकर जोशी, घनश्याम भट्ट, संजय सिंह, प्रदीप सिंह, योगेश, राजेंद्र सिंह राना, नाथ सिंह, मोहन चंद्र, मनोज कुमार आदि ने बृजनगर बाजार में 50 हजार लीटर क्षमता के पेयजल टैंक निर्माण किए जाने, बृजनगर स्थित हैंडपंप की मरम्मत कर उसमें सोलर पंप स्थापित करने और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

वहीं, जल संस्थान के चम्पावत के अधिशासी अभियंता विलाल यूनुस ने बताया कि पंपिंग योजना के पंप में काम चल रहा है, एक दिन में यह काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद पेयजल आपूर्ति सुचारू हो जाएगी। साथ ही ग्रेविटी के पानी के अलावा टैंकर से भी पानी का वितरण किया जा रहा है।

बृज नगर में टैंकर द्वारा ले रहे हैं लोग पानी। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा के गांवों में भी पेयजल संकट

अल्मोड़ा, अमृत विचार: जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी को लेकर हाहाकार मचा है। रोजाना ग्रामीण एक बाल्टी पानी के लिए नौलों धारों की दौड़ लगाने को मजबूर हैं। वहीं, जल संस्थान का टैंकर पहुंचते ही ग्रामीण पानी भरने को उमड़ रहे हैं।

इन दिनों जिले के कई विकासखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में बीते एक माह से पानी का विकराल संकट बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश पेयजल योजनाएं सूख चुकी हैं या फिर तकनीकी खामी के कारण वह लोगों की पेयजल आपूर्ति करने में नाकाम साबित हो रही हैं। हालांकि, औपचारिकता के तौर पर टैंकरों के माध्यम से सड़क मार्गों से लगे कस्बों में विभाग टैंकरों से पानी की आपूर्ति कर रहा है। लेकिन, वह भी ग्रामीणों के लिए नाकाफी साबित हो रहा है। शनिवार को जल संस्थान ने ऐरोली, रैचना, लमगड़ा, बरतोली, तोली, चनौली, डुंगरी, झांकरसैम, डीनापानी, गुरना, नाकोट, दिलकोट, हवालबाग, ताकुला, चनौली, धनेली, सल्ला बैंड, कसारदेवी आदि जल संकट इलाकों में पानी का बांटा।

फर्जी प्रमाणपत्रों से नौकरी पर तीन लोगों पर मुकदमा

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अल्मोड़ा स्वास्थ्य विभाग में फर्जी नियुक्ति का मामला
- सीएमओं की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमृत विचार: अल्मोड़ा स्वास्थ्य विभाग में फर्जी प्रमाणपत्रों के नाम पर नियुक्ति का मामला सामने आया है। मामले में सीएमओ की तहरीर पर पुलिस ने यूपी निवासी तीन कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग में तीन कर्मचारियों ने फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर 36 साल पहले नौकरी पाई। वर्ष 1992 में मामला सामने आया तो आरोपी कोर्ट पहुंच गए और 20 साल तक स्टे रहा।

अब एक आरोपी कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर धनराशि भुगतान के दौरान हुई जांच में मामला फिर से सामने आ गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि वर्ष 1989 को उत्तर प्रदेश निवासी तीन लोगों ने अल्मोड़ा स्वास्थ्य विभाग में बहुउद्देशीय कार्यकर्ता के रूप में तैनाती ली। उस दौरान जांच में तीनों के प्रमाणपत्र फर्जी मिले। जिससे पहले विभाग कार्रवाई करता तीनों आरोपी वर्ष 1992 में कोर्ट चले गए। कोर्ट ने कार्रवाई पर स्टे लगा दिया। वर्ष 2012 में स्टे हटा तो एक व्यक्ति को बरी कर दिया गया। जबकि, दूसरा व्यक्ति न्यायालय में पेश नहीं हुआ। इसके चलते उसके केस को खारिज कर दिया गया।

वर्ष 2021 में तीसरा व्यक्ति सेवानिवृत्त हुआ और उसने सेवानिवृत्ति की धनराशि के लिए आवेदन किया। धनराशि भुगतान के लिए विभाग ने उसके कार्यकाल की जांच की तो फिर से मामला सामने आ गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनुशासन, ईमानदारी, निष्ठा और सम्मान सफलता की कुंजी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में शनिवार को 156वीं पासिंग आउट परेड (पीओपी) की समीक्षा श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल लासांथा रोड्रिगो ने की।

परेड को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लासांथा रोड्रिगो ने भावुक होते हुए कहा कि आईएमए का पूर्व छात्र होने के नाते इस ऐतिहासिक परेड की समीक्षा करना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने याद किया कि किस प्रकार एक साधारण बाल कटवाने के साथ उनकी सैन्य यात्रा की शुरुआत इसी अकादमी से हुई थी। कहा कि वर्दी केवल एक पद का प्रतीक नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है।

एक सच्चा अधिकारी अपने चरित्र, आचरण और निर्णयों से अपने अधीनस्थों का विश्वास अर्जित करता है। यह सम्मान केवल रैंक से नहीं मिलता, यह हर दिन के कर्म से कमाया जाता है। जनरल रोड्रिगो ने सैनिक के चार आधारभूत मूल्यों-अनुशासन, ईमानदारी, निष्ठा और सम्मान को सफलता की कुंजी बताया।

उनके अनुसार, अनुशासन आत्म-संयम है, ईमानदारी वह है जो तब भी बनी रहती है जब कोई देख न रहा हो, निष्ठा पद की सीमा से परे होती है और सम्मान वह पवित्र विश्वास है जो वर्दी के साथ जुड़ा होता है। उन्होंने विदेशी कैडेट्स को आईएमए के मूल्यों का वैश्विक दूत बताया।

लेफ्टिनेंट जनरल लासांथा रोड्रिगो।

समीक्षा अधिकारी ने प्रदान किए प्रमुख पुरस्कार

स्वॉर्ड ऑफ ऑनर- एकेडमी कैडेट एडजुटेंट अन्नी नेहरा, गोल्ड मेडल (मेरिट सूची में प्रथम स्थान)। एकेडमी अंडर ऑफिसर रोनित रंजन नायक, सिल्वर मेडल (मेरिट सूची में द्वितीय स्थान)। एकेडमी कैडेट एडजुटेंट अन्नी नेहरा, ब्रॉन्ज मेडल (मेरिट सूची में तृतीय स्थान)। बटालियन अंडर ऑफिसर अनुराग वर्मा, तकनीकी स्नातक कोर्स में प्रथम स्थान। सार्जेंट आकाश भदौरिया (सिल्वर मेडल)।

टीईएस-45 में प्रथम स्थान - विंग कैडेट क्वार्टर मास्टर कपिल (सिल्वर मेडल)। विदेशी कैडेट में प्रथम स्थान- विदेशी ऑफिसर कैडेट निशान बलामी (नेपाल)। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर-केरन कंपनी (स्प्रिंग टर्म 2025 में12 कंपनियों में सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए)।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी-15.51 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-श्रवण 16 जून 13.00 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज आपकी दिनचर्या काफी संतुलित रहने वाली है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा। जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

वृष — आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। काफी समय से जिस कार्य के लिए आप योजना बना रहे थे उसे प्रारम्भ कर सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होने की संभावना बन रही है।

मिथुन — आज दांपत्य संबंधों में परेशानी हो सकती है। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। आपको अत्यधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। जॉब में सहकर्मियों के व्यवहार से परेशान हो सकते हैं। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी।

कर्क — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहने वाला है। लोगों के प्रति आपके सहयोगात्मक व मैत्रीपूर्ण व्यवहार की सराहना होगी। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से लाभ होगा। विदेशी भूमि में सफलता मिल सकती है।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय देना पड़ेगा। फिर भी अपनी क्षमता से अधिक काम न करें। घर के मामलों को बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। कोई महत्वपूर्ण वस्तु गुम हो सकती है। अत्यधिक दयालुता में काम बिगड़ सकते हैं।

कन्या — आज प्रेम संबंधों के मामलों में परेशानी हो सकती है। संतान की उन्नति से आप हर्षित रहेंगे। विवाह योग्य संतान को विवाह प्रस्ताव मिलेंगे। नौकरी बदलने का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिलेगी। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है।

तुला — आज साझेदारी से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता अवश्य रखें। किसी पर भी आंख-मूंदकर विश्वास न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। विवादों से दूर रहना उचित होगा। आज आप परिजनों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

वृश्चिक — आज आपकी आय में वृद्धि होगी। छात्रों को पढ़ाई में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। छोटे व्यापारियों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

धनु — आज किसी प्रियजन को लेकर नकारात्मक खबर मिल सकती है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय व्यर्थ हो सकता है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। आज किसी को भी वादा न करें। स्वास्थ्य थोड़ा नरम हो सकता है।

मकर — महिलाओं के लिए आज का दिन काफी प्रगतिशील रहेगा। सभी कार्यों को सोच-समझकर करने से सफलता मिलेगी। विदेश यात्रा से लाभ होगा। व्यवसाय को लेकर कोई महत्वपूर्ण डील हो सकती है। वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

कुंभ — आज अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों को लेकर सम्वेदनशील रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है। मन में अनजाना भय व्याप्त हो सकता है। कानूनी मामलों में नुकसान होने की आशंका है।

मीन — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। अटके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोरी महसूस कर सकते हैं। प्रेमी जोड़े विवाह को लेकर तैयारी कर सकते हैं।

वर्ग पहेली- 2

बाएं से दाएं

1.1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।

2.1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।

5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।

6.1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ।

9. रखेवाला, दानेदार।

ऊपर से नीचे-

1.1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।

3.1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।

4.1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक

5.1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।

7.1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।

8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना : किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।



वर्ग पहेली -1 का हल

1 बा	का	■	2 इ	■	3 जी	■
ल	■	4 अ	म	ल	ता	सी
■	5 उ	■	र	■	जा	■
■	प	■	जें	■	ग	■
6 अ	धि	शा	सी	■	ता	■
गि	■	■	■	■	■	■
7 या	र	बा	श	■	8 ब	च

सुडोकू -9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			4			5	3	
4			8					1
9	2		1		6			4
		2	3			9		
	8	7				3	4	
		1			2	6		
8			9		5		2	3
1					8			7
	3	6			4			

सुडोकू - 8 का हल

2	8	6	1	4	3	9	5	7
9	7	1	5	2	6	3	4	8
3	5	4	7	8	9	1	2	6
7	1	8	3	6	4	2	9	5
6	2	3	9	7	5	4	8	1
4	9	5	2	1	8	7	6	3
5	3	2	8	9	7	6	1	4
1	6	7	4	5	2	8	3	9
8	4	9	6	3	1	5	7	2

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुदूर इलाके में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने बताया कि थानामंडी के इस्लामपुर इलाके में राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों द्वारा चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता चला। अधिकारियों ने बताया कि ठिकाने की तलाशी में 400 ग्राम विस्फोटक सामग्री, मशीन गन की 48 गोलियां, पिस्तौल की पांच गोलियां, एके-47 की एक गोली और एक आंसू गैस का गोला बरामद हुआ।

दिल्ली स्थित सीसीएस इमारत में लगी आग

नई दिल्ली। दिल्ली में जनपथ रोड स्थित सीसीएस इमारत में शनिवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजकर 13 मिनट पर जनपथ रोड पर स्थित सीसीएस बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। हमने दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा और दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक आग पर काबू पा लिया।

ड्रग्स में यूएई से निर्वासित आरोपी हिरासत में

मुंबई। महाराष्ट्र की विशेष एनडीपीएस अदालत ने शनिवार को राज्य में 252 करोड़ का मादक पदार्थ बनाने में कथित संलिप्तता के लिए संयुक्त अरब अमीरात से निर्वासित आरोपी ताहिर सलीम डोला को पुलिस हिरासत में भेज दिया। सांगली में अवैध मेफेड्रोन विनिर्माण इकाई चलाने के आरोप में मुंबई पुलिस द्वारा वांछित डोला को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पित किया गया। इससे पहले शहर की पुलिस ने सोलापुर के एक कारखाने से 256 करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) जब्त करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया था।

छत्तीसगढ़ से बांग्लादेशी पति-पत्नी गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शहर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद दिलावर (49) और उसकी पत्नी परवीन बेगम (44) को गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मद दिलावर और उसकी पत्नी बांग्लादेश के मुंशीगंज जिले के निवासी हैं तथा पिछले 15 वर्ष से अवैध रूप से रायपुर में रह रहे थे।

राहुल को विदेश नीति की समझ नहीं : रविशंकर

पाकिस्तान में राहुल के बयानों की सराहना हो रही है, वहां के लोग इनकी टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं

पटना, एजेंसी

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के फैसले पर टिप्पणी के लिए आलोचना की और कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है।

पाकिस्तान संरक्षित आतंकवाद और इसपर भारत के रुख के बारे में लोगों को अवगत कराने गये संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल रविशंकर ने यूरोपीय देशों से लौटने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल ने इटली, फ्रांस, ब्रिटेन, डेनमार्क, बेल्जियम और अन्य देशों का दौरा किया और वहां के नेताओं को इस मुद्दे पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरी दुनिया को बताया गया कि आतंकवाद और हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे उत्पात पर भारत का रुख क्या है। साथ ही यह भी बताया गया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया।

रविशंकर से पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे और इस पर नरेंद्र मोदी की चुप्पी को लेकर श्री राहुल गांधी के निशाना साधने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब किसी भी भाजपा नेता ने कभी भी भारत सरकार को ऐसे मुद्दे पर शर्मिंदा नहीं किया, जब देश पाकिस्तान या किसी अन्य देश के साथ सैन्य अभियान में लगा हुआ था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में, मैंने मुंबई में ताज होटल पर 26/11 के आतंकी हमले के बाद डॉ. मनमोहन सिंह सरकार को शर्मिंदा करने वाला एक भी शब्द नहीं कहा था। उन्होंने कहा कि राहुल के बयानों की पाकिस्तान में सराहना हो रही है। पाकिस्तान के लोग इनकी टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं। रविशंकर ने कहा कि यूरोपीय देशों ने आतंकवाद पर भारत के रुख का पूरी तरह से समर्थन किया और स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी रूप में आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दुनिया भारत के साथ

पटना। सांसद रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में उन्होंने जिन यूरोपीय देशों का दौरा किया, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत को पूरा समर्थन दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले प्रसाद ने कहा कि आतंकवाद कैंसर है, जो दुनिया को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने पटना में कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ किसी तरह की कोई नरमी नहीं बरतने के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए यूरोपीय देशों का दौरा किया। पूरी दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने जिन देशों का दौरा किया, उनमें ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, डेनमार्क और जर्मनी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने हाउस ऑफ कॉमन्स के नेताओं से मुलाकात की और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है तथा हम इसकी निंदा करते हैं।

आग से प्रभावित सिंगापुर के जहाज को समुद्र तट से दूर ले जाया गया

कोच्चि, एजेंसी

सिंगापुर के ध्वज वाले मालवाहक जहाज में लगी आग बुझाने के लिए जारी अभियान के बीच शनिवार को जहाज को समुद्र तट से और दूर ले जाया गया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह की शुरुआत में कोलंबो से मुंबई की ओर जाते समय केरल के तट के निकट जहाज में आग लग गई थी। सूत्रों ने बताया कि जहाज एमवी वान हाई 503 को तट से 40 समुद्री मील दूर ले जाया गया है। इससे पहले यह जहाज तट से 27 समुद्री मील दूर था।

रक्षा वक्तव्य के अनुसार, 'टोइंग ऑपरेशन' (जहाज को खींचने का अभियान) की शुरुआत दक्षिणी नौसेना कमान के एक सीकिंग हेलीकॉप्टर से की गई। बयान में कहा गया है कि 'टोइंग ऑपरेशन' आवश्यक था, क्योंकि आईसीजी जहाजों की बोलार्ड पुल क्षमता (जहाज की खींचने की क्षमता) सीमित होती है। बयान में कहा गया है कि हालांकि जहाज एमवी वान हाई 503 को तट से दूर ले जाने में सफल रहे, लेकिन तेज हवाओं के कारण यह तेजी से किनारे की ओर जाने लगा। बयान में कहा गया है कि इसके बाद, प्रतिकूल मौसम के बावजूद, बचाव दल को जहाज पर चढ़ाया गया और एक रस्सी को जहाज से जोड़ा गया। रक्षा वक्तव्य में कहा गया है, खींचने (टोइंग) का अभियान शुरू हो गया है।

केरल तट पर जहाज एमवी वान हाई 503 में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश करती भारतीय नौसेना।

जम्मू कश्मीर में 17 से दोबारा खुलेंगे पर्यटन स्थल

श्रीनगर, एजेंसी



- पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से बंद थे

जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 17 जून से राज्य के कई पर्यटन स्थलों और उद्यानों को जनता के लिए पुनः खोलने का आदेश दिया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के बाद इन्हें बंद कर दिया गया था। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखे पोस्ट में कहा कि अन्य पर्यटन स्थलों को भी चरणबद्ध तरीके से दोबारा खोला जाएगा।

मनोज सिन्हा ने कहा कि मैंने जम्मू एवं कश्मीर डिविजनों के उन कुछ पर्यटनस्थलों को दोबारा खोलने का आदेश दिया है जिन्हें सुरक्षा कारणो से एहतियाती तौर पर अनिश्चितकाल के लिये बंद कर दिया गया था। पहलगाम बाजार में बेताब घाटी एवं पार्क, वेरीनाग पार्क, कोकरनाग पार्क और अचहाबल पार्क 17 जून से पर्यटकों के लिये दोबारा खोल दिये जांएगे। उपराज्यपाल ने कहा दोबारा खुलने वाले अन्य पर्यटनस्थलों में श्रीनगर स्थित बादमवारी पार्क, डक पार्क, तकदीर पार्क, कठुआ में सार्थल धागर, रईसी में देवी पिंडी, सियाद बाबा एवं सूला पार्क, डोडा में गुलदंदा एवं जय घाटी और ऊधमपुर में पंछेरी शामिल है। उन्होंने कहा कि ये सभी पर्यटन स्थल क्रमबद्ध तरीके से पुनः खोले जांएगे। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए 30 अप्रैल को करीब 50 पर्यटन स्थलों और ट्रैकिंग स्थलों को बंद कर दिया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे।

विमान दुर्घटना में सरकार को मुआवजा देना चाहिए : खरगे

अहमदाबाद। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना में जवाबदेही तय करनी चाहिए। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद खरगे ने कहा कि केंद्र को मृतकों के परिजन और घायलों को मुआवजा देना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया। भारतीय तथा विदेशी नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए खरगे ने कहा कि शहर के लोग इस भयावह दुर्घटना को कभी नहीं भूलेंगे। खरगे ने कहा, किसी को भी ऐसी घटनाओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए और यह नहीं कहना चाहिए कि ऐसी घटनाएं होती रहती हैं या यह तो आम बात है। मैं कहना चाहूंगा कि किसी को घायलों से मिलकर और फोटो खिंचवाकर श्रेय लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

संविधान विकासशील दस्तावेज है जो बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एडिनबर्ग लॉ स्कूल में संविधान एक विकासशील दस्तावेज विषय पर सीजेआई ने रखे अपने विचार

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने भारतीय संविधान को एक जीवंत और विकासशील दस्तावेज बताया, जो विभिन्न परिस्थितियों में अपेक्षित परिवर्तनों के अनुरूप ढल जाता है। एडिनबर्ग लॉ स्कूल में शुक्रवार को संविधान एक विकासशील दस्तावेज विषय पर अपने संबोधन में सीजेआई ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में बदलते दौर की चुनौतियों का सामना करने के लिए संविधान में कई संशोधन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी उच्चतम न्यायालय द्वारा संविधान की व्याख्या के कारण कुछ मुद्दे उठे, संसद ने संविधान में संशोधन करके उनका समाधान किया, ताकि नयी पीढ़ी के बदलावों तथा परिस्थितियों में आए परिवर्तन की मांग के अनुरूप बदलाव किए जा सकें। प्रधान न्यायाधीश ने पूर्व में संविधान को एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में वर्णित किया था, जो न केवल अधिकारों की गारंटी देता है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से शोषित तबके का सक्रियता से उत्थान करता है।

पांच विदेशी विश्वविद्यालय मुंबई में करेंगे परिसर स्थापित

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को मुंबई में अपने परिसर स्थापित करने के लिए पांच विदेशी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपे। ये पांच विश्वविद्यालय - शिकागो का इलिनोइस टेक, स्कॉटलैंड का एबरडीन विवि, ब्रिटेन का यॉर्क विवि, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विवि और इटली का इंस्टीट्यूटो यूरोपियो डी डिजाइन। प्रधान ने कहा, मुंबई सपनों और उत्साह का शहर है। यह अपनी बुद्धिमत्ता और उद्यमशीलता की भावना के लिए भी जाना जाता है। नवी मुंबई में स्थापित मुंबई एडुसिटी, मुंबई को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी और इसे वैश्विक ज्ञान राजधानियों में शामिल करेगी। प्रधान ने कहा, मुंबई एडुसिटी वैश्विक, भविष्य के लिए तैयार शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को आकार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लोकाचार के अनुरूप विचारों, प्रतिभा व विश्वास को सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक कदम है।

अस्वीकार करना पाकिस्तान की आदत

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व राजनयिक ने कहा- पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को मिला मुंह तोड़ जवाब

पूर्व राजनयिक दिनकर श्रीवास्तव ने कहा है कि पाकिस्तान की युद्ध रणनीति में अपनी संलिप्तता से मना करना शामिल है और इसका उदाहरण 1947 में कश्मीर पर कबायली हमला, 1965 में ऑपरेशन जिब्राल्टर, 1999 में कारगिल युद्ध, 2009 में मुंबई हमला और पहलगाम हमला है।

विदेश मंत्रालय में सेवा दे चुके और पाकिस्तान, अमेरिका एवं यूरोपीय संघ में पदस्थ रहे श्रीवास्तव ने कहा कि इन कृत्यों में पाकिस्तान की संलिप्तता बाद में स्थापित हुई। ईरान में भारत के राजदूत रह चुके श्रीवास्तव ने बताया कि पाकिस्तान ने शुरू में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस बात से इनकार किया था कि उसकी सेनाएं (1947 के कबायली हमलों में) शामिल थीं। मई 1948 में पाकिस्तान के विदेश मंत्री सर ज़फ़रुल्ला खान ने भारत और पाकिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र आयोग के समक्ष स्वीकार किया था कि पाकिस्तानी सेना की दो ब्रिगेड कश्मीर में लड़ रही थीं, जिसका भारत में विलय कर लिया गया था। श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक, पाकिस्तानः विचारधाराएं, रणनीतियां और हित, में विभाजन, द्वि-राष्ट्र सिद्धांत, इसके राजनीतिक नेताओं एवं सेना के बीच खींचतान, इसके कई आंतरिक संघर्षों और देश के अनिश्चित भविष्य की ओर बढ़ने का उल्लेख किया है।

उन्होंने कहा कि अस्वीकार करना पाकिस्तान की युद्ध रणनीति का हिस्सा है। अगर उन्हें लगता है कि यह सिद्धांत काम कर रहा है तो वे आतंकवाद को प्रायोजित करना जारी रखेंगे। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकियों और पाकिस्तानी सेना तथा आईएसआई में उनके आकाओं को संदेश दिया है कि इस तरह की हरकत का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

अस्पताल ने किया मृत घोषित अंतिम संस्कार के समय जगा

ठाणे, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर के अस्पताल के चिकित्सक द्वारा मृत घोषित व्यक्ति उस समय जाग गया जब उसका परिवार उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने शनिवार को बताया कि पीलिया से पीड़ित अभिमन्यु तायडे को बेचैनी की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टर ने मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया, जिसके बाद परिवार ने उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी, इसी दौरान अभिमन्यु जाग गए। अस्पताल के डॉक्टर ने अपनी गलती स्वीकार की, लेकिन दावा किया कि उन्होंने मानवीय आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र दिया था, जब परिवार ने स्वयं बताया था कि तायडे की मौत हो गई है। तायडे फिलहाल दूसरे अस्पताल में हैं। अस्पताल की लापरवाही के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी, यह जानने के लिए उल्हासनगर नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

कारोबार/कृषि

पीड़ितों को एअर इंडिया देगा 25-25 लाख रुपये

टाटा संस के घोषित एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे से अलग होगी यह धनराशि

मुंबई, एजेंसी

विमानन कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को घोषणा की कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। यह अंतरिम भुगतान मूल कंपनी टाटा संस द्वारा पहले घोषित किए गए एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे के अतिरिक्त है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने वीडियो संदेश में कहा, तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एयर इंडिया प्रत्येक मृतक के परिवार और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये या लगभग 21,000 ब्रिटिश पाउंड का अंतरिम भुगतान करेगी।

उन्होंने बताया कि यह राशि 'टाटा संस' द्वारा पहले ही घोषित एक-एक करोड़ रुपये या लगभग 85,000 ब्रिटिश पाउंड की मदद के अतिरिक्त दी जाएगी। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उनका समूह अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक-एक करोड़ रुपये की राशि देगा। कैम्पबेल ने कहा कि 200 से अधिक प्रशिक्षित देखभालकर्ता मौजूद हैं और प्रत्येक परिवार को परामर्श और अन्य सेवाओं तक पहुंच के साथ-साथ समर्पित सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजन को उनके प्रियजन के शव एवं निजी सामान सौंपने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

एअर इंडिया प्रमुख ने कहा, इस प्रक्रिया में मदद के लिए हमारी टीम परिवारों और अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। 'एअर इंडिया' प्रमुख ने कहा कि कंपनी डीजीसीए के निर्देशानुसार, बोइंग 787 विमानों की एहतियाती सुरक्षा जांच पूरी करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा, ''हम विनियामक द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी जांच पूरी कर लेंगे। प्राधिकारियों ने इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि विमान का डेटा रिकॉर्डर बरामद कर लिया गया है, जो आधिकारिक जांच का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि एअर इंडिया इन जांचों में पूरी तरह से सहयोग कर रही है।

दुर्घटना पीड़ितों के लिए बीमा कंपनियों ने आसान की दावा प्रक्रिया

नई दिल्ली। बीमा कंपनियों - एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड शनिवार को कहा कि उन्होंने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने ऐसी स्थितियों में प्रक्रियात्मक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले भारी भावनात्मक तनाव को समझते हुए, तेजी से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने कहा कि दावा प्रपत्र, पॉलिसी दस्तावेज और केवाईसी तथा नामित व्यक्ति के बैंक खाते के विवरण जैसे न्यूनतम दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। दुखद हादसे में, एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई171 बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 241 यात्रियों समेत कुल 274 लोगों की मौत हो गई। एचडीएफसी लाइफ ने एक अलग बयान में कहा कि उसने प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए अपनी दावा प्रक्रिया को सरल बना दिया है। नामांकित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी अब स्थानीय अधिकारियों (सरकार, पुलिस या अस्पताल) से मृत्यु के प्रमाण के साथ ही दावा शुरू कर सकते हैं।

भारत में औपचारिक नौकरियों में आया उछाल: इनडीड

बेंगलुरु, एजेंसी

- आठ महीने की गिरावट के बाद मई में नौकरियों की पोस्टिंग में 8.9 प्रतिशत वृद्धि

लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद इस वर्ष मई में नौकरियों की पोस्टिंग में जबरदस्त 8.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गयी है। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड द्वारा जारी नए आंकड़ों के मुताबिक हालांकि यह एक साल पहले के मुकाबले 1.8 प्रतिशत और अपने शिखर से लगभग 16 प्रतिशत कम है। हाल ही में हुई गिरावट के बाद भी भारतीय नौकरियों की पोस्टिंग कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत ज़्यादा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और स्विटज़रलैंड जैसे कई देशों में पोस्टिंग वॉल्यूम इस समय कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में कम है। अगर इस तुलना को देखा जाए, तो भारत में पोस्टिंग वॉल्यूम बहुत अच्छा है। भारत में लगभग 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरियों की पोस्टिंग पिछले तीन महीनों में काफी बढ़ी है। इस वृद्धि से डेंटल सेक्टर में नौकरियों में आई कमी की कुछ भरपाई हो सकती है, जो पिछले तीन महीनों में 10.2 प्रतिशत कम हुई हैं। इसके अलावा, कृषि और वानिकी (8.6 प्रतिशत), सामुदायिक और सामाजिक सेवा (6.8 प्रतिशत) और सॉफ़्टवेयर विकास (4.2 प्रतिशत) की कमी देखी गयी है।

हालांकि हाल ही में सॉफ़्टवेयर डेवलपमेंट में अवसर कम हुए हैं, पर इनडीड पर यह सेक्टर सबसे अधिक नौकरियां पोस्ट करता है, हर पांच भारतीय नौकरी की पोस्टिंग में एक पोस्टिंग इसी सेक्टर की होती है।

किस सेक्टर में कितनी बढ़ी नौकरियां

सबसे ज़्यादा नौकरियाँ चाइल्डकेयर (27 प्रतिशत), पर्सनल केयर एवं होम हेल्थ (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) बढ़ीं है।

9 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की सुरक्षा जांच पूरी, उड़ान में देर संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

- बाकी 24 विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में आगे बढ़ रही कंपनी

एयर इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने विमानन नियामक डीजीसीए के निर्देशानुसार अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की एक बार सुरक्षा जांच पूरी कर ली है। एयरलाइंस ने साथ ही कहा कि वह ऐसे बाकी 24 विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान की बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में घातक दुर्घटना के मद्देनजर, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को विमान बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का आदेश दिया था। एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787-8/9 विमान हैं। एयरलाइन ने एक्स पर पोस्ट किया, कुछ जांचों के कारण कुछ लंबी दूरी के मार्गों पर उड़ानों में अधिक समय लग सकता है और देरी हो सकती है। खासकर उन हवाई अड्डों पर, जहां परिचालन पर रोक है। ग्राहकों को किसी भी देरी के बारे में विधिवत बताया जाएगा। एयरलाइन ने कहा कि वह डीजीसीए द्वारा निर्देशित एक बार की सुरक्षा जांच पूरी करने की प्रक्रिया में है। बोइंग 787 बेड़े की जांच की जा रही है, क्योंकि वे परिचालन के लिए मंजूरी उेने से पहले भारत लौट रहे हैं।

रूस सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक बना रहेगा : एफएओ

मॉस्को। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार रूस कम से कम दो साल तक सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश बना रहेगा। रूस की संवाद समिति ने एफएओ के हवाले से कहा है कि चालू तथा अगले कृषि वर्ष के दौरान गेहूं के कुल वैश्विक निर्यात में रूस का योगदान 20 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है।

एफएओ की रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 कृषि वर्ष में वैश्विक गेहूं निर्यात आठ प्रतिशत घटकर 19.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह चार साल के निर्यात का न्यूनतम स्तर होगा। संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन के अनुसार अगले कृषि वर्ष में वैश्विक स्तर पर गेहूं का निर्यात में ज्यादा से ज्यादा 3.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.06 करोड़ टन तक रहेगा। एफएओ के विश्लेषकों ने लिखा है, रूस दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक की स्थिति को बनाये रख सकता है।

सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में आमजन केन्द्र में : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा
- मोदी के नेतृत्व में किए सुधारों और दूरदर्शी फैसलों का नतीजा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में आम आदमी को केंद्र में रखते हुये आर्थिक विकास के साथ-साथ जनकल्याण योजनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सीतारमण ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में आर्थिक क्षेत्रों को लेकर एक्स पर शेयर किए लेख में लिखा है कि नई तकनीकों की वजह से वित्तीय स्थिरता पर सवाल उठ रहे हैं। इन हालातों में भारत एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

11 साल में भारत की विकास यात्राः सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण से मजबूत अर्थव्यवस्था तक शीर्षक से लिखे गये इस लेख में वित्त मंत्री ने लिखा है कि दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं इस समय गंभीर अनिश्चितता के दौर से गुजर रही हैं। भू-आर्थिक विभाजन बढ़ रहा है, वैश्विक कर्ज ऊंचाई पर है। यह स्थिति वर्ष 2013 से बिलकुल अलग है क्योंकि तब भारत को 'फ्रैजाइल फाइव' देशों की सूची में शामिल किया गया था। उस समय देश को कम आर्थिक विकास, ऊंची महंगाई, भारी चालू खाता घाटा और कमजोर सरकारी वित्तीय स्थिति जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने लिखा है कि बीते 11 वर्षों में भारत ने इन सभी चुनौतियों पर काबू पाया है।

'फाइव बैलेंस शीट एडवांटेज' वाला देश बना भारत

अब भारत दोहरे घाटे (ट्विन डेफिसिट) वाली अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि 'फाइव बैलेंस शीट एडवांटेज' वाला देश बन गया है। यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए नीतिगत सुधारों और दूरदर्शी फैसलों का नतीजा है। वित्त मंत्री ने लिखा है कि 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता आर्थिक विकास को फिर से गति देना था। इसके लिए कई संरचनात्मक सुधार लागू किए गए, जिनमें जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर), आईबीसी (दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता), रेरा (रियल एस्टेट विनियमन कानून) जैसे कदम शामिल हैं। कोविड महामारी के दौरान उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के ज़रिए छोटे उद्योगों को संकट से उबरने में मदद दी गई।

दक्षिण अफ्रीका के 27 साल का इंतजार खत्म

ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती, एडन मारक्रम बने प्लेयर ऑफ द मैच

लंदन, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लार्डस में 27 साल का लंबा इंतजार कर दिया। ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया। आखिरी बार द.अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।

ऑस्ट्रेलिया ने लगाया पूरा जोर : ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन भी पूरा जोर लगाना जारी रखा और कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने शुरुआती घंटे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। दिन के तीसरे ओवर में जब कमिंस की गेंद पर कप्तान तेम्बा बावुमा (66) विकेट के पीछे एलेक्स कैरी के द्वारा लपके गये तब लगा कि टीम पिछली कई बार की तरह एक बार फिर जीत के करीब पहुंच कर फिसल ना जाये। दिन की शुरुआत 102 रन से करने वाले शतकवीर एडेन मारक्रम (136) की अगुवाई में टीम ने हालांकि धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए किसी अनहोनी को टालते हुए 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड दिया। दक्षिण अफ्रीका की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने दो घंटे से अधिक के सत्र में सिर्फ तीन चौके लगाये और सुबह माकूल परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाजों को सिर्फ तीन विकेट झटकने के मौके दिए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट चटकाने के लिए पूरा प्रयास किया। टीम की बेताबी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने शुरुआती 90 मिनट के खेल में अपने तीनों डीआरएस गंवा दिए।

मारक्रम ने पूरा किया काम : जोश हेजलवुड की गेंद पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' मारक्रम जब आउट हुए तब तक मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल चुका था। उन्होंने छह घंटे और 23 मिनट की मैराथन पारी में 207 गेंद का सामना कर 14 चौके जड़े। काइल वेरेने (नाबाद चार) ने मारक्रम के पवेलियन लौटने के लगभग 15 मिनट के बाद विजयी रन जड़ कर दक्षिण अफ्रीका के खेमे को जश्न में डूबने का मौका दे दिया।

मारक्रम और कप्तान बावुमा ने जीत की नीव रखी : मारक्रम और कप्तान बावुमा ने इससे पहले शुक्रवार को मैच के तीसरे दिन 143 रनों की अटूट साझेदारी कर जीत की नींव रखी थी। यह जोड़ी हालांकि शनिवार को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह सकी। बावुमा बीते दिन के स्कोर में एक रन जोड़कर दूसरी पारी में कमिंस का पहला शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी ख्याति के उलट अति रक्षात्मक रवैया अपनाया और 43 गेंद में आठ रन बनाकर मिशेल स्टार्क (66 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर बोल्ड हुए। इस समय टीम को 41 रनों की जरूरत थी। मारक्रम ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और दूसरे छोर से डेविड बेडिंघम (नाबाद 21) ने स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा। टीम को जब जीत के लिए छह रनों की जरूरत थी तब हेजलवुड की गेंद पर मिडविकेट पर ट्रेविस हेड ने मारक्रम का कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने उनके विकेट का जश्न नहीं मनाया। उन्होंने मारक्रम की पीठ थपथपाई और उन्हें मैच जीतने वाली पारी के लिए बधाई दी।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा टीम के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया पहली पारी	212 रन
दक्षिण अफ्रीका पहली पारी	138 रन
ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी	207 रन

दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी

282/5 (83.4 ओवर)

एडन मारक्रम का हेड बो हेजलवुड	136
रेयान रिकल्टन का कैरी बो स्टार्क	06
वियान मुल्डर का लाबुशेन बो स्टार्क	27
तेम्बा बावुमा का कैरी बो कमिंस	66
ट्रिस्टन स्टब्स बो स्टार्क	08
डेविड बेडिंघम नाबाद	21
काइल वेरेने नाबाद	04

गेंदबाजी : स्टार्क 14.4-1-66-3, हेजलवुड 19-2-58-1, कमिंस 17-0-59-1, लियोन 26-4-66-0, वेबस्टर 5-0-13-0, हेड 2-0-8-0

कई बार मंजिल पर फिसला है दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले आईसीसी टूर्नामेंटों में कई अहम मौकों पर खिताब के करीब पहुंच कर चूक गया है। टीम को बर्मिंघम 1999, ढाका 2011, ऑकलैंड 2015, कोलकाता 2023 और ब्रिजटाउन 2024 में मिली हार लंबे समय तक निराश करती रही लेकिन लंदन 2025 दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट में सबसे यादगार दिनों में से एक के रूप में जाना जाएगा। टीम ने जीत की प्रबल दावेदार और आईसीसी के अहम मैचों में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी।



दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और काइल वेरेन विजयी रन बनाने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: पैट कमिंस

लंदन : ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया। इस परिणाम ने दक्षिण अफ्रीका को उसका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब और 27 वर्षों में उसकी पहली आईसीसी पुरुष ट्रॉफी दिलायी।

प्लेयर ऑफ द मैच एडन मारक्रम। ● एजेंसी

एक नजर

अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के छठे दिन सेमीफाइनल मैच के दौरान चीन की किनवेन झेंग को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

चोपड़ा की निगाह पेरिस डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीतने पर

पेरिस : लगातार दो प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहने के बाद स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी

नीरज चोपड़ा जब 20 जून को पिछले आठ साल में पहली बार पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे तो उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने फ्रांस की राजधानी में आयोजित किए गए ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है, लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि चोपड़ा और एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं।

मन्नत एमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद मामूली अंतर से बाहर

नायरन (स्कॉटलैंड) : मन्नत बरार ने 122वीं महिला एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इसके बावजूद प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी।

तलवार ने चेक गणराज्य में कट में प्रवेश किया

ब्रनो (चेक गणराज्य) : भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के दूसरे दिन एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुरुआती दौर में 72 का कार्ड खेलने वाले तलवार ने इवन पार 142 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 60वें स्थान पर रहते हुए कट में प्रवेश किया। तलवार ने दूसरे दौर दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाई। तालिका में शीर्ष पर काबिज चार खिलाड़ियों का स्कोर 10 अंडर है। इसमें स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया (65-67), इंग्लैंड के जोशुआ बेरी (68-64), वेल्श के स्टुअर्ट मैनले (66-66) और अमेरिका के पामर जैक्सन (65-67) के नाम शामिल है।

दक्षिण अफ्रीका की 'उम्मीदों' का पर्याय बने तेम्बा

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान बनने से पहले की उनकी बल्लेबाजी औसत के लिए उनका मजाक उड़ाया। उन्हें शारीरिक बनावट को लेकर शर्मिंदा किया गया। बावुमा नाम से मिलती-जुलती गाली का सहारा लिया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका के नये विश्व टेस्ट चैंपियन कप्तान तेम्बा बावुमा के लिए यह सफलता उनके नाम में छुपा था। उन्हें 'तेम्बा' नाम उनकी दादी ने दिया, जिसका दक्षिण अफ्रीका के जुलु भाषा में अर्थ 'उम्मीद' होता है।

अपने नाम की तरह ही तेम्बा ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी और अपने सबसे चहेते लॉर्ड्स मैदान पर दक्षिण अफ्रीका की टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिला दिया। मैच के चौथे दिन शनिवार को काइल वेरेने ने जैसे ही विजयी रन बनाए, बावुमा ने अपने चेहरे को अपनी हथेलियों से ढक लिया, जबकि उसके आस-पास के अन्य लोग खुशी से झूम रहे थे। वह शायद अपनी नम आंखों को छिपाना चाहते थे, टीम के साथी केशव महाराज की तरह गला रुंधना नहीं चाहते थे, लेकिन 27 वर्षों में दक्षिण अफ्रीका को उसकी पहली आईसीसी ट्रॉफी दिलाने के बाद उनके चेहरे पर सबसे ज्यादा चमक थी। वह इस देश को क्रिकेट का वैश्विक खिताब दिलाने वाले पहले अश्वेत कप्तान है। महज 63 इंच कद के इस खिलाड़ी के सामने 10 आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम मैच के अहम तीसरे दिन बेबस दिखी। यह सिर्फ एक क्रिकेट टीम की जीत नहीं है, बल्कि उन सभी अश्वेत दक्षिण अफ्रीकी लोगों की जीत है, जिन्होंने वर्षों तक रंगभेद के दौर को झेला है।

गदा उठाने के बाद दहाड़े बावुमा

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने जीत के बाद उन आलोचकों को एक मजबूत और भावनात्मक संदेश भेजा जिन्होंने उनके शिखर मुकाबले के रास्ते पर सवाल उठाए थे। बावुमा ने कहा एक टीम के रूप में हमने खुद को फाइनल में पहुंचाया, हमने जो रास्ता अपनाया, उस पर संदेह करने वाले थे, माना जाता है कि हमने कमजोर टीमों को हराया। यह उनके लिए है। प्रोटियाज को उनकी काबिलियत पर सवालों का सामना करना पड़ा था।

बीसीसीआई ने रणजी प्रारूप में किया बदलाव

नयी दिल्ली, एजेंसी

● एक टीम को प्रमोट और एक को रेलीगेट किया जाएगा

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला किया कि 2025-26 रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो चरणों में एक संशोधित प्रारूप के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें मौजूदा दो टीमों के बजाय प्लेट समूह से एक टीम को रेलीगेट और एक को प्रमोट किया जायेगा।

बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में नौ टीमों को शामिल किया था। इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे हालांकि इस

प्रतियोगिता में क्रिकेट की गुणवत्ता प्रभावित हुई। मेघालय रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। बीसीसीआई के एक दस्तावेज में कहा गया, ''सभी बहु-दिवसीय पुरुष टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सत्र से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा और एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा।'' इस दस्तावेज की प्रति पीटीआई के पास भी है। लाल गेंद क्रिकेट में प्रारूप में बदलाव सभी आयु समूहों के बीसीसीआई टूर्नामेंटों पर लागू होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नॉकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो गयी है। और यह सत्र का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।

प्रणति नायक ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

नई दिल्ली : भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने दक्षिण कोरिया के जेचेन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली इस 30 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को 13.466 स्कोर करके पोडियम पर तीसरा स्थान पक्का किया। चीन की यिहान झांग ने 13.650 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की थी क्विन न्हू गुयेन ने 13.583 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

युवा भारतीय जिमनास्ट प्रोतिस्ता सामंता ने भी इस स्पर्धा में प्रभावित करते हुए 13.016 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। प्रणति ने इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक हासिल करते हुए अनुभवी जिमनास्ट दीपा करमाकर के दो पदकों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इससे पहले 2019 में उलानबटोर में वॉल्ट में और फिर 2022 में दोहा में कांस्य पदक जीता था।

महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

लंदन, एजेंसी

● तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए किया पूरा प्रयास

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए अच्छे प्रयास किए लेकिन आखिर में वह 2-3 से हार गई।

ऑस्ट्रेलिया ने कोर्टनी शोनेल (16वें मिनट), लेक्सी पिकरिंग (26वें मिनट) के मैदानी गोल और टैटम स्टीवर्ट (35वें मिनट) के पेनल्टी स्ट्रोक पर के गए गोल की मदद से 3-0 की बढ़त ले ली। भारतीय टीम ने हालांकि दीपिका और नेहा के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन वह हार नहीं टाल सकी। भारत ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहा। नौवें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने उसका अच्छी तरह से बचाव किया। इसके बाद 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर एलीशा पावर ने शानदार बचाव करके भारत के प्रयासों को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होने के एक मिनट बाद ही भारत की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शोनेल ने गोल कर दिया। इसके 10 मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया ने पिकरिंग के गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा और हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के पांच मिनट बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सुनीता टोप्पो ने खतरे को टाल दिया। आस्ट्रेलिया को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक मिला और स्टीवर्ट ने बिना कोई गलती किए अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर भारत के नाम रहा और अपने पहले पेनल्टी कॉर्नर से अंतर को कम किया, जिसे दीपिका ने बड़े ही शानदार तरीके से गोल में बदला।

जीत का संघर्ष

एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी की फेलिसिया विडेरमैन (बाएं) बेल्जियम की पेरिन डी क्लर्क के साथ गेंद के लिए लड़ती हुई। ● एजेंसी

आखिरी क्षणों में गोल गंवाना फिर भारी पड़ा भारत को

एफआईएच प्रो लीग

एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी

● ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारा, लगातार पांचवीं असफलता मिली टीम को

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को यहां अभिषेक के दो गोल की मदद से दो गोल की बढ़त के बावजूद टीम को आखिरी क्षणों में गोल गंवाने के कारण ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गया। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट में नीदरलैंड और अर्जेंटीना से दो-दो बार हार चुकी है। इस तरह से यूरोपीय चरण में यह उसकी लगातार पांचवीं हार है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और अभिषेक (आठवें और 35वें मिनट) के दो गोल की मदद से 35वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बना ली।

ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि मध्यांतर के बाद अधिक आक्रामक रवैया अपनाया तथा नाथन एफ्राम्स (42वें मिनट), जोएल रिंटाला (56वें मिनट) और टॉम क्रेग (60वें मिनट) के गोल से जीत सुनिश्चित की। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के अपने पहले चार मैचों में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी प्रेरित दिखी और उसने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम कप्तान और शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना उतरी, क्योंकि अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में लगी चोट के कारण उन्हें विश्राम दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू में ही अपने इरादे जतला दिए थे और आठवें मिनट में अभिषेक के गोल से बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने मनप्रीत सिंह से पास पर सर्कल के ऊपर से गोल किया। आस्ट्रेलिया को 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोलकीपर सूरज करकेरा ने अच्छा बचाव करते हुए विपक्षी टीम को गोल करने से रोक दिया। अभिषेक जल्द ही अपना दूसरा गोल करने के करीब थे लेकिन उनका बैकहैंड फ्लिक गोल से कुछ इंच दूर रह गया। इसके बाद 19वें मिनट में करकेरा ने जोएल रिंटाला के नजदीकी प्रयास को शानदार तरीके से नाकाम कर दिया। भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में एक और मौका मिला लेकिन जुगराज सिंह इसका फायदा नहीं उठा पाए। मध्यांतर के बाद भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी जब सुखजीत सिंह ने सर्कल के सामने अभिषेक को गेंद थमाई जिन्होंने रिवर्स हिट से विपक्षी गोलकीपर को छकाते हुए दिन का अपना दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन करकेरा ने उसे बेहतरीन तरीके से बचा लिया लेकिन एफ्राम्स ने रिबाउंड से गोल कर दिया। भारत ने 48वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन वे गोल नहीं कर पाए। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 10 मिनट में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।

भारत के सुमित (बाएं) ऑस्ट्रेलिया के डेविस एटकिन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। ● एजेंसी

टीम की जरूरत के अनुसार खेलना सीख लिया : प्रसिद्ध

बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी

● भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा इंग्लैंड में जारी रखना चाहते हैं आईपीएल वाली फार्म

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं।

चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है। प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें। लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों। इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें।

उन्होंने कहा जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है।

तिरंगे से रोशन आसमान

हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को आयोजित 215वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड के दौरान भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एयरोबेटिक्स टीम 'सूर्य किरण' ने आसमान में अद्भुत करतब दिखाए। उनके लाल-सफेद विमानों ने अनुशासन, साहस और गर्व का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन में भारतीय वायु सेना के भावी अधिकारी देश सेवा की शपथ लेते नजर आए। वहीं वायुसेना के सूर्य किरण ने आसमान में ऐसे तीन रंगों को बिखेरा मानो जैसे पूरा आसमान ही तिरंगा मय हो गया हो। **एजेंसी**

नार्को टेस्ट

सच सामने लाने की तकनीक

न्यायिक जांच और अपराध की गुत्थियों को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का सहारा लिया जाता है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है नार्को टेस्ट। यह एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है जिसमें व्यक्ति को अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाकर उससे जानकारी प्राप्त की जाती है। इस टेस्ट में उपयोग की जाने वाली दवा व्यक्ति की सोचने-समझने और झूठ बोलने की क्षमता को सीमित कर देती है, जिससे वह अनजाने में सही तथ्यों को उजागर कर देता है। हालांकि यह प्रक्रिया विवादास्पद भी रही है, क्योंकि इसमें व्यक्ति की निजता और मानवाधिकारों से जुड़े पहलू भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसके स्वैच्छिक उपयोग पर जोर दिया है।

क्या है नार्को टेस्ट

- नार्को एनालिसिस, जिसे नार्को टेस्ट कहा जाता है, एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति को सोडियम पेंटोथल जैसी दवा देकर अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाया जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति का मस्तिष्क पूर्णत: सचेत नहीं होता, जिससे वह अपनी इच्छा से झूठ बोलने या जानकारी छिपाने में सक्षम नहीं रहता। इस अवस्था को हाइपोथेटिक ट्रांस भी कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति के मन की बातों को आसानी से बाहर लाया जा सकता है।

कैसे होती है जांच

- इस टेस्ट को प्रशिक्षित चिकित्सकों की निगरानी में किया जाता है।
- सबसे पहले व्यक्ति की जांच होती है कि वह दवा के प्रभाव को सह सके।
- फिर उसे सोडियम पेंटोथल या थायोपेन्टोन सोडियम इंजेक्शन देते है।
- व्यक्ति अर्ध-चेतन अवस्था में जाता है, और जांच एजेंसियां सवाल करती हैं।
- इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग होती है, अदालत में प्रमाण के रूप में रखते है।

कैसे मिलती है मदद

- अपराध की जांच में नई जानकारी मिलती है।
- आरोपी की सच्चाई और झूठ की पहचान की जा सकती है।
- गुमशुदा लोगों के मामले, आतंकवाद, हत्या और बलात्कार जैसे जटिल मामलों में सहायक होता है।
- अन्य वैज्ञानिक परीक्षणों (पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग) के साथ मिलकर इसे उपयोग में लाया जाता है।

कानूनी पहलू और विवाद

- भारत में नार्को टेस्ट को कानूनी रूप से तभी अनुमति है जब संबंधित व्यक्ति की सहमति हो। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य (2010) मामले में यह स्पष्ट किया कि नार्को टेस्ट को जबरन कराना असंवैधानिक है। संविधान का अनुच्छेद 20 (3) व्यक्ति को आत्म-अभियोग से बचाने का अधिकार देता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि व्यक्ति को खुद के खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण

- नार्को टेस्ट जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण हो सकता है, लेकिन इसकी वैधानिकता, नैतिकता और मानवीय अधिकारों का ध्यान रखते हुए ही इसका उपयोग होना चाहिए। यह वैज्ञानिक उपकरण अपराध की सच्चाई तक पहुंचने में मदद करता है, लेकिन इसे सबूत के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती, जब तक कि यह अन्य साक्ष्यों से समर्थित न हो।

एक नजर

मोदी 15 से साइप्रस, कनाडा व क्रोएशिया की यात्रा पर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी 15 जून से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, वह कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और साइप्रस तथा क्रोएशिया भी जाएंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगी। मोदी सबसे पहले, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15-16 जून को साइप्रस जाएंगे। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे।

मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से पांच उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से जबरन वसूली के आरोप में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को थौबल, काकचिंग, इंफाल पश्चिम और तेंग्नौपाल जिलों से गिरफ्तारियां की गईं। यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले के लैंगमीडोंग मैनिंग लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। संदिग्ध की पहचान अकोईजाम रॉबिन्सन (51) के रूप में हुई है, जिस पर इंफाल के स्कूलों से जबरन वसूली करने का आरोप है। उसके पास से .32 पिस्तौल जब्त की गई है।

परिवार ने जहर खाया, तीन बच्चों की मौत, दंपति गंभीर

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक ही परिवार के 5 लोगों ने जहर खा लिया जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई है तथा दंपति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार रात परतापुर थाना क्षेत्र में चंद्रपुर ग्राम पंचायत के परलकोट विलेज-70 की है जहां गांव के निवासी देवेंद्र बैरागी (36) ने खाने में जहर मिलाकर अपने बच्चों दीप्ती बैरागी (12), जुतिका बैरागी (नौ) और देवराज बैरागी (छह) को खिला दिया। इसके बाद बैरागी और उसकी पत्नी ने भी जहर खा लिया। तीनों बच्चों की मौत हो गई है तथा पति-पत्नी को गंभीर हालत में पंखाजूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विस्फोट में सीआरपीएफ अधिकारी की मौत

भुवनेश्वर/चाईबासा। ओडिशा-झारखंड सीमा पर शनिवार को नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले एएसआई सत्यवान कुमार सिंह (34) उस टीम का हिस्सा थे जो 27 मई को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक पत्थर खदान के पास से माओवादियों द्वारा लूटे गए विस्फोटकों की तलाश में सारंडा जंगल में तलाश अभियान चला रही थी। ओडिशा पुलिस, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम का तलाश अभियान जारी था और इसी दौरान आईईडी विस्फोट हुआ।

कामरा पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाने वाले गीत को लेकर स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द शुरू होगी। वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कामरा ने एक्स पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही के बारे में समाचार को रीट्वीट किया और लिखा, वास्तविक विशेषाधिकार हनन लोगों को हर दिन परिवहन में मरने देना है। कामरा इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में हुए लोकल ट्रेन हादसे में चार लोगों की मौत की घटना की ओर इशारा कर रहे थे।

भारत कर सकता है मध्य एशिया का तनाव कम

इजराइली राजदूत बोले- भारत में इजराइल-ईरान के तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता

तेल अवीव पर हुए हमलों को रोकता इजराइली आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली।

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आशा व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारत में इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता है।

अजार ने कहा, भारत के पास दोनों पक्षों के साथ बातचीत के रास्ते हैं। यह वास्तव में भूमिका (मध्यस्थता में) निभा सकता है। हम भारत के साथ इस ईमानदार बातचीत से खुश हैं जो हमारा बहुत अच्छा मित्र है... हम आपकी चिंताओं को ध्यान से सुनते हैं। मुझे लगता है कि वे (चिंताएं) जायज हैं। इजराइल और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ हमले किए जाने से पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के बीच यह टिप्पणी आई है। नेतन्याहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन करके इजराइल की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

राजदूत ने इस कार्रवाई को ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के उद्देश्य से और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से उत्पन्न अस्तित्वगत खतरे का जवाब देने के लिए रक्षात्मक उपाय बताया। इस बात पर बल देते हुए कि इजराइल के पास निर्णायक कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं था, अजार ने कहा, ''दुनिया का कोई भी देश इस तरह के हालत पैदा करना नहीं चाहता है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी अधिकारियों का एक गुप्त समूह इजराइल को तबाह करने के इरादे से परमाणु हथियार तैयार करने का प्रयास कर रहा था और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई बार-बार यह बात कहते रहते हैं। आने वाले वर्षों में बैलिस्टिक मिसाइलों का विशाल शस्त्रागार बनाने की ईरान की योजनाओं की तरफ गौर कराते हुए अजार ने कहा, हमें एक आसन्न खतरे को दूर करना था और उनके परमाणु प्रतिष्ठानों एवं बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी थी।

ईरान के पास विशाल शस्त्रागार, जो इजराइल के लिए खतरा

राजदूत ने कहा, ईरान तीन वर्षों में 10,000 और छह वर्षों में 20,000 बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने की योजना बना रहे हैं। उनके पास विशाल शस्त्रागार है जो इजराइल के लिए खतरा है। वे दक्षिणी मोर्चे से हम पर हमला कर सकते हैं, इसलिए हमारे पास इस परमाणु खतरे पर कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और हम इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए दृढ़ हैं। अजार ने कहा कि इजराइल के जारी अभियानों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान यूरेनियम को संवर्धित न कर सके, जो एक ऐसा लक्ष्य है जिसे कूटनीतिक या सैन्य दोनों तरीके से हासिल करने के लिए इजराइल दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 60-दिवसीय वार्ता अवधि का संदर्भ देते हुए कहा कि ईरान द्वारा इसे न मानने पर 61वें दिन इजराइल ने कार्रवाई की। अजार ने आरोप लगाया, ईरान दूसरे देशों को धोखा दे रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु खतरे के बेअसर होने तक इजराइल अपना अभियान जारी रखेगा। लक्षित हमलों में ईरान के सैन्य नेताओं और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत पर अजार ने कहा कि हमलों का उद्देश्य इजराइल को तबाह करने की आपराधिक साजिश को विफल करना है। उन्होंने कहा, इस साजिश के लिए जिम्मेदार लोगों को मिटा दिया गया है। हमें उम्मीद है कि उनके उत्तराधिकारी सबक सीखेंगे और ऐसी हरकतें करना बंद कर देंगे।

इजराइली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा

दुबई। ईरान की ओर से ड्रोन और मिसाइल हमलों के मद्देनजर इजराइल का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने शनिवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर हमले किए थे। जवाब में ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमले किये जाने के बाद, तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया। लेबनान और जॉर्डन समेत क्षेत्र के विभिन्न देशों ने कहा कि वे शनिवार को अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोल रहे हैं।

पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को लक्षित करेगा ईरान

तेहरान। ईरानी सेना ने कहा कि वह इजराइल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजराइल की ओर से किए हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक एजेंसी ने शनिवार को अज्ञात स्रोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया। यह युद्ध इज़राइली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था।

ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल द्वारा ईरान पर बमबारी जारी रखने का संकल्प जताए जाने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से आग्रह किया कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के लिए शीघ्र समझौता करे। ट्रंप ने पश्चिम एशिया में इस नाजुक क्षण को ईरान के नेतृत्व के लिए एक संभावित दूसरे अवसर के रूप में प्रस्तुत किया ताकि और अधिक तबाही से बचा जा सके।

राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के विनाशकारी हमलों के बाद आगे की कठिन राह पर चर्चा करने के लिए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प जताया है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने तक हमले जारी रहेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि इन हमलों में उसकी कोई संलिप्तता नहीं है। ट्रंप ने रेखांकित किया कि इजराइल ने अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए विशाल हथियार भंडार का उपयोग ईरान के नातांज स्थित मुख्य परमाणु केन्द्र, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाने के लिए किया। ट्रंप ने सोशल मंच 'ट्रुथ' पर कहा कि उन्होंने ईरान को चेतावनी दी थी कि यह उससे भी कहीं अधिक बुरा होगा, जो वे सोचते हैं, अनुमान लगाते हैं, या उन्हें बताया गया है। अमेरिका सबसे घातक सैन्य उपकरण बनाता है, और इनमें से कुछ इजराइल के पास है और वे जानते हैं कि इसका उपयोग कैसे करना है।

हमलों के बाद अमेरिका से वार्ता निरर्थक : ईरान

दुबई। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता निरर्थक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई की टिप्पणियों से दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में होने वाली वार्ता पर संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। खबर में बाघेई के हवाले से कहा गया, अमेरिका ने ऐसा काम किया है कि बातचीत का कोई अर्थ नहीं बचा। इजराइल ने अपने हमलों के ज़रिए आपराधिक कृत्य करके सभी लक्ष्मण रेखाएं पार कर दी हैं। उन्होंने यह कहने से परहेज किया कि वार्ता रद्द कर दी गई है।

भारत का गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए इजराइली सेना ने मांगी माफी

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान के हिस्से के रूप में दर्शाने वाला गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संबंधित मानचित्र सीमाओं को सटीक रूप से चित्रित करने में विफल रहा। इजराइली सेना की ओर से मानचित्र पोस्ट किए जाने के बाद भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आपत्ति जताई थी।

यह नक्शा इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट किया था, जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज दिखाई गई थी। इस पोस्ट की भारत में सोशल



मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आलोचना की थी। इस संबंध में उपयोगकर्ता ने एक्स पर टिप्पणी की, अब आपको समझ में आ गया होगा कि भारत तटस्थ क्यों रहता है। कूटनीति में कोई भी वास्तव में आपका मित्र नहीं होता। आईडीएफ ने स्वीकार किया कि मानचित्र सीमाओं को चित्रित करने में विफल रहा है। आईडीएफ ने कहा, यह पोस्ट क्षेत्र का चित्रण है। इस छवि के कारण पहुंची किसी भी ठेस के लिए हम क्षमा चाहते हैं। इसने पोस्ट में ईरान के खिलाफ ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू करने को उचित ठहराया था और साथ ही गलत मानचित्र पेश किया था। आईडीएफ ने लिखा, ईरान वैश्विक खतरा है। इजराइल अंतिम लक्ष्य नहीं है, यह तो शुरुआत है। हमारे पास कार्रवाई के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। इजराइली वायुसेना ने भी छोटा वीडियो पोस्ट किया जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज को दर्शाते हुए ऐसा ही नक्शा दिखाया गया।

नीट अभ्यर्थियों से ठगी करने में दो को सीबीआई ने पकड़ा

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2025 के अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से ठगी के आरोप में महाराष्ट्र से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों ने दावा किया था कि वे अंकों में हेरफेर कर सकते हैं और इसके लिए वे प्रति उम्मीदवार 90 लाख रुपये वसूल रहे थे।

सीबीआई के अनुसार, संदीप शाह (सोलापुर) और सलीम पटेल (नवी मुंबई) ने दावा किया था कि उनके राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) से संपर्क हैं और वे अभ्यर्थियों के अंक बढ़वा सकते हैं। एजेंसी को तीसरे आरोपी की तलाश है और उसे पूरे प्रकरण का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर प्रति अभ्यर्थी 90 लाख तक की मांग की थी, बाद में मेधा सूची में स्थान सुनिश्चित कराने के लिए बातचीत के दौरान राशि घटाकर 87.5 लाख कर दी थी। सीबीआई ने बताया, आरोपियों के मोबाइल फोन में उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर, एडमिट कार्ड, ओएमआर शीट और लेनदेन के साक्ष्य हैं।

मणिपुर : 300 से अधिक राइफल और गोला-बारूद हुए बरामद

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात खुफिया सूचना पर समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने हथियार बरामद किए।

अधिकारी ने कहा कि जब्त वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, 5 कार्बाइन, 2 एमपी5 बंदूक, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की 6 राइफल, 2 अमोघ राइफल, 1 मोर्टार, 6 पिस्तौल, 1 एआर-15 और 2 फ्लेयर बंदूक हैं। अधिकारी घाटी के इंफाल पूर्व और पश्चिम, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल में

भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छिपाए जाने की जानकारी के बाद अभियान शुरू हुआ। यह अभियान सामान्य स्थिति बहाल करने, लोक व्यवस्था बनाए रखने और जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में लोगों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा करने के प्रयासों में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ नो किंग्स प्रदर्शन की तैयारी

फिलाडेल्फिया, एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में नो किंग्स नाम से शनिवार को होने वाले प्रदर्शन की बड़े पैमाने पर तैयारी चल रही है। अधिकारियों ने लोगों से शांति की अपील की है। इस प्रदर्शन की तैयारी ऐसे समय चल रही है जब नेशनल गार्ड के जवान एकत्र हुए हैं और ट्रंप सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाशिंगटन में एक सैन्य परेड में शामिल हुए हैं।

फिलाडेल्फिया में नो किंग्स मार्च और रैली की योजना बनाई गई है, लेकिन वाशिंगटन में कोई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना नहीं है, जहां ट्रंप के जन्मदिन पर सैन्य परेड होगी। अमेरिका के कई शहरों में पहले ही संघीय आव्रजन प्रवर्तन छापों और ट्रंप द्वारा नेशनल गार्ड सैनिकों और मरीन को लॉस एंजिलिस भेजने के आदेश के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और इनसे उन्हें (रैली के आयोजकों को) और बल मिल

रहा है। आव्रजन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने एक राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और कारों को आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, रबर की गोलियों और फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया है, जबकि लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्यों के गवर्नर ने ट्रंप द्वारा गार्ड तैनाती को सत्ता का खतरनाक दुरुपयोग करार दिया है। उनका कहना है कि फैसला दिखाता है कि ट्रंप प्रशासन स्थानीय कानून प्रवर्तन पर भरोसा नहीं करता है।

पराक्रम की गाथा डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने किया संबोधित

ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित

हैदराबाद, एजेंसी

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का शानदार उदाहरण है। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि इस अभियान ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया।

यहां डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। उन्होंने युवा अधिकारियों से आह्वान किया कि वे सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाएं। वायुसेना

प्रमुख ने कहा- पहलगाम हमले के बाद वायुसेना ने अद्वितीय पराक्रम का उदाहरण किया पेश

प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है जिसमें हमने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। आप वायुसेना का भविष्य हैं तथा आपको यह समझना होगा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहला कदम उठाने वाली रही है और रहेगी।

स्नातक प्रशिक्षुओं को प्रदान किया प्रेसिजेंट्स कमीशन

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित, नवोन्मेषी और जुनूनी होना होगा। सिंह ने इन अधिकारियों को स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक चुस्ती-फुर्ती तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में फ्लाइट कैडेट्स के सेवा में शामिल होने से पहले के प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने पर आयोजित किया गया। समारोह के दौरान वायुसेना प्रमुख ने स्नातक प्रशिक्षुओं को 'प्रेसिजेंट्स कमीशन' प्रदान किया। इस समारोह में भारतीय वायुसेना के फ्लाइट कैडेटों, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और वियतनाम के एक अधिकारी को प्रशिक्षण के सफल समापन पर 'विंग्स' प्रदान किए गए।

उन्होंने कहा, भारत के प्रत्येक नागरिक द्वारा भारतीय वायुसेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि युद्धक्षेत्र दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है तथा युवा अधिकारियों को भविष्य के संघर्षों में सफल होने के लिए लगातार प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना तेजी से एक एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है तथा कई युवा अधिकारी अंतरिक्ष में राष्ट्र की अगुवाई करेंगे।